

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी



आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 91 | रांची, बुधवार, 12 मार्च 2025 (फाल्गुन शुक्ल 13, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com


# गैंगस्टर अमन साहू पुलिस एनकाउंटर में हुआ ढेर रायपुर से रांची लाने के दौरान पलामू में मारा गया

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार (11 मार्च 2025) को एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अमन साहू ने एसटीएस जवान से इंसास राइफल छीनकर भागने की कोशिश की। इस दौरान उसने जवान पर गोली चलाई। हमले में जवान घायल हो गया। फायरिंग के बाद एसटीएफ ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कुख्यात गैंगस्टर को ढेर कर दिया। जख्मी हवलदार का नाम राकेश कुमार है। उन्हें मेदिनीनगर के एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

गैंगस्टर अमन साहू फिलहाल छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की जेल में था, जहां से उसे झारखंड की राजधानी रांची लाया जा रहा था। इस बीच पलामू के चैनपुर के पास उसने भागने की कोशिश की और पुलिस ने एनकाउंटर में उसे ढेर कर दिया। पलामू की एसपी रेशमा रमेशन ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि मौके से 2 बम भी बरामद किए गए हैं।

**दिन-दहाड़े डीजीएम को मारी गई थी गोली :** बता दें कि अमन साहू का नाम एनटीपीसी डीजीएम मर्डर केस में भी सामने आया था। हाल ही में 8 मार्च को झारखंड के हजारीबाग जिले में एनटीपीसी के डीजीएम रैंक के अधिकारी कुमार गौरव की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

शेष पेज 08 पर

### झारखंड के एनटीपीसी डीजीएम मर्डर केस में सामने आया था नाम



### डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह ने गैंगस्टर अमन साहू का किया एनकाउंटर



रांची। झारखंड के सबसे बड़े गैंगस्टर को आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) ने मार गिराया है। कुख्यात अपराधी अमन साहू झारखंड के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके सिंह की गोलियों का शिकार हुआ। पीके सिंह इस समय एटीएस में डीएसपी हैं। पीके सिंह धनबाद जिले के बैंक मोड़ थाना प्रभारी रहे हैं। वर्ष 2022 में बैंक मोड़ में मुथूट फाइनेंस में अपराधियों ने डाका डालने की कोशिश की थी, तब पीके सिंह ने ही उन डकैतों को एनकाउंटर में मार गिराया था।

**2006 में नावाडीह में हुई थी पीके सिंह की पहली पोस्टिंग :** पीके सिंह की पहली पोस्टिंग वर्ष 2006 में नावाडीह थाने में हुई थी। पोस्टिंग के दौरान ही उन्होंने कहा था कि वह जहां रहेंगे, अपराधी उनके नाम से थर-थर कांपेंगे। अपने कथन को उन्होंने सच साबित किया। कुछ ही दिनों में अपराधियों के लिए वह खौफ का पर्याय बन गये। कई अपराधियों का उन्होंने एनकाउंटर किया। इसके बाद उनको एनकाउंटर स्पेशलिस्ट कहा जाने लगा।

**अपराधियों के लिए काल हैं डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह:** अपराधियों के लिए काल बन चुके प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके सिंह का नाम विवादों से भी जुड़ा। धनबाद के ईस्ट बसुरिया मर्डर केस के पीड़ित लोग जब न्याय और मुआवजे की मांग पर प्रदर्शन कर रहे थे, तब पीके सिंह ने उन पर लाठी चार्ज कर दिया था। हालांकि, प्रदर्शन बिल्कुल शांतिपूर्ण था। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक से की गयी थी।

## सदन में सुनाई दी गैंगस्टर अमन साहू एनकाउंटर की गूंज



- भाजपा नेताओं में मतभेद! बाबूलाल ने की तारीफ, तो चंपाई ने उठाए सवाल



रांची। रायपुर से रांची लाते वक्त पलामू में गैंगस्टर अमन साहू की पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे जाने पर भाजपा नेताओं की अलग-अलग प्रतिक्रिया आई है। पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने एनकाउंटर मामले में पुलिस की तारीफ की है, तो वहीं पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने कई सवाल खड़े कर दिये हैं। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।

**बोले चंपाई सोरेन -सफेदपोश के खुलने वाले थे राज :** विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए भाजपा विधायक चंपाई सोरेन ने कहा कि गैंगस्टर को पुलिस की सुरक्षा में लाया जा रहा था। उसकी सुरक्षा की जिम्मेवारी पुलिस की थी। उन्होंने अंदेशा जताया है कि सफेदपोश का कोई राज खुलने वाला था, इसलिए भी ऐसा हो सकता है कि उसका एनकाउंटर किया गया हो। इसलिए इस एनकाउंटर की सीबीआई की जांच होनी चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि पुलिस उसको ला रही थी और इस बीच रास्ते में एनकाउंटर हो गया। उसे तो कड़ी सुरक्षा में लाया जा रहा था। डीजीपी भी कह चुके थे कि जेल से गैंग चलाया जा रहा है। इसलिए जांच जरूरी है। जब चंपाई से यह पूछा गया कि भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि अपराध करने वालों का यही हश्र होता है। इसपर चंपाई सोरेन ने कहा कि उन्होंने किस संदर्भ में ऐसा कहा है उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

**भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की अलग-अलग राय :** गौर करने वाली ये बात है कि आज सुबह गैंगस्टर अमन साहू की पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे जाने की खबर रांची पहुंचते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा था कि अपराधी जब पुलिस पर गोली चलाएंगे तो पुलिस यूं ही चुपचाप नहीं रहेगी। अपराधियों का यही हश्र होता है। उन्होंने 10 मार्च को डीजीपी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि तीन अपराधियों का गैंग जेल से संचालित हो रहा है। एक तो मारा गया। दो और हैं। प्रशासन को देखना चाहिए। एक तरह से बाबूलाल मरांडी ने पुलिस की खुले तौर पर तारीफ की।

**सदन में उठा अमन साहू एनकाउंटर का मामला :** एनकाउंटर का मामला सदन में भी उठा। शून्यकाल के दौरान सूचना के तहत जदयू विधायक सरयू राय ने मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि अपराधी अमन साहू को पूछताछ के लिए छत्तीसगढ़ की जेल से रांची लाया जा रहा था। बीच में एनकाउंटर हो गया। सदन चल रहा है। गंभीर घटना है। सरकार को चलते सत्र में सदन के सामने प्रतिवेदन रखना चाहिए।

### आज हाईलेवल मीटिंग करेंगे सीएम हेमंत, विधि-व्यवस्था को लेकर करेंगे समीक्षा



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 12 मार्च को प्रदेश में विधि-व्यवस्था की स्थिति को लेकर प्रोजेक्ट भवन में हाईलेवल बैठक करेंगे। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए इस बैठक में सभी जिलों के एसएसपी और एसपी शामिल होंगे। मंगलवार को कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को एनकाउंटर में मार गिराए जाने के बाद यह जानकारी सामने आई है। संभावना जताई जा रही है कि मुख्यमंत्री, 12 मार्च को होने वाली बैठक में सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को अपने यहां क्राइम कंट्रोल का निर्देश देंगे। कार्यशैली को लेकर भी अहम निर्देश दे सकते हैं।

बताते चलें कि झारखंड में पिछले कुछ दिनों में अपराध की बड़ी वारदातों को अंजाम दिया गया है। बीते शुक्रवार को रांची के बरियातू रोड में अज्ञात हमलावरों ने कोल ट्रांसपोर्टर बिपिन मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड का जिम्मा अमन साहू गैंग के खास गुर्गे मयंक सिंह और राहुल ने ली थी। अगले ही दिन हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### हजारीबाग में डीजीपी ने की बैठक, कहा
## जल्द सलाखों के पीछे होंगे एनटीपीसी के डीजीएम हत्याकांड के गुनहगार



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता मंगलवार को हजारीबाग पहुंचे। एनटीपीसी डीजीएम कुमार गौरव हत्याकांड मामले में पुलिस पदाधिकारी के साथ हजारीबाग में उच्च स्तरीय बैठक की।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने हजारीबाग में सुरक्षा के मद्देनजर मैराथन बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य एनटीपीसी डीएम कुमार गौरव हत्याकांड से जुड़ा रहा। डीजीपी खुद हजारीबाग पहुंचकर जांच प्रगति की रिपोर्ट देखना चाहते थे। साथ ही वह तमाम बिंदु जिस पर पुलिस जांच कर रही है उस पर पुलिस अधिकारियों के साथ अनुसंधान प्रगति रिपोर्ट की जानकारी भी प्राप्त करने के उद्देश्य से हजारीबाग पहुंचे।

**एनटीपीसी पदाधिकारी और कर्मियों को सुरक्षा :** इस बैठक के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि झारखंड में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। बहुत जल्द खुलासा होगा कि कुमार गौरव की हत्या के पीछे का कारण क्या है। पुलिस हर एक बिंदु पर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी के पदाधिकारी और कर्मियों को सुरक्षा भी मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार वचनबद्ध है।

डीजीपी ने झारखंड में हुए एनटीपीसी के पदाधिकारी कुमार गौरव की घटना पर दुख भी जाहिर किया। उन्होंने बताया कि वह जानना चाहते हैं कि घटना आखिर क्यों हुई और इसके पीछे का मकसद क्या है। लेकिन अभी तक कुछ खास ठोस सबूत नहीं मिले हैं। हजारीबाग एसपी इस पर खुद जांच कर रहे हैं। पुलिस मुख्यालय मॉनिटरिंग भी कर रहा है। एसआईटी का गठन भी कर लिया गया है। बहुत जल्दी इसका खुलासा भी हो जाएगा।

डीजीपी ने कहा कि कोल माइनिंग में काम करने वालों पर हमला पहले भी हुआ है। लेकिन सरकारी कर्मी पर हमला कर उन्हें जान से मार देने की यह पहली वारदात है। ऐसे में आने वाले समय में एनटीपीसी के पदाधिकारी और कर्मियों को कैसे सुरक्षा महिया कराया जाए इस पर विशेष रूप से काम किया जा रहा है।

ये बैठक बेहद खास रही, एनटीपीसी के पदाधिकारियों को किस तरह से सुरक्षा मुहैया करायी जाए इस बिंदु पर भी डीजीपी ने चर्चा की। एनटीपीसी के पदाधिकारी कुमार गौरव के दिनदहाड़े हत्या के बाद पूरे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल या निशान खड़ा हो गया था।

शेष पेज 08 पर

### संक्षिप्त खबरें

#### 10 हजार घूस लेते एएसआई रंगेहाथ गिरफ्तार, एसीबी की कार्रवाई



**बोकारो।** एसीबी की टीम ने बोकारो जिले के गांधीनगर थाना के एएसआई (सहायक अवर निरीक्षक) अजय प्रसाद को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। एएसआई मारपीट के मामले में आईओ है और वह एक व्यक्ति को केस में फंसाने की धमकी दे रहा था। केस में नाम नहीं डालने के एवज में उसने एक व्यक्ति से रिश्वत की मांग की थी। एसीबी डीएसपी जितेंद्र कुमार ने कार्रवाई की पुष्टि की है। विस्तृत पेज 05

#### होली पर 14 और 15 मार्च को अवकाश

**रांची।** होली पर सरकार ने दो दिनों की छुट्टी की घोषणा की है। इसका आदेश कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संयुक्त सचिव आसिफ हसन ने 11 मार्च को जारी की। आदेश में कहा गया है कि विभाग की अधिसूचना (संख्या-6776, दिनांक-14.10.2024) द्वारा वर्ष 2025 में होली के अवसर पर 14 मार्च, 2025 को अवकाश घोषित है। इसके अतिरिक्त 15 मार्च, 2025 को एनआईएक्ट के तहत अवकाश घोषित किया जाता है।

#### झारखंड में डॉक्टरों की कमी होगी दूर, मंत्री इरफान आज सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची।** झारखंड में डॉक्टरों (चिकित्सकों) की कमी जल्द ही दूर होगी। हेमंत सोरेन के मंत्री इरफान अंसारी डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। अस्पतालों में खाली पदों को भरने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से 163 विशेष चिकित्सा पदाधिकारी और तकनीकी पदों पर स्वास्थ्य कर्मियों की बहाली होने जा रही है।

शेष पेज 08 पर

## धनबाद जेल में छापेमारीः गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई के वार्ड से मिले 3 मोबाइल



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**धनबाद।** अभी हाल में ही झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने हजारीबाग के एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या पर गहरी चिंता जताते हुए कहा था कि जेल से माफिया अपराध को अंजाम दे रहे हैं। यह बात धनबाद जेल में छापेमारी के बाद कुछ हद तक सत्य प्रतीत होता दिख रहा है। धनबाद जेल के बंदी मोबाइल फोन का धड़ल्ले से प्रयोग कर रहे है। इसका पर्दाफाश सोमवार की देर रात हुआ, जब जेल में जिला प्रशासन की टीम ने छापेमारी की।

**गैंग्स ऑफ वासेपुर के भाईयों के वार्ड से मोबाइल जब्त :** धनबाद जेल में सोमवार देर रात को जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने डीसी माधवी मिश्रा और एसएसपी एचपी जनार्दनन के नेतृत्व में जेल में छापेमारी की। इस दौरान गैंग्स ऑफ वासेपुर के प्रिंस खान के भाइयों के वार्ड से तीन मोबाइल फोन और दो चार्जर बरामद किए गए। उस वार्ड में प्रिंस खान का भाई - गोडविन और बंटी खान समेत प्रिंस खान के कई गुर्गे बंद हैं।

शेष पेज 08 पर

## रांची के कोकर में बड़ा हादसा : स्कॉर्पियो ने खड़े ट्रक को मारी टक्कर, तीन की मौत

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर में राम लखन सिंह कॉलेज के पास मंगलवार की सुबह तीन बजे भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी है। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे हैं। मृतकों की पहचान सुजीत सिंकू, पृथ्वी सहदेव और अग्नि बेसरा के रूप में हुई है। सभी जमशेदपुर के रहने वाले थे। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जमशेदपुर से स्कॉर्पियो आ रही थी। तभी राम लखन सिंह कॉलेज के पास उसने खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत व बचाव का काम शुरू किया और घायलों को किसी तरह से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

### भाजपा नेता पर टूटा दुखों का पहाड़

कोकर में सड़क हादसे में भाजपा नेता बास्को बेसरा के पुत्र अग्नि बेसरा की भी मौत हो गई है। सूचना मिलते ही आदित्यपुर से रांची के लिए रवाना हुए। बताया गया है कि अग्नि बेसरा रांची में रहकर पढ़ाई कर रहा था। एक शादी समारोह से लौटने के क्रम में यह हादसा हुआ। कार में सवार तीन में से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की रिम्स में। बास्को बेसरा के छोटे पुत्र अनमोल बेसरा की भी पहले ही सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। 4 अगस्त 2023 को चांडिल के कांदरबेड़ा के पास सड़क हादसे में अनमोल बेसरा और उसकी साथी अनन्या वर्मा की मौत हो गई थी।

## झारखंड बजट सत्र : राजस्व विभाग के 7.58 अरब की अनुदान मांग स्वीकृत

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान मंगलवार को भोजनावकाश के बाद राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग का 07 अरब, 58 करोड़, 97 लाख, 31 हजार रुपये की अनुदान मांग को स्वीकृति दी गई। इस दौरान विपक्ष सदन से अनुपस्थित रहा। इसलिए विपक्ष की ओर से लाये गये कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। विपक्ष की ओर से अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव को विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रखा था।

**जीएम लैंड को किया जाएगा लैंड बैंक से बाहर :** मंत्री ने कहा कि राज्य में पेसा कानून के तहत जमीन को संरक्षित करने का प्रयास राज्य सरकार कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण कानून के तहत प्रावधान था कि यदि कोई उद्योगपति अधिग्रहित जमीन का उपयोग नहीं करता है तो पांच वर्षों के भीतर उसे रैयत को लौटाने का प्रावधान था, जबकि भाजपा शासन के दौरान इस जमीन को भी लैंड बैंक में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य के गोचर जमीन और गैरमजरूआ जमीन को लैंड बैंक में डाला गया है।

शेष पेज 08 पर

### भूमि के व्यावसायिक उपयोग पर सरकार लगाएगी टैक्स

विभागीय मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि राज्य सरकार भूमि का व्यावसायिक इस्तेमाल करने पर टैक्स लगाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि राज्यों में दाखिल-खारिज कराने को लेकर समस्याएं हो रही हैं। इसे लेकर विभाग की ओर से अधिकारियों को कहा गया है कि दाखिल-खारिज का यदि कोई मामला का रिजेक्ट किया जाता है तो उस पर 50 शब्दों की टिप्पणी जरूर दें।

## पीएम मोदी को मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान

- मॉरीशस पहुंचने पर प्रधानमंत्री का हुआ भव्य स्वागत
- सम्मान पाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने मोदी

एजेंसियां



**नई दिल्ली।** मॉरीशस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष सद्भावना का प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम और उनकी पत्नी वीणा रामगुलाम को 'ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया' (ओसीआई) प्रदान किये। प्रधानमंत्री मोदी ने ओसीआई कार्ड देने की घोषणा एक सामुदायिक कार्यक्रम में की जिसमें मॉरीशस मंत्रिमंडल के सदस्यों, सरकारी अधिकारियों और नेशनल असेंबली के सदस्यों सहित 3,500 से अधिक लोग शामिल हुए।

मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने मंगलवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रांड कमांडर ऑफ ऑर्डर ऑफ स्टार एंड की ऑफ इंडियन ओशन' प्रदान किया जायेगा। मोदी यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय हैं। यह पुरस्कार भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को मान्यता देता है। यह किसी अन्य राष्ट्र द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को प्रदान किया गया 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है। रामगुलाम ने कहा कि मोदी यह विशिष्ट सम्मान पाने वाले पांचवें विदेशी नागरिक हैं।

**पीएम को अब तक 21 देशों ने किया है सम्मानित :** बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब तक 21 देशों ने सम्मानित किया है। इनमें उन्हें अलग-अलग सम्मान से नवाजा गया हैं।

**ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर (कुवैत, 2024) :** दिसंबर 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर से नवाजा गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने आभार व्यक्त करते हुए पुरस्कार को भारत के लोगों और दोनों देशों के बीच मजबूत दोस्ती को समर्पित किया था।

**'बारबाडोस की स्वतंत्रता का मानद आदेश' (2024) :** 2024 में पीएम मोदी को बारबाडोस के मानद ऑर्डर ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया गया। उन्होंने वैश्विक संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों को मान्यता देने के लिए राष्ट्र को धन्यवाद दिया।

**'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' (गुयाना, 2024) :** महामारी के दौरान उनके योगदान और कैरेबियाई देशों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने में उनके नेतृत्व के लिए, प्रधानमंत्री मोदी को 2024 में राष्ट्रपति इरफान अली से गुयाना का ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस सम्मान प्राप्त हुआ।

शेष पेज 08 पर

## बलूचिस्तान में ट्रेन हाईजैक : 214 यात्री बंधक, 30 से अधिक सैनिक मारे गए

- एयर स्ट्राइक की तैयारी में पाकिस्तान
- बीएलए ने बलूच कैदियों की रिहाई के लिए पाक सरकार को दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम



**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच रिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को एक पैसेंजर ट्रेन पर हमला कर उसको अपने कब्जे में ले लिया। इस हमले में 30 से अधिक सैनिक मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। ट्रेन क्वेटा से पेशावर जा रही थी। जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर बीएलए ने 214 यात्रियों को बंधक बना लिया है। बीएलए ने पाकिस्तान सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि पाक सेना ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। क्वेटा से पेशावर जा रही इस 9 कोच वाली ट्रेन में लगभग 500 यात्री सवार थे। हमलावरों ने ट्रेन को एक सुरंग में विस्फोट और गोलीबारी के माध्यम से रोका, जिससे ट्रेन चालक घायल हो गया। बीएलए ने दावा किया है कि उन्होंने 30 से अधिक सैन्य कर्मियों को मार दिया है और यदि सैन्य हस्तक्षेप जारी रहा तो बंधकों को मारने की धमकी दी है। फिलहाल यह ट्रेन हाईजैक के बाद करीब सात घंटे से सुरंग के पास खड़ी है।

बीएलए की ओर से जारी एक बयान में पाक की शहबाज सरकार को अल्टीमेटम दिया गया है कि यदि उनके खिलाफ एयरस्ट्राइक जारी रही, तो अगले एक घंटे में सभी बंधकों की हत्या कर दी जाएगी।

शेष पेज 08 पर

# डीसी ने की शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा, दिए जरूरी निर्देश

**कहा**

विद्यालयों में पोषणयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की उपलब्धता मेनू अनुसार सुनिश्चित की जाए



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मंगलवार को आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग के संचालित योजनाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन की उपलब्धता, ससमय छात्रवृत्ति एवं पोशाक वितरण, छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, छुटे हुए बच्चों का आधार कार्ड निर्माण, रसोईया को मानदेय भुगतान, विद्यालय अपग्रेडेशन के लिए प्रस्ताव, पठन-पाठन आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों में पोषणयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की उपलब्धता मेनू अनुसार सुनिश्चित की जाए तथा योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही, सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने और उनकी सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए समुचित रणनीति अपनाने पर जोर दिया गया। छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया गया। विद्यालयी पोशाक वितरण को सभी पात्र छात्रों तक जल्द से जल्द पहुंचाने के निर्देश दिया गया। छूटे हुए छात्रों के बैंक खाते खोलने एवं इससे संबंधित प्रक्रियाओं को सरल बनाने के उपायों पर चर्चा की गइ। विद्यालयों में ससमय पहुंचकर शिक्षकों को बॉयोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कर पठन पाठन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। ड्रॉप आउट बच्चों की विशेष सूची तैयार कर शिक्षकों को उन्हें विद्यालय आने के लिए घर-घर जाकर प्रेरित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ मेनू अनुसार मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने और उन्हें दिए जाने वाले अन्य लाभ को लेकर दृढ़संकल्पित है। सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मी एवं शिक्षक प्राथमिकता के आधार पर यह सुनिश्चित करें। यदि किसी पदाधिकारी, कर्मी या शिक्षक द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरती जाएगी, तो उन्हें स्पष्टीकरण करते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, बीइओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बैंक जा रही महिला को पुलिस वाला बताकर लूट लिए गहने



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर में दिनदहाड़े उचक्कों ने एक नए तरीके से एक महिला को लूटा। मंगलवार को बैंक जा रही महिला को उचक्के ने पहले रोका, फिर खुद को पुलिस वाला बताकर उनके गहने लूट लिए। महिला को जब तक इसका भान होता, तब तक वह अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर फरार हो गया। दिनदहाड़े हुए इस हैरतअंगेज लूट की घटना ने लोगों को सकते में डाल दिया है। नई सराय हॉस्पिटल कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय दलबीर कौर पति स्व बलविंदर सिंह टेंपो में बैठकर शहर के झंडा चौक स्थित राज रसोई के निकट को-ऑपरेटिव बैंक पहुंची। इसी बीच टेंपों में एक नकाब पोश युवक साथ में चढ़ा हुआ था। को-ऑपरेटिव बैंक के सामने टेंपो रुकने से पहले एक बाइक वहां खड़ी हो गई। महिला टेंपो से उतरी और बैंक की ओर जाने लगी। तभी बाइक सवार युवक ने वृद्ध महिला को बुलाया और कहा कि "मैं पुलिस वाला हूं। आपको पता नहीं है कि इतना आभूषण पहनकर बैंक के अंदर जाना माना है।" दोनो युवकों ने उसे अपने जाल में फंसा लिया और सबसे पहले हाथ का कंगन, दो अंगूठी और सोने का चेन लेकर आराम से फरार हो गए। महिला जब तक समझ पाती तब तक उचक्के वहां से फरार हो चुके थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की सूचना पाकर रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर जॉनी कुमार घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित महिला से मामले की जानकारी ली। जगह-जगह लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और अपराधियों की पहचान करने का प्रयास पुलिस कर रही है।

## संक्षिप्त

### अवैध शराब ठिकानों पर हुई छापेमारी

**रामगढ़।** रामगढ़ में होली पर्व के मद्देनजर डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी ने अवैध शराब ठिकानों पर छापेमारी कराई। उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षक बल के सहयोग से रामगढ थाना अंतर्गत कैथा, हुहुवा, बाजार समिति, गोलपार सहित अन्य जगहों में सघन और व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान 1.80 लीटर अवैध विदेशी शराब एवं 100 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया। छापेमारी अभियान में बाजार समिति निवासी सुमित कुमार पासवान को घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया। जबकि हुहुवा निवासी राजन साव, गोलपार निवासी छोटू माली एवं मनोज यादव के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है।

### स्मार्ट क्लास का बच्चों को नहीं मिल रहा लाभ

**सिल्ली।** सरकार के पैसों से बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए कई स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस की गई है। लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते इसका समुचित लाभ स्कूल के बच्चों को नहीं मिला रहा है। ऐसा मामला सिल्ली के बनता हजाम हाईस्कूल में देखा जा सकता है। इस स्कूल में बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई है। सिल्ली में बिजली की हालात अच्छी नहीं है, इस कारण बिजली कट जाने के बाद बच्चे इस सुविधा से वंचित रह जाते है। इस समस्या से निजात के लिए तत्कालीन विधायक सुदेश कुमार महतो ने इस विद्यालय में सोलर विद्युत लगाए जाने की व्यवस्था की थी एक साल पहले ही इस विद्यालय में उन्होंने अपने प्रयास से किसी एजेंसी को सोलर पैनल लगाने का आदेश दिया। एजेंसी ने भी फौरन स्कूल में सोलर पैनल रखवा दिए। लेकिन उसे आज तक स्कूल में नहीं लगाया गया। ये सारे सोलर पैनल स्कूल के एक कमरे की शोभा बढ़ा रहे है।

### तोरपा थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**तोरपा।** तोरपा थाना में मंगलवार को होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें होली शांतिपूर्वक मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में एएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि शांति व सौहार्द से त्योहार मनायें। उन्होंने कहा कि त्योहार को एन्जॉय करें, पर दूसरों को परेशानी नहीं हो, इसका ख्याल रखें। अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। किसी गड़बड़ी की सूचना मिलती है तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। बीडीओ नवीन चंद्र झा ने कहा कि होली खुशियां बांटने का त्योहार है। बेवजह किसी दूसरे को जबरदस्ती रंग न लगायें।

# पोस्टमार्टम कर दफना दिया गया ट्रेन की चपेट में आये मृत हाथी को



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** वन विभाग व रेलवे पदाधिकारी के उपस्थिति में मंगलवार मृत हाथी का पोस्टमार्टम कर दफनाया गया। ज्ञात हो कि सोमवार को शाम रांची मुरी रेल खंड के किता स्टेशन के कुलसुद महुआ डीह के समीप झारसुकडा टाटा पैसेंजर के चपेट में आने से जंगली हाथी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। वहीं पशु विभाग के लापरवाही के कारण घटना के लगभग 18 घंटे बाद मृत हाथी का पोस्टमार्टम कर दफनाया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद पशु विभाग के अधिकारियों को सूचना दे दी गई थी। इसके बावजूद पोस्टमार्टम कर दफनाने के लिए बहुत समय लग गया। सिल्ली प्रखंड पशु चिकित्सक संजय कुमार ने बताया कि हाथी का पोस्टमार्टम करने में अकेले संभव नहीं था। इसलिए रांची से भी टीम को बुलाया गया था। इधर मंगलवार सवेरे जैसे ही ग्रामीणों को हाथी की मौत की सूचना मिली काफी संख्या में ग्रामीण फूल अगरबती सिंदूर लेकर पहुंचे एवं पूजा अर्चना की। इस मौके पर वन विभाग के एसीएफ गोरख नाथ यादव, रेंजर राजेश कुमार, जयप्रकाश साहु, रेल थाना प्रभारी रंजीत कुमार, सिल्ली आई डब्लू, रेल अस्पताल मुरी के प्रभारी चिकित्सक जे कच्छप, पशु विभाग के डॉ शिवानंद काशी एवं डॉ अमित कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल

## गुस्साये ग्रामीणों ने शव के साथ रांची-गुमला मुख्य मार्ग को किया घंटों जाम

- सीओ के अश्वासन के बाद ग्रामीणों ने मार्ग से हटाया जाम



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी।** प्रखण्ड के गड़गांव वस्ती के निकट रांची गुमला मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में बंधना उरांव (44) की मौत हो गई है जबकि उसकी पत्नी एतवारी उराईन (38) गंभीर रूप से घायल हो गयी।

घटना सोमवार रात करीब नौ बजे की है।घायल एतवारी को ग्रामीणों के मदद से इलाज के लिए बेड़ो अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई। मृतक बंधना उरांव भंडरा गांव का निवासी है। दुर्घटना के बाद गुस्साये लोगों ने शव के साथ रांची गुमला मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम होने से दोनो छोर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। घटना के संबंध में बताया गया है कि बंधना उरांव अपनी पत्नी ऐतवारी उराईन के साथ बाईक में सवार होकर अपने ससुराल झिंझरी (मांडर )गांव से भंडरा गांव वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। जिससे बघना उरांव की घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। जबकि उसकी पत्नी ऐतवारी उराईन गंभीर रूप से घायल हो गई। बंधना उरांव की मौत की सूचना मिलते ही ग्रामीण एक जुट होकर करीब नौ बजे से शव के साथ रांची गुमला मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीण मुआवजा की मांग कर रहे थे। सूचना पा कर पुलिस घटना स्थल पहुंची और ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम हटाने की प्रयास की किन्तु ग्रामीणों ने पुलिस की एक नही सुनी और अपनी मांग पर अड़े रहे।

सीओ मो अनीश के द्वारा तत्काल 20 हजार नगद मुआवजा मृतक बंधन उरांव के परिजनों को दिया और सरकारी प्रक्रिया पूरा होने के बाद मृतक को दो लाख और घायल एतवारी 50 हजार मुआवजा देने, बच्चों की पढ़ाई में सहयोग, आवास, पेशन और दुर्घटना मुआवजा के अश्वासन के बाद ग्रामीणों ने रात के करीब साढ़े ग्यारह बजे मुख्य मार्ग से जाम हटाया। करीब ढाई घंटा मार्ग जाम रहा। जिससे लम्बी दुरी के राहगिरों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। खाश महिलाएं और बच्चे करीब दो घंटा सड़क जाम फंस कर परेशान रहे।

### बंधना की मौत से भंडरा में पसरा मातम

मृतक बंधना उरांव चार बच्चों का पिता है। पिता की ऐसी दर्दनाक मौत और मां के घायल हो जाने से बच्चों और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। पोस्टमार्टम के बाद बंधना का शव भंडरा गांव पहुंचते ही मातम पसर गया है। बंधना उरांव खेती बारी रोजगार से जुड़ा था। खेती कर अपने और परिवार का किसी प्रकार से भरण पोषण करता था।

# सिल्ली थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

- होली, ईद और सरहुल सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली थाना परिसर में मंगलवार को सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी के तत्वावधान में होली, ईद और सरहुल के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता

अनगड़ा अंचल इंपेटर हंसे उरांव ने किया। बैठक में त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर चर्चा किया गया। पुलिस निरीक्षक ने लोगों से अपील की कि होली का पर्व हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाएं। जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी व प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है इसे नशे से दूर रहकर और आपसी सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने कहा कि होली के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क रहेगी। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार बाइक चलाने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी, साथ ही हुड़दंगियों एवं सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वालों पर शख्स कारवाई होगी। बैठक में गोपाल केडिया, अखिल महतो, नागेश्वर महतो, कार्तिक महतो आदि ने भी अपने अपने विचार रखे। वहीं उपस्थित लोगों ने भी त्योहारों में शांति बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक में दिवंगत शांति समिति के सदस्य व व्यवसायी संघ के अध्यक्ष विनोद चौधरी को एक मिनट को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं सभी ने एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई देते हुए बैठक का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद फारुख ने किया। इस मौके पर राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, पूर्व जीव सदस्य सुशील महतो, मुखिया सीमा कुमारी गोंझु, शर्मिला कुमारी, जेई मनिष कुमार, समित लाहा, मुरी ओपी के मणिभूषण पासवन, सिल्ली थाना के विकास पासवान, मंजूर आलम, छुटु करमाली, समेत शांति समिति के सदस्य।

### होली में नॉन वेजिटेरियन रहें अलर्ट

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर में मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री तो हो ही रही है, अब मांसाहारी लोगों के लिए मुर्गा और मुर्गी भी डुप्लीकेट मिलने लगा है। यह जानकार लोगों को भारी आश्चर्य भी हो रहा है। होली के मौके पर नॉन वेजिटेरियन लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है। देसी मुर्गी के नाम पर दुकानदार उन्हें सलोनी ब्रांड की मुर्गी थमा रहे हैं। इस व्यापार से लाखों रुपए का मुनाफा हो रहा है। सलोनी ब्रांड की मुर्गी नागरिकों की जेब पर भारी पड़ती जा रही है। देसी मुर्गी की कीमत जहां बाजार में लगभग 600 रुपए प्रति किलो है। वहीं सलोनी मुर्गी की कीमत बाजार में 200 से ढाई सौ रुपए प्रति किलो है।

### इटकी पत्रकार संघ ने दिवंगत पत्रकार मुक्ति नाथ गिरि को दी श्रदांजलि

**इटकी।** इटकी पत्रकार संघ ने दिवंगत पत्रकार मुक्ति नाथ गिरि को श्रदांजलि अर्पित किया है। संघ ने उनकी आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रदांजलि दी। खलारी क्षेत्र से दिगवंत मुक्ति नाथ गिरी प्रखर पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे। कार्यक्रम में पत्रकार एमएम राही, प्रदीप कुमार ,राजेश सिंह, अभिलास सिन्हा, जमील अंसारी , नौसाद अख्तर, अविनाश कुमार, मो. रसीद , साहब हामजा , गोविन्द यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### इटकी में आम बागवानी पर कार्यशाला का आयोजन



**इटकी।** इटकी प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को विरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बगवानी सखी और लाभुकों को आम बागवानी के पूर्व समय पर पंक्ति वद्ध गढ्ढा खोदने और उसमें खाद के अलावे कीटनाशक दवा डालने की तरीका बताया गया। इसके बाद अच्छे किस्म के आम पौधे का चयन के साथ पौधा रोपन और उसका रख रखाव पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। इसके अलावे योजना के क्रियान्वयन कर लाभ उठाने की प्रक्रियाओं से लाभुकों को अवगत कराया गया। बीडीओ प्रवीण कुमार ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-2026 में विरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्रखण्ड में 35 एकड़ भूमि पर आम बागवानी का लक्ष्य है। प्रति एकड़ भूमि पर लगभग 112 आम पौधा की बागवानी की जा सकती है। जिसका प्राकलन राशि 3.45 लाख होगा। सरकार को आम बागवानी में करीब कुल खर्च 1,20,75000 करोड़ खर्च आयेगी। पांच वर्षों तक आम बागवानी की रख रखाव और पौधा के देखभाल में उक्त राशि लाभुकों किस्तवार आवंटित की जायेगी। कार्यशाला में वीडीओ प्रवीण कुमार, मनरेगा एई प्रतिभा टूडू, जेई शैम्पू प्रसाद गुप्ता, मजाज अहमद, वीपीओ संजय कुमार, प्रखण्ड के सभी रोजगार सेवक, बागवानी सखी और दर्जणों लाभुकों के अलावे अधिकारी मौजूद थे।

# सिल्ली कॉलेज सिल्ली में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में इतिहास विभाग द्वारा आई कियू एसी के तत्वाधान में झारखंड आंदोलन के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार महतो, मुख्य अतिथि डॉ. राजकुमार विशिष्ट अतिथि प्रो.आनंद कुमार एवं सभी शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने आए हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ,शॉल एवं डायरी देकर स्वागत किया। इस अवसर प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार महतो ने कहा कि कार्यशाला छात्रों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने झारखंड आंदोलन की इतिहास के बारे में संक्षिप्त में बातों को रखा। साथ ही छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड हमे यूं ही नहीं मिला है इसमें हमारे अनेकों वीर सपूतों ने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने 1920 ई. के इतिहास से बातों को रखा,सविनय अवज्ञा आंदोलन डंडी यात्रा,कोल विद्रोह, चेरो आंदोलन, संथाल विद्रोह, सरायकेला गोलीकांड, तना भगत आंदोलन, बिरसा मुंडा आंदोलन का जिक्र किया इसके अलावे झारखंड का जिन्होंने सपना देखा था और आंदोलन में जो कूद पड़े थे जयपाल सिंह मुंडा,एके राय,विनोद बिहारी महतो, शिबू सोरेन,सूरज मंडल,ऐनी होरा, एवं सुनील महतो का भी जिक्र किया। इतिहास के प्राध्यापक प्रो.विश्वनाथ मुंडा ने भी अपने विचार रखे।साथ ही साथ छात्रों ने भी अपने अपने विचार रखे। कार्य क्रम में सफल प्रतिभागियों को सुहानी ,सुजाता, दीपिका, रजनी,देवानंद, सुबोध, प्रतिमा आदि को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का संचालन छात्रा दीपिका साहू व धन्यवाद ज्ञापन प्रो.नकुल चंद्र महतो ने किया। इस मौके पर प्रो .सावित्री बाला,प्रो. हरेंद्र नाथ महतो, डॉ.सुकल्याण महतो ,डॉ संजय प्रामाणिक, तिलक महतो, दुर्गेश सिंह हेमलता, सुचित्रा, सुमंत,श्यामल दे,सुनील भावानंद चौधरी अर्चना,एवं पूरे कॉलेज परिवार उपस्थित थे।


# 70 किलो नकली पनीर जब्त



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** होली के मौके पर रामगढ़ के बाजार में नकली पनीर की सप्लाई हो रही है। पनीर की एक बड़ी खेप खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने मंगलवार को जब्त की। रामगढ़ शहर के टेकर स्टैंड के मार्केट में हिंदुस्तान डेयरी दुकान में नकली पनीर की सप्लाई हो रही थी। इस दुकान से 70 किलो नकली पनीर जब्त किया गया है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि हिंदुस्तान डेयरी के मालिक के जरिये होटल और आम ग्राहकों को नकली पनीर बेचे जा रही है। इस आधार पर जब दुकान में छापेमारी की गई तो 70 किलो नकली पनीर मिला। इसके अलावा खोवा और मटर भी इस दुकान से बेचा जा रहा था। उनका सैंपल लेकर भी जांच किया जा रहा है। थोक और खुदरा विक्रेता के नाम से संचालित इस दुकान के मालिक देव कुमार जायसवाल हैं। उन्हें भारी जुमार्ना ठोका जा रहा है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि होली के मौके पर ऐसी कई दुकानें हैं, जहां मिलावटी वस्तुओं की बिक्री हो रही है।

### खाद्य सुरक्षा के मानकों का सख्ती से पालन करें दुकानदार



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर होली पर्व को देखते हुए जिला खाद्य पदाधिकारी एवं कार्यपालक दंडाधिकारी ने मंगलवार को मुरहू प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न दुकानों एवं विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में संतोष होटल, मां अन्नपूर्णा होटल सहित अन्य दुकानों से लड्डू, पेड़ा, रसगुल्ला आदि के नमूने लिए गए। दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा के मानकों का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। उन्हें स्पष्ट रूप से बताया गया कि दुकान परिसर की स्वच्छता एवं कर्मियों की व्यक्तिगत सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, यह भी निर्देशित किया गया कि बिना एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर, मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी तिथि, एवं बैच संख्या के किसी भी पैकेटबंद खाद्य सामग्री का क्रय-विक्रय न किया जाए। एफएसएस एक्ट-2006 के तहत अनियमितताओं की स्थिति में दस लाख रुपये तक के जुमार्नें का प्रावधान है। इसी क्रम में जनजातीय आवासीय बालिका विद्यालय कुंदी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के किचन में साफ-सफाई की कमी पाई गई। साथ ही, खाना पकाने में उपयोग किए जा रहे शेरा ब्रांड वेजिटेबल ऑयल की पैकिंग पर मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट एवं फूड लाइसेंस नंबर अंकित नहीं था।

# खूंटी में खुलेगी डायलिसिस यूनिट, हुआ एकरारनामा



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** खूंटी जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

उपायुक्त लोकेश मिश्रा के अनुमोदन पर स्वास्थ्य विभाग, खूंटी के सहयोग से द हंस फाउंडेशन द्वारा जिले के सदर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट तथा रनिया एवं अड़की प्रखंड में कुपोषण उपचार केंद्रों की स्थापना के लिए मंगलवार को एकरारनामा किया गया। ये केंद्र निःशुल्क रूप से संचालित किए जाएंगे, जिससे जिला वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग खूंटी एवं द हंस फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के बीच दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने बताया कि डायलिसिस केंद्र क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) से ग्रसित मरीजों के लिए वरदान साबित होगा, जहां मरीजों को आजीवन निःशुल्क डायलिसिस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। कुपोषण उपचार केंद्र में कुपोषित बच्चों को भर्ती कर अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से उनका उपचार किया जाएगा। कुपोषण उपचार केंद्र में कुपोषित बच्चों की पहचान एवं भर्ती की समुचित व्यवस्था की गई है। भर्ती किए गए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार, आधुनिक जांच एवं निःशुल्क दवा प्रदान की जाएगी। केंद्र से डिस्चार्ज के बाद भी स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सतत निगरानी की जाएगी। बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध रहेंगे। उपायुक्त ने लोगों से अपील की है कि वे इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं और जरूरतमंद मरीजों एवं कुपोषित बच्चों को इन केंद्रों तक पहुंचाने में सहयोग करें।

संक्षिप्त

### आईएचएस के पूर्व कर्मी पर गोली चलाने वाला गिरफ्तार

**रांची।** रांची के कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज (आईएचएस) के पूर्व कर्मी पर गोली चलाने वाले को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पंकज सिंह के रूप में हुई है और वह कंपनी में सुरक्षा गार्ड का काम करता है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने मंगलवार को बताया कि आईएचएस के पूर्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार को सोमवार की रात गोली मारी गई। इससे वह घायल हो गया। सका इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है और वह खतरे से बाहर है।
डीएसपी ने बताया कि सुरक्षा गार्ड पंकज सिंह और अन्य कर्मी शराब पी रहे थे।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने की गो सेवा

**रांची ।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने हरमू रोड गोशाला में ग्यारस के उपलक्ष्य में गो सेवा करायी गयी। रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में हर एकादशी निरंतर गो सेवा की जा रही है, जिसमें 10 मार्च को ग्यारस के शुभ अवसर पर यह सेवा की गयी। यह सेवा आशा संथालिया की तरफ से करायी गयी। गो माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। आज की सेवा में गोमाता को हरी सब्जी, मूली, गाजर, पत्तागोभी, धनिया एवं अन्य सामाग्री खिलायी गयी। गो सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल ने गो सेवा की सारी तैयारियां सुचारु रूप से की। कार्यक्रम में शुभा अग्रवाल, आशा संथाली, डॉली बंसल, सोनल अग्रवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद थीं।

### शराब के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची स्टेशन से शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में दीपु कुमार और कुंदन कुमार शामिल है। दोनों बिहार के पटना के रहने वाले हैं। एएसआई रवि शेखर ने मंगलवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर शराब तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आरपीएफ ने 23 शराब की बोतल जब्त की। बरामद शराब की कीमत 19 हजार 600 रुपये है। दोनों ने पूछताछ में बताया कि यह शराब रांची से खरीदकर बिहार ले जाकर अधिक दाम पर बेचने के लिए ले जा रहे थे। इसके बाद, सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए आरपीएफ टीम ने जब्त शराब और गिरफ्तार आरोपितों को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

# झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह, उड़े अबीर-गुलाल

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र के आज की कार्यवाही खत्मह होने के बाद झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन 11 मार्च को किया गया। इस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सहित अन्य मंत्री और सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के विधायक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश की। अबीर-गुलाल लगाकर पवित्र त्योहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।


विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, मंत्री, सत्ता एवं विपक्ष के विधायक हुए सम्मिलित

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समस्त झारखंडवासियों को पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने होली मिलन समारोह के उपरांत मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार निकट है। रंगों के इस त्योहार को हम सभी लोग उत्सव के रूप में मनाना शुरू कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपनी और राज्य सरकार की ओर से आपसभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मैं आशा एवं उम्मीद करता हूं कि इस होली त्योहार के रंग-बिरंगे रंगों की तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि और खुशहाली आए। कामना है कि आप सभी लोग स्वस्थ रहें। एक सुंदर वातावरण में आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ यह त्योहार मनाए।

### 09 दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ 17 से

**रांची।** रांची गोशाला न्यास के हुटुप गौशाला धाम परिसर(ओरमांझी) में 17 मार्च से 25 मार्च तक भव्य श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के प्रभारी वासुदेव भल्ला एवं मुकेश काबरा ने बताया कि 9 दिवसीय श्री राम कथा की कथा व्यास सुश्री संगीता किशोरी 17 मार्च से 25 मार्च तक दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक श्री राम कथा का वाचन करेगी। जो अपने आकर्षक और प्रेरणादायक शैली के लिए विख्यात है। कथावाचक सुश्री संगीता किशोरी जी का राम कथा में विशेष योगदान है उनका कथा वाचन शैली सहज और दिन को छूने वाली होती है जिससे श्रोताओं को कथा के प्रत्येक प्रसंग में रमने का अवसर मिलता है।

# रांची : बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के औचक निरीक्षण में न्यायायुक्त को मिली गड़बड़ी

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण रांची न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने 11 मार्च को किया। इस अवसर पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, निबंधक (रांची व्यवहार न्यायालय) प्रशांत वर्मा, बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेलर व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।
न्यायायुक्त ने केंद्रीय कारा के किचन का निरीक्षण किया। कैदियों को दिए जाने वाले खाने को देखा। उसमें अनियमितता को देखकर जेल प्रशासन को सख्त निर्देश दिया कि जेल मैनुअल के अनुसार ही सभी कैदियों को खाना दिया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय कारा में उपस्थित डॉक्टर और नर्स से बातचीत की। उन्हें निर्देश दिया कि इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतें। पर्याप्त मात्रा में दवा रखें।
न्यायायुक्त ने जेल में स्थित सभी वार्डों सहित महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया। महावारी के समय महिला बंदियों को पर्याप्तर मात्रा मे सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का



निर्देश जेल प्रशासन को दिया। वहां के बंदियों की समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जेल के बंदियों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के दिशा-निर्देश दिये।
संबंधित पदाधिकारियों से उन्होंने कहा कि कैदियों को भी सरकार की ओर मिलने वाली सुविधाएं पाने का हक है। उनपर गहण मंथन करने की जरूरत है। हर हाल में उनको उनकी सुविधाओं से जोड़ा जाएं। बीमार होने पर उनका इलाज कराई जाय। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रत्येक माह में जेल अदालत के दिन ही अलग से मेडिकल कैंप की व्यवस्था जेल के अंदर की गयी है। बुजुर्ग कैदियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के लिए जेल प्रशासन को निर्देशित किया।
श्री पांडे ने कहा कि वैसे बंदी जिनकी जमानत हो चुकी है और बेल बांड की शर्तों को पूरा नहीं कर पा रहे है, वे शर्तों में परिवर्तन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची को आवेदन दे सकते हैं। इस संबंध में उनको निःशुल्क लिगल-एड-डिफेंश काउंसिल मुहैया कराया जायेगा, जो उनके लिए संबंधित कोर्ट में आगे की कार्रवाई करेंगे। सजायफ्ता कैदी अपील के लिए डालसा में आवेदन कर सकते है। वहां उन्हें मुफ्त में कानूनी सहायता एवं सरकारी खर्चे पर वकील उपलब्ध कराया जायेगा।

## फिल्मी गीतों से गुलजार हुआ बिरसा मुंडा फन पार्क



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को बिरसा मुंडा फन पार्क, मां शारदा संगीत संस्थान एवं रिलेशंस की ओर जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में 'मेरी आवाज' कार्यक्रम के तहत मां शारदा संगीत संस्थान के विद्यार्थियों ने अपने गीतों के माध्यम से अदभुत प्रस्तुति दी। इस मौके पर उभरते गायक अंचल भारद्वाज ने अभी अभी तो मिले हो,क्या मुझे प्यार है, तू ही ये मुझको बता दे, मिलने है मुझसे आई गीतों को गाकर युवाओं को झूमने पर मजबुर कर दिया वहीं गायिका निशा कुमारी ने तुम्हीं मेरे मंदिर, मेरे घाघरे में, गायक अंश ने पानी द रंग व गायिका श्रेया ने लबों को लबों पे गीत गाकर दर्शकों को खूब झुमाया।
इस अवसर पर गायकों को उनके म्यूजिशियन सौरभ कुमार गिटारिस्ट, अंकित गिटारिस्ट, आदित्य क्लैपबॉक्स भरपूर सहयोग दिया। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि डी ए वी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा जी ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया।
इस अवसर पर जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी व मां शारदा संगीत संस्थान के सचिव अजय कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुंदन सोनी, अभिषेक कुमार, मुन्ना दास का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। यह जानकारी हरीश कुमार ने दी।

## नेत्रहीन बालिकाओं ने वृद्धाश्रम में होलिका मिलन समारोह का किया भव्य आयोजन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय, बड़गाईं, बरियातू,राँची की प्रतिभाशाली दिव्यांग बालिकाओं ने होली के शुभ अवसर पर बरियातू स्थित वृद्धाश्रम में एक अद्भुत होलिका मिलन समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन ने वृद्धाश्रम के निवासियों को अपार हर्ष और भावनात्मक संबल प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरूआत बालिकाओं द्वारा भजन और होली गीतों की मधुर प्रस्तुतियों से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। इसके बाद, बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें ऊजार्वान नृत्य और सुमधुर गायन शामिल था। उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों को भाव-विभोर कर दिया और वृद्धजनों को आनंद से भर दिया।
वृद्धाश्रम के निवासियों ने बालिकाओं को गुलाल लगाकर आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वृद्धाश्रम की अध्यक्षा सुशीला गुप्ता ने कहा, यह आयोजन हमारे लिए अविस्मरणीय रहेगा। इन बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से साबित कर दिया कि दिव्यांगता किसी की सफलता में बाधा नहीं बन सकती। उनकी प्रस्तुति ने हमारे दिलों को छू लिया।
समारोह के दौरान वृद्धाश्रम के निवासियों ने बालिकाओं के सम्मान में विशेष भोजन की व्यवस्था करवाई,जिसका सभी ने आनंद लिया। ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय की संचालिका नीलू वर्मा ने भी इस आयोजन को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया और कहा कि ऱ्ऐसे कार्यक्रम समाज में प्रेम, समरसता और सहयोग की भावना को सशक्त करते हैं।


## अखंड ज्योत सवामणि से प्रारम्भ महाभंडारे का हुआ समापन



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज प्रातः 5:00 बजे पट खुले तब एकादशी संकीर्तन में शामिल सैकड़ो भक्तों और नियमित श्याम प्रेमियों ने बाबा के मंगला दर्शन कर मंगला आरती की। मंगला आरती के बाद बाबा के पट श्रृंगार के लिए कुछ देर के लिए लगाए गए । पुनः श्रृंगार करके पट को श्रृंगार आरती के समय खोलकर आरती की गई।
बाबा की बड़ी द्वादशी के शुभ अवसर पर जेपी सिंघानिया ने अपने परिवार के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित की 9:15 बजे के पहले ज्योत लेने के लिए दरबार में सैकड़ो की संख्या में भक्त लाइन में लगे हुए थे। निरंतर अखंड ज्योति का कार्यक्रम रात्रि तक चलता रहा। हजारों की संख्या में भक्तों ने अखंड ज्योति में आहुति देकर अपनी मनोकामना अर्जी लगाई। अखंड ज्योति के साथ ही सैकड़ो भक्तों ने महाभोग पूर्ण सवामणि भोग फल सवामणि भोग मेवा सवामणि भोग बाबा श्याम को भोग अर्पित किया। मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने 12.30 बजे श्याम बाबा को रसोई का भोग लगाया। 4:30 बजे से आमजनों के लिए महाभंडारे का आयोजन किया गया जो देर रात्रि तक निरंतर चलता रहा । लगभग 15000 से ज्यादा लोगों ने इस भंडारे में प्रसाद प्राप्त किया। संध्या 6:15 बजे बाबा की द्वादशी संकीर्तन प्रारंभ हुआ जो की देर रात तक चलती रहा ।
आज के संकीर्तन में मंडल के सदस्य एवं स्थानीय कलाकारों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। श्याम मित्र मंडल के श्रवण ढानढनिया श्यामसुंदर शर्मा सलज अग्रवाल गौरव अग्रवाल मोनू पवन शर्मा मदन सोनी राजन जोशी रवि जोशी विभोर डागा तनय काठपाल एवं अन्य ने बाबा के दरबार में भजनों के हाजिरी लगा भक्तों को भावविभोर किया। महाभंडारे के प्रसाद में छप्पन भोग चूरमा खीर प्रसाद पूरी चना की सब्जी का वितरण किया गया।

## रंगों की बौछार व उमंग की फुहार में सराबोर हुआ होली मिलन समारोह



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** होली का त्योहार केवल रंगों का ही नहीं, बल्कि मिलन, प्रेम और उल्लास का प्रतीक भी है। इसी भावना को जीवंत करते हुए, भाजपा प्रदेश मंत्री (महिला मोर्चा) नीलम चौधरी एवं लक्ष्य विकास हमारा प्रयास एनजीओ की अध्यक्ष कुमारी अनुपमा के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन गाला बैंक्विट हॉल, सेक्टर-2 धूर्वा में किया गया। इस रंगारंग आयोजन में सैकड़ों महिलाओं, बच्चों और युवतियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।
सभी रंग-बिरंगे परिधानों और काले चश्मों में सजकर आए थे, जिससे पूरा माहौल एक सतरंगी उत्सव की तरह प्रतीत हो रहा था। गुलाल और अबीर के रंगों में सराबोर चेहरों को पहचानना भी मुश्किल हो गया था। हर ओर रंगों की बौछार और हंसी-ठिठोली का दौर चल रहा गीत ,संगीत, नृत्य और हंसी-मजाक के साथ मस्ती का माहौल रहा। कार्यक्रम के दौरान रंग बरसे भीगे चुनरिया वाली और योगी जी जैसे लोकप्रिय गानों पर महिलाओं और युवतियों ने धमाल मचाया। हर कोई नृत्य करने और इस उत्सव का आनंद लेने में मग्न था। नृत्य प्रतियोगिता, होली विशेष गायन और खेल-कूद जैसी कई मनोरंजक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# आईआईएम रांची में 'विधान 2025 - द पॉलिसी ट्राइथलॉन' का आयोजन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) के संयुक्त तत्वावधान में 'विधान 2025 : द पॉलिसी ट्राइथलॉन' का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का संचालन आईआईएम के पॉलिट्रिक्स क्लब और एनयूएसआरएल की कौटिल्य सोसाइटी के बच्चों ने मिलकर किया।
आईआईएम के कंसल्टिंग क्लब 'पैराडॉक्स', विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी व एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के सहयोग से कार्यक्रम का संचालन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य सार्वजनिक नीति, प्रशासन और कानून सुधार पर चर्चा करना था, ताकि आने वाले दिनों में अकादमिक अनुसंधान और नीति निर्माण को बल मिल सके।
विधान-2025 के समापन समारोह में झारखंड उच्चि न्यानयालय के अपर महाधिवक्ता अशुतोष आनंद बतौर अतिथि शामिल हुए। उन्होंने विधि और प्रशासन के कार्यक्षेत्र में कानून व्यवस्था पर अपनी बातें रखी। नीति निर्माण में विषय की गंभीरता को महत्वपूर्ण कड़ी बताया। कहा कि कानून और नीति के बीच समन्वय होना जरूरी है। यह राष्ट्र के लोकतत्र को एक रूप और सशक्त बनाती है।
एनयूएसआरएल के वीसी प्रो डॉ अशोक आर पाटिल ने कानून की पढ़ाई में अकादमिक अनुसंधान की विशेषताओं पर चर्चा की। आईआईएम के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने नीति निर्माण में


एनयूएसआरएल के संयुक्त तत्वावधान में हुई कई प्रतियोगिताएं

अकादमिक पक्ष पर अपने विचार रखें। कहा कि ज्ञान, विश्लेषणात्मक क्षमता और बौद्धिक विकास के बीना कानून के मूल्यों को समझना आसान नहीं है।
विधान 2025 : द पॉलिसी ट्राइथलॉन प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से पोजीशन पेपर सबमिशन राउंड हुआ। इसमें 160 से अधिक पंजीकरणों में से शीर्ष 16 टीमों का चयन किया गया। इसके बाद पॉलिसी मास्टरमाइंड क्विज हुआ, जिसमें कानून, प्रशासन, सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों और समसामयिक मामलों पर सवाल पूछे गये। तीसरे चरण में लाइव पॉलिसी हैकथॉन का संचालन हुआ।
प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच निर्णायक के रूप में शुभम कटारुका (एसोसिएट, हैमुराबी और सोलमन पार्टनर्स), एडवोकेट ऋषि भारती (झारखंड उच्च न्यायालय), डॉ जिसु केटन पट्टनायक (रजिस्ट्रार, एनयूएसआरएल रांची), डॉ. उत्कर्ष वर्मा (सहायक प्रोफेसर, एनयूएसआरएल और कौटिल्य सोसाइटी के संकाय समन्वयक), शंतनु बृज चौबे (सहायक प्रोफेसर, एनयूएसआरएल) और डॉ. कृष्ण कुमार डडसेना (सहायक प्रोफेसर, आईआईएम रांची) मौजूद थे।
पॉलिसी मास्टरमाइंड क्विज का संचालन आईआईएम के प्रो अमरेंदु नंदी ने किया। प्रतियोगिता में शासन, नीति निर्माण और चुनावी पारदर्शिता के जुड़े प्रश्न पूछे गये। कार्यक्रम के समापन सत्र में पॉलीट्रिक्स के संकाय मेंटॉर प्रो अंग्शुमन हजारिका ने विजेताओं की घोषणा की।

**ये बने विधान 2025 के विजेता**

**टिस्स हैदराबाद** - पॉलिसी हैकथॉन चैम्पियन। विजेता टीम को 10 हजार रुपये का पुरस्कार मिला।
**आईआईएम रांची** - पॉलिसी हैकथॉन रनर-अप चुनी गयी। उपविजेता टीम को 5000 रु का पुरस्कार मिला।
**आईआईएम बोधगया** - पॉलिसी मास्टरमाइंड क्विज में विजेता चुनी गयी। टीम को 6000 रुपये मिले।
**आईआईएम रांची** - पॉलिसी मास्टरमाइंड क्विज के रनर-अप चुने गये। टीम को 4000 रुपये का पुरस्कार मिला।

## संक्षिप्त

### अनुमंडल अस्पताल में एनीमिया मुक्त भारत अभियान की तैयारी पर मंथन

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में एनीमिया मुक्त भारत अभियान की तैयारी पर मंगलवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अंशुमन शर्मा ने की। बैठक में चिकित्सक, सीएचओ, एएनएम एवं बीआरसी कर्मी शामिल हुए।

डॉ शर्मा ने बताया कि एनिमिया मुक्त भारत अभियान के लिए टी फॉर एप्प में सभी को डाटा संधारित करने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही इस अभियान के तहत कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आयरन की गोलियां आयु वर्ग के हिसाब से बांटी जाएंगी। बैठक में अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक, सभी सीएचओ, सभी एएनएम, बीआरसी से अनिल कुमार प्रजापति, महामारी निरीक्षक निरंजन कुमार, एनिमिया मुक्त भारत के संजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। भारत में एनिमिया मुक्त भारत अभियान की शुरुआत 17 जुलाई से की गई है। इस अभियान का उद्देश्य देश को एनिमिया मुक्त बनाना है।

### होली के रंग, भजनों के संग, मद्धेशिया समाज ने झूमकर मनाई उमंग

**हजारीबाग।** मद्धेशिया वैश्य हलवाई पंचायत/नगर द्वारा भव्य और रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी लोग ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों, महिलाओं, पुरुषों, युवा वर्ग और बच्चों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। समारोह की शुरूआत समाज के गुरु की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित के साथ किया गया, जिसके बाद दीप प्रज्वलन की गई, जिसके बाद भजन का आयोजन हुआ। होली के विशेष भजनों पर उपस्थित जनसमूह झूमता नजर आया। हर किसी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं, जिससे माहौल प्रेम, सौहार्द और भाईचारे से सराबोर हो गया। समारोह में समाज की महिलाओं ने विशेष रूप से पारंपरिक गीत-संगीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने होली से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, जिसके माध्यम से होली के महत्व को दशार्या गया। स्वादिष्ट व्यंजनों के बीच उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर हंसी-खुशी के माहौल में होली का आनंद लिया। कार्यक्रम में समाज के विकास और एकजुटता को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया, जिसमें वक्ताओं ने समाज को संगठित रहकर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। यह भव्य आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने का एक सफल प्रयास रहा।

### झरपो में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**हजारीबाग।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन मंगलवार को झरपो में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 89 मरीज का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, दांत एंव आरबीएस सहित सामान्य स्वास्थ्य संबंधित जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य हर जरूरतमंद को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाना है। शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है।

# रिकॉर्ड रूम किया जाएगा समृद्ध खतियान का भी होगा मिलान

## अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराएं संबंधित पदाधिकारी




प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि पलामू जिले का रिकॉर्ड रूम समद्ध किया जाएगा। सक्रियता से इसकी पहल शुरू करें। अंचल कार्यालय एवं रिकॉर्ड रूम में रखे गये खतियान का मिलान होगा। जीर्ण-शीर्ण खतियान होने की स्थिति में रैयतों से अपील कर उनके पास सुरक्षित खतियान की कॉपी लेने का कार्य होगा, ताकि राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। उपायुक्त 11 मार्च को समाहरणालय सभागार में जिले के अंचल अधिकारियों, राजस्व उप निरीक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ राजस्व संबंधी बैठक कर रहे थे।

उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को रिकॉर्ड संधारित करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि खतियान की एक कॉपी अंचल कार्यालय में रखना सुनिश्चित करें। वहीं अपर समाहर्ता एवं रिकॉर्ड रूम में भी खतियान की कॉपी का मिलान करते हुए रखवाना सुनिश्चितत करें, ताकि आम रैयतगणों को सुविधा हो। उन्होंने अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में भूमि की वंदोवस्ती का डेटा बेस तैयार करने, पंजियों/रजिस्टर का ज्ञान रखने, पंजियों का संधारण करने का निदेश दिया। साथ ही अपर समाहर्ता को इससे संबंधित पीपीटी तैयार कर सभी को प्रशिक्षित करने का निदेश दिया।

उपायुक्त ने सभी को जनता के प्रति जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश दिया, ताकि सड़क जाम की समस्या से लोगों को निजात मिले।

उपायुक्त, ने आगामी पर्व-त्योहारों को लेकर विधि व्यवस्था संधारण में तत्परता बरतने का भी आदेश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित विभिन्न अंचलों के अंचल अधिकारी, राजस्व उप निरीक्षक, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## श्री बंशीधर महोत्सव 19 से, उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा




प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने श्री बंशीधर नगर का दौरा मंगलवार को किया। बताते चलें कि श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन श्री बंशीधर नगर स्थित गोसाई बाग मैदान में 19 एवं 20 मार्च को किया जाएगा। महोत्सव के आयोजन के लिए कार्यक्रम के मुख्य स्थल गोसाई बाग मैदान एवं राधा कृष्ण (बाबा बंशीधर) मंदिर परिसर समेत अन्य संबंधित स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। अधिकारियों ने श्री बंशीधर महोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर श्री बंशीधर नगर समेत गढ़वा शहर एवं जिले के अन्य जगह पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, साज-सज्जा कराने, लाइटिंग, डेकोरेशन, महोत्सव के वृहद प्रचार-प्रसार करने, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराने, हेलीपैड निर्माण, अथितियों के लिए रहने की व्यवस्था समेत गोसाईं बाग मैदान में महोत्सव की तैयारी करने आदि के लिए जरूरी निर्देश दिए।

महोत्सव के सफल संचालन के लिए अनुमंडल कार्यालय श्री बंशीधर नगर एवं समाहरणालय स्थित उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं चयनित कार्यकारी एजेंसी के इवेंट मैनेजर आदि के साथ बैठक की। उक्त बैठक में महोत्सव को लेकर आवश्यक तैयारी पर विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम के संचालन, स्टेज निर्माण, साज-सज्जा, अतिथि सत्कार, कलाकारों के चयन, सीटिंग अरेंजमेंट, अल्पाहार, सुरक्षा व्यवस्था, लाइटिंग, डेकोरेशन, हेलीपैड निर्माण, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल निर्माण, यातायात रूट निर्धारण, पार्किंग आदि से संबंधित विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उक्त स्थल निरीक्षण एवं बैठक के दौरान उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, जिला नजारत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा संजय प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार,सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त हुए शिक्षक एवं सहायक अध्यापकों को दी गई विदाई



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** जिले के सुदुरवर्ती प्रखंड पिपरा के बीआरसी प्रांगण में वर्ष, 2020 के बाद सेवानिवृत्त हुए शिक्षक एवं सहायक अध्यापकों को विदाई दी गई। सम्मान समारोह के साथ-साथ होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन 11 मार्च को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी एवं संचालन शिक्षक व प्रख्यात कवि नीरज कुमार पाठक ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पिपरा के नवपदस्थापित निकासी एवं व्य यन पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार एवं अतिविशिष्ट अतिथि अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दुबे, पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के संगठन सचिव राजीव रंजन पांडे, सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सदर प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि छतरपुर के प्रखंड अध्यक्ष उमेश पासवान, सहायक अध्यापक टेट उत्तीर्ण के हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार, उप कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र यादव, अजय कुमार मेहता, डेमा के प्रधानाध्यापक नरेंद्र कुमार पांडे, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय तेंदुआ के सहायक शिक्षक नरेंद्र कुमार, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कोठिला के प्रधानाध्यापक अद्रेश यादव थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में इस प्रखंड से सेवानिवृत होकर, स्थानांतरित होकर या दूसरे बेहतर सेवा में जाने वाले हमारे शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

सम्माानित होने वाले में शिक्षक से डिप्टी कलेक्टर बनकर अन्यत्र पदस्थापित होने वाले विजय राम, पिपरा प्रखंड के पूर्व निकासी एवं व्यीयन पदाधिकारी विनोद पांडे, मृत्युंजय प्रसाद सिंह, श्याम बिहारी राम, विनोद प्रसाद सिंह, करीमन दास, रामविलास राम, गणेश राम, बालदेव प्रजापति, सत्येंद्र प्रसाद, पिपरा प्रखंड से स्थानांतरित होकर छतरपुर जाने वाले प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओमप्रकाश शामिल हैं। पिपरा प्रखंड के नव पदस्थापित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया।

## जिला परिषद बैठक में पेयजल, बिजली व स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा जिला परिषद की सामान्य बैठक में पेयजल, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

**बिजली आपूर्ति और विद्युतीकरण**

बिजली आपूर्ति और विद्युतीकरण से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि मुख्यमंत्री उज्ज्वल योजना के तहत 1127 गांवों में विद्युतीकरण का कार्य जारी है।

**स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार**

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए भी कई सुझाव दिए गए। सदस्यों ने मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी दी। स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपस्थिति और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

**जल संरक्षण और कृषि उपकरण**

जल संरक्षण के लिए अबुआ आवास योजना के तहत वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने और चापाकलों के पास सोकपिट बनाने का सुझाव दिया गया। भूमि संरक्षण विभाग को कृषि उपकरणों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

**अन्य महत्वपूर्ण निर्णय**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया में सुधार।

आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या और व्यवस्थाओं की जांच।

वन उत्पाद और जंगल सुरक्षा पर विशेष ध्यान।

जिला परिषद की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर विचार।

आईटीडीए की योजनाओं का निरीक्षण और सहायिका चयन में अनियमितता की जांच।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

बैठक में उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद संदीप कुमार मीणा, उपाध्यक्ष रंजीत यादव, परियोजना निदेशक आईटीडीए जयदीप तिग्गा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी-जिला परिषद सविता टोपनो सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला अभियंता, कार्यपालक अभियंता, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख व अन्य उपस्थित थे।

### पेयजल समस्या पर विशेष ध्यान

बैठक में पेयजल की समस्या पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। सदस्यों ने खराब चापाकलों की मरम्मत और जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का सुझाव दिया। पेयजल प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि प्रत्येक प्रखंड में चापाकल मरम्मत दल कार्यरत हैं। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए राज्य स्तर पर टोल फ्री नंबर 18003456502 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### जन वितरण प्रणाली और ई-केवाईसी

जन वितरण प्रणाली और ई-केवाईसी की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। आपूर्ति विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दी गई है। इसका लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, सदस्यों ने लगाए गंभीर आरोप

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चक्रधरपुर।** पश्चिम सिंहभूम के बंदगांव प्रखंड में पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख पीटर घनश्याम तियू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। सदस्यों ने अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपे गए पत्र में प्रखंड प्रमुख पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

सदस्यों का आरोप है कि प्रखंड प्रमुख योजनाओं के चयन और संचालन में मनमानी करते हैं। उनका समिति सदस्यों के साथ तालमेल नहीं है। वे कार्यकारिणी और समीक्षा बैठकें बुलाने में आनाकानी करते हैं। सदस्यों को बैठकों की सूचना भी नहीं दी जाती है। योजना चयन और संचालन में सभी सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जाती है। सदस्यों के सवाल पूछने पर उन्हें चुप रहने को कहा जाता है। योजना आवंटन रोकने की धमकी दी जाती है। सदस्यों का यह भी कहना है कि उनमें नेतृत्व क्षमता और सामुदायिक प्रयास की भावना की कमी है।

सदस्यों ने अनुमंडल पदाधिकारी से प्रखंड प्रमुख के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो सरकार द्वारा संचालित योजनाएं और जनहित बैठकें बाधित हो सकती हैं। सदस्यों ने पंचायत समिति और प्रखंडों में समन्वय स्थापित करने के लिए शांतिपूर्ण वातावरण बनाने की भी मांग की है।

## फूड सेफ्टी ऑफिसर ने कई खाद्य प्रतिष्ठानों में चलाया जांच अभियान



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं एसीएमओ डॉ. शशि जायसवाल के निदेर्शानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने मेसर्स त्रिपाल होटल, मेसर्स द्वारिका जलपान और मेसर्स विशाल मेगा मार्ट, मेसर्स संजय स्वीट्स, मेसर्स आरके स्वीट्स, मेसर्स छोटू मिष्ठान भंडार, बड़कागांव में दूध उत्पादों के साथ पनीर आदि का सैंपल कलेक्ट किया। अगामी होली और ईद त्योहारों के दौरान दूध और दूध से बने उत्पाद जैसे घी, मिठाई, खोआ, दही आदि की मांग बढ़ती है, जिसमें मिलावट की संभावना भी बढ़ने की आशंका रहती है।

उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट से मुक्ति के लिए लगातार अभियान चलती रहेगी। हजारीबाग के आम जनो को शुद्ध भोजन व मिलावट रहित भोजन उपलब्ध हो सके इसका प्रयास किया जा रहा है। विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान बिना ए फ ए स ा ए स ा ए आ ा इ लाइसेंस/पंजीकरण के खाद्य करोबार करने वाले खाद्य प्रतिष्ठान को एक सप्ताह के भीतर ए फ ए स ा ए स ा ए आ ा इ लाइसेंस/पंजीकरण लेने का निर्देश दिया गया।

### ज्ञान ज्योति कॉलेज में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह

**हजारीबाग।** ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी में डी.फार्मा और बी.फार्मा के छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ होली का त्योहार मनाया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएँ दीं और पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य किया।

कॉलेज प्रबंधन द्वारा सभी छात्रों के लिए विशेष आयोजन किया गया, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी शामिल थीं। कॉलेज के प्राचार्य और विभागाध्यक्षों ने विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएँ दीं।

# पुलिस ने 24 घंटे में दुकानदार गोलीकांड का किया खुलासा




प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने 24 घंटें में दुकानदार गोलीकांड का खुलासा कर दिया। बीते दिन सोमवार की शाम करीब 4.45 कांडी थाना अंतर्गत ग्राम-सुंडीपुर के निवासी लालो देवी (55) की राशन दुकान में सिगरेट मांगने के नाम पर उत्पन्न हुए विवाद हो गया था। इसके कारण संदीप चंद्रवंशी (पिता- मनोज चंद्रवंशी,ग्राम-पानसा), अमन विश्वकर्मा (पिता- जितेंद्र विश्वकर्मा, ग्राम-अधौरा, दोनों थाना-हैदर नगर, जिला-पलामू) और एक अन्य अज्ञात ने लालो देवी की बेटी रंजू देवी से मोबाइल लूटने एवं लालो देवी पर 7.65 एमएम पिस्टल से जानलेवा हमला करने के उद्देश्य से गोली चलाने की घटना हुई थी।

इस संबंध में पीड़िता लालो देवी के लिखित आवेदन पर कांडी थाना कांड में मामला दर्ज किया गया था। कांड के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए गढ़वा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर यह बात प्रकाश में आई कि प्राथमिकी अभियुक्त अमन कुमार विश्वकर्मा, संदीप चंद्रवंशी और मंटू विश्वकर्मा उर्फ मंटू कुमार विश्वकर्मा कोयल नदी के किनारे शराब पी रहे थे। इस क्रम में उन्हेंट सिगरेट पीने का मन हुआ।

संदीप चंद्रवंशी एवं मंटू विश्वकर्मा लालो देवी की दुकान पर सिगरेट पीने गए, जहां पर पैसे देने के संबंध में दोनों में विवाद हुआ। वहां से लालो देवी के पति ने अपनी दुकान से दोनों को भगा दिया। इस बात पर क्रोध में आकर 10 मार्च, 2025 की शाम करीब 4.45 बजे संदीप चंद्रवंशी, अमन विश्वकर्मा एवं मंटू विश्वकर्मा द्वारा लालो देवी की दुकान पर पुनः आए। भय एवं दहशत का माहौल बनाकर लालो देवी पर 7.65 एमएम पिस्टल से जानलेवा हमला करने के उद्देश्य से गोली चलाई। हालांकि गोली लालो देवी को ना लगकर उनके पीछे स्थित दीवार पर जा लगी।

कांड के अनुसंधान के क्रम में तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। कांड में लूटे गए मोबाइल फोन,7.65 एमएम का चार जिंदा कारतूस, 7.65 एमएम का पिस्टल एवं फायर किया हुआ खोखा बरामद कर जब्तम किया गया।

**छापामारी दल के सदस्य**

नीरज कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गढ़वा

पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी मझिआंव अंचल

पु0अ0नि0 अविनाश राज,थाना प्रभारी कांडी थाना

पु0अ0नि0 विद्यासागर प्रसाद, कांडी थाना।

### जब्त सामानों का विवरण

घटना के समय फायर किया गया पिस्टल

7.65 एमएम का फायर किया गया कारतूस का खोखा

7.65 एमएम का 4 जिंदा कारतूस

लालो देवी की बेटी से लूटा गया मोबाइल फोन।

## संक्षिप्त

### विद्यालय में मना होली मिलन समारोह



**बोकारो।** बिरसा मुंडा निःशुल्क विद्यालय सेक्टर 12ए में होली मिलन समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी कुमार अमरदीप ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। यह जीवन में खुशियों के रंग बिखेरता है। लोग आपस में मिलजुल कर होली का त्योहार मनाएं, आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा दिलाएं। इस दौरान स्कूल के छात्रों को रंग, गुलाल, बिस्कुट, टॉफी वितरण किया गया। एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया गया। उन्होंने आपस में होली की खुशियां बांटी। मौके पर स्कूल के संस्थापक परशुराम राम, ममता सिंह, गुड्डी देवी, बबीता कुमारी, ऊषा कुमारी, विजय कुमार ,प्रेम सिंह वेद, रामजी राम, सीआर दास, भूषण कुमार आदि उपस्थित रहे।

### सीसीएल स्वांग स्टोर से मोटर की चोरी

**बोकारो थर्मल।** सीसीएल कथारा एरिया अंतर्गत स्वांग परियोजना के स्टोर पर सोमवार की रात्रि लगभग दो दर्जन से भी ज्यादा चोरों ने लाठी-डंडों से लैस होकर रात्रि लगभग बारह बजे धावा बोला। चोरों ने परियोजना के स्टोर में रखा पुराने मोटर के पाट्र्स एवं मोटरों को चोरी करने की नीयत से ही हमला किया। सूचना पाकर परियोजना के सुरक्षा इंचार्ज परमेश्वर नायक अन्य जवानों के साथ चोरों को खदेड़ने लगे। साथ ही, सुरक्षा इंचार्ज ने इसकी सूचना कथारा एरिया के सुरक्षा इंचार्ज एवं जवानों को भी दी। सूचना पाकर एरिया से रामरतन, पप्पू सहित अन्य जवान भी पहुंचे। सभी ने मिलकर चोरों को भगाने का प्रयास किया, परंतु चोरों ने सुरक्षा इंचार्ज सहित जवानों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और उनकी पिटाई शुरू कर दी। चोरों द्वारा की गई पिटाई में सुरक्षा इंचार्ज परमेश्वर नायक, सीसीएल के गार्ड किसुन चौधरी, लाल मोहन सिंह, संतोष कुमार सिंह, पप्पू, गौतम राम सहित होमगार्ड के जवानों में से पंकज कुमार, मिथिलेश कुमार, कुमार धर्मेंद्र आदि घायल हो गए।

# बाइक चोरी का आतंक मचाने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

## बोकारो और आसपास के इलाके से चुराई गई 45 मोटरसाइकिलें बरामद

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो शहर और आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से बाइक की चोरी की घटनाएं बढ़ रही थीं। बाइक चोरों को पकड़ने के लिए एसपी मनोज स्वगीर्यारी ने सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में एक टीम बनाई।

इस टीम ने सूचना, तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करते हुए दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर जिले के कथारा, तेनुघाट, गोमिया व पेटरवार थाना क्षेत्र से 45 चोरी की बाइक बरामद की। गिरफ्तार चोरों में गोमिया के साड़म बाजार निवासी मो. परवेज और कथारा के झिरकी निवासी मो. मासूम अंसारी शामिल हैं। इन्होंने स्वीकार किया है कि वे बोकारो शहरी क्षेत्र और आसपास के इलाकों से कई बाइक चुराते थे। इनमें से दर्जनों बाइक सेकेंड हैंड दाम पर बेच दी व कई बाइकों को विभिन्न जगहों पर छिपाकर रखे हैं, कई बाइक को मॉडीफाई किया जा रहा था। पुलिस ने बेची गई बाइक को भी बरामद किया। यह जानकारी एसपी मनोज स्वगीर्यारी ने मंगलवार को पत्रकारों को दी।

एसपी ने बताया कि वह विशेषकर, वैसी जगहों से बाइक चोरी करते थे, जहां बाइक स्टैंड व पार्किंग होते हैं, लेकिन उनकी निगरानी नहीं होती है। दो चोर एक बाइक पर आते थे। काफी देर तक निगरानी करने के बाद मास्टर चाबी से बाइक का लॉक खोलते थे या फिर तोड़ देते और दूसरा युवक बाइक लेकर भाग जाता था। सीसीटीवी की निगरानी में आने के बाद सबसे पहले परवेज की गिरफ्तारी की गई। उसकी निशानदेही पर सभी बाइक बरामद की गई। परवेज पर डकैती का भी एक केस रांची में चल रहा है। वह बाइक चोरी का मास्टर माइंड है। जबकि दूसरा आरोपी मो. मासूम बाइक चोरी करने के साथ-साथ उन्हें खपाने का भी काम करता था। एसपी ने बताया कि इस गिरोह के पांच अन्य अपराधियों को चिन्हित किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। छापेमारी में सिटी थाना, सेक्टर-4, सेक्टर-12, सेक्टर-6, गोमिया, कथारा ओपी, हरला थाना आदि की पुलिस लगी हुई थी।

### अवैध कोयला ढुलाई में बाइक का होता है उपयोग



सभी 45 बाइक कथारा, तेनुघाट, गोमिया और पेटरवार थाना क्षेत्रों से बरामद की गई है। इनमें अधिकांश बाइक का उपयोग चोरी के कोयला ढुलाई और अन्य गैरकानूनी कार्यों में किए जा रहे थे। बरामद बाइक में हीरो पैशन प्रो के-4, बजाज पल्सर-दो, हीरो स्पलेंडर-26, हीरो सीडी डीलक्स-एक, बजाज डिस्कवर-तीन, होंडा सीबीजेड-एक, होंडा साइन-दो, हीरो होंडा ग्लैमर-एक और चार स्कूटी शामिल हैं। अधिकांश बाइक का चेचिस नंबर मिटा दिया गया है। इससे पुलिस को चोरी गई बाइक के साथ मिलान करने में परेशानी हो रही है। हालांकि, सूचना मिलने पर दर्जनों लोग अपनी बाइक की पहचान करने के लिए पहुंच रहे हैं। एसपी मनोज स्वगीर्यारी ने लोगों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर पार्क करें। अतिरिक्त लॉक लगाएं और सीसीटीवी कैमरों के दायरे में खड़ी करें।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान सह-होली मिलन समारोह का आयोजन



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित बोकारो क्लब में मंगलवार को सामाजिक संस्था साईं सेवा आश्रम एवं जेएसपीएल की आजीविका सखी मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी सह- समाजसेवी अनुपमा सिंह, बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी, स्वाति होलकर, जेएसपीएल की बीपीएम अंजना सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। समारोह में संस्था की ओर से मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य शाहजादी बानो, मुखिया चंदना मिश्रा, कविता देवी, चंद्रदेव घांसी, पंसस बेबी रजक, जय लक्ष्मी, सुनीता सिंह आदि को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। अनुपमा सिंह ने कहा कि महिलाएं न केवल परिवार की रीढ़ होती हैं, बल्कि वे देश, समाज और दुनिया के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नारी सशक्तिकरण केवल सामाजिक या राजनीतिक नहीं, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण का भी प्रतीक है। यह सकारात्मक सोच और वैश्विक विकास का आधार है। गिरिजा देवी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अभी भी महिलाओं को समान अधिकार प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कार्यक्रम का संचालन संस्था की सचिव सुषमा कुमारी ने किया। मौके पर दीपमाला, ज्योति कुमारी, सुनीता सिंह, विनीता प्रसाद, निधि सिंह, किरण देवी, ज्योति देवी, उर्मिला देवी, मो. हकीम सहित संस्था एवं सखी मंडल की सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

## डीजीएम ने डीवीसी आवास में किए जा रहे निर्माण कार्य को करवाया बंद



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी की आवासीय कॉलोनी के आवास संख्या डी-5 के कैंपस में बिना डीवीसी की एनओसी के सरकारी मद से करवाए जा रहे आंगनबाड़ी भवन के निर्माण कार्य को डीजीएम बीजी होलकर ने बंद करवा दिया।

इस संबंध में डीजीएम ने बताया कि उक्त आवास परिसर में डीवीसी की अनुमति के बिना ही अवैध तरीके से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। होमगार्ड के जवानों द्वारा सूचना दिए जाने पर निर्माण कार्य को पहले भी बंद करवाया गया था, लेकिन कुछ दिन बाद संवेदक ने दुबारा निर्माण कार्य आरंभ कर दिया। सूचना मिलने पर होमगार्ड के जवानों को भेजकर फिर से निर्माण कार्य को बंद करवाया गया। डीजीएम ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को भी इसकी सूचना दे दी गई है और उक्त आवास में जवानों की ड्यूटी भी लगा दी गई है।

## दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में तीन घायल, एक गंभीर

**बोकारो।** जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र के होली क्रॉस स्कूल के समीप दो बाइक की जोरदार भिड़ंत से तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना मंगलवार की शाम करीब 6:30 बजे की है। घायलों में खुंटरी पॉलिटेक्निक के तीनों छात्र हैं। घायलों में कसमार के मधुकरपुर निवासी रूपेश कुमार प्रजापति, पेटरवार के चांपी निवासी चंदन कुमार महतो और वहीं के विनीत कुमार महतो शामिल है। दुर्घटना में रूपेश के सिर एवं हाथ व विनीत के मुंह में गंभीर चोट है। दुर्घटना के बाद घायल अवस्था में चंदन कुमार ने 108 एंबुलेंस को कॉल किया और अपने दोनों साथियों को जैनामोड़ रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया गया।

# नौ हजार दो, नहीं तो कैरेक्टर में दाग लगा देंगे

## गांधीनगर थाने में पदस्थापित दारोगा को एसीबी ने घूस लेते रंगेहाथ दबोचा

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** आला अधिकारी भले ही लाख समझा दें, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की घुट्टी पिला दें, लेकिन कुछ पुलिस अधिकारी व कर्मी वर्दी की गरिमा को कलंकित करने से बाज नहीं आते।

बोकारो जिले के गांधीनगर थाने में पदस्थापित अजय प्रसाद नामक सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) को एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो), धनबाद की टीम ने मंगलवार को 10 हजार रुपए घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपी दारोगा मारपीट एक मामले में एक युवक के कैरेक्टर में दाग लगा देने के बहाने उसका भयादोहन कर रहा था।

**डीजीपी से हुई थी शिकायत**

इस संबंध में एसीबी की ओर से धनबाद थाना में केस दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक एसीबी धनबाद से बेरमो के गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बाजार निवासी अनुराग गुप्ता ने शिकायत की थी। शिकायत में बताया था कि 9 फरवरी को समय 7 बजे कुछ लोगों के बीच 4 नंबर पेट्रोल पम्प के समीप पैसे को लेकर नोकझोंक हुई थी। उस समय भुक्तभोगी वहीं खड़ा था। एएसआई अजय प्रसाद ने फोन कर उसे थाना बुलाया और कहा कि केस में तुम अभियुक्त हो, जेल जाओगे। कहा कि तुम स्टूडेंट हो, बचने का उपाय बता रहा हूं, 9 हजार रुपए दो, तुम्हारा नाम हटा देंगे, नहीं तो तुम्हारा कैरेक्टर में दाग लगा देंगे। अनुराग गांधीनगर थाना कांड संख्या-18/25 का चश्मदीद गवाह है। फिर भी उसे डरा धमकाकर अनुसंधानकर्ता एएसआई अजय प्रसाद ने उससे घूस की मांग की।

### नाटकीय ढंग से धराए दारोगाजी



एसीबी ने अनुराग के आवेदन का सत्यापन कराया। सत्यापन के लिए एसीबी ने पीड़ित का परिजन बनकर नाटकीय ढंग से फोन किया, तो एएसआई ने अब 10 हजार रुपए मांगे। आरोप की पुष्टि होने के बाद एसीबी ने केस दर्ज कर टीम गठित की। साथ ही एएसआई को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। अनुराग 10 हजार रुपए लेकर एएसआई के गांधीनगर थाना के बगल स्थित सीसीएल के क्वार्टर पहुंचा, जहां रुपए देने के दौरान उसे एसीबी ने पकड़ लिया। गिरफ्तारी के साथ ही एसीबी आरोपी एएसआई को अपने साथ धनबाद ले गई और आगे की कार्रवाई में जुटी गई। एएसआई मूल रूप से बिहार के नालंदा स्थित इस्लामपुर थाना क्षेत्र के पतिविगहा गांव का रहने वाला बताया जा रहा है।

# बीएसएल कर्मियों को मिला दीर्घकालीन सेवा सम्मान



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में 25 सालों की सेवा दे चुके 114 इस्पातकर्मियों को 11 मार्च को आयोजित दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया।

मानव संसाधन (ज्ञानार्जन एवं विकास) विभाग के प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक-प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधकगण, अन्य वरीय अधिकारी, मुख्य महाप्रबंधकगण तथा अन्य वरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) हरि मोहन झा ने सभी का स्वागत किया। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने अपने संबोधन में पच्चीस वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई दी और उन्हें अपना व्यापक अनुभव अन्य सहकर्मियों से भी साझा करने का आह्वान किया। अन्य मंचासीन अधिकारियों ने भी दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे बीएसएल कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान 6 अधिशासी व 108 अनधिशासियों को दीर्घकालिक सेवा प्रमाण पत्र व उपहार अतिथियों द्वारा दिए गए। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रभाकर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## डीवीसी ईडीसीएल कार्यालय का उद्घाटन



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** डीवीसी ईडीसीएल के नए कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को एचओपी सुशील कुमार अरजरिया, विशिष्ट अतिथि जीएम विद्युत राजेश विश्वास, डीजीएम बी. जी. होलकर, डीजीएम हेल्थ डॉ. संजय कुमार, अभिजीत दुले आदि ने संयुक्त रूप से किया। इसके पूर्व एचओपी का स्वागत ईडीसीएल के अध्यक्ष मनीष कुमार चौधरी द्वारा किया गया। साथ ही, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, बाबा तिलका मांझी एवं भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। मुख्य अतिथि सहित सभी अधिकारियों एवं ईडीसीएल के सदस्यों ने कार्यालय की चहारदीवारी पर बने महापुरुषों के चित्र और स्लोगन की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। ईडीसीएल अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया, वहीं संरक्षक बी. जी. होलकर एवं विशिष्ट अतिथि जीएम विद्युत ने कार्यक्रम को संबोधित किया।एचओपी ने कहा कि डीवीसी ईडीसीएल का कार्य सराहनीय है और संगठन के विकास के लिए प्रबंधन सहयोग करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन सचिव रमेश कुमार ने किया।

## 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप: साजिद ने 110 मीटर हर्डल्स में जीता रजत पदक



**बोकारो थर्मल।** भारतीय एथलेटिक संघ, नई दिल्ली एवं बिहार एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 10 से 12 मार्च तक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पटना में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के बालक अंडर-18 आयु वर्ग के 110 मीटर हर्डल्स रेस में 14.42 सेकंड का समय लेकर बोकारो चंदनकियारी आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के साजिद ने रजत पदक जीतकर बोकारो जिला एवं झारखंड राज्य का नाम रोशन किया। वहीं, तमिलनाडु के नावेद बी. सैयद शबीर ने 14.35 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण एवं केरल के फसालूल ने 14.42 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता। ज्ञात हो कि बोकारो चंदनकियारी आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र का राष्ट्रीय स्तर पर यह पहला व्यक्तिगत रजत पदक है। इस उपलब्धि पर बोकारो जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सह बेरमो विधायक कुमार जय मंगल, बोकारो जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव गंगाधर यादव एवं अशोक भट्टाचार्य, प्रकाश कुमार, लीलधारी गुप्ता ने साजिद को बधाई दी।

## दिवंगत शिक्षक के परिजनों से मिला झारखंड प्लस 2 शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल, की मदद



**बोकारो।** झारखण्ड +2 शिक्षक संघ, जिला इकाई बोकारो के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह एवं जिला सचिव डॉ अवनीश कुमार झा के नेतृत्व में राजबल्लभ प्लस टू उच्च विद्यालय साण्डी, रामगढ़ के दिवंगत पीजीटी शिक्षक मोहम्मद सलमान के परिजनों से रामगढ़ स्थित उनके आवास पर मुलाकात की और शोक की घड़ी में उन्हें ढाढस बंधाया। प्रतिनिधिमंडल ने दिवंगत शिक्षक के परिवार को संगठन के तरफ से आर्थिक सहायता भी प्रदान की एवं आगे भी परिवार को हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष राजदेव साहू, संयुक्त सचिव डॉ शक्ति पद महतो एवं प्रांतीय गुणात्मक शिक्षा समिति सदस्य धनंजय कुमार भी शामिल थे। शिक्षक संघ के तरफ से शोकाकुल परिवार को तकलीफ की घड़ी में सहयोग करने का झारखण्ड +2 शिक्षक संघ के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर, तकनीकी सचिव मृत्युंजय कुमार, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य मिथिलेश कुमार, हरिशंकर देव, रविन्द्र कुमार, गिरिडीह के जिला सचिव रिषिकांत सिन्हा, जिला इकाई बोकारो के संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक, उपाध्यक्ष लालचंद रजक, संयुक्त सचिव राजेश कुमार विश्वकर्मा, उप संगठन मंत्री मुकेश कुमार यादव, प्रयोगशाला सहायक प्रतिनिधि उजमा सुल्ताना, विद्यालय प्रतिनिधि कृपा शंकर महतो, ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी, अशोक कुमार रजवार, राजीव रंजन तिवारी, अमर कुमार महतो, सदस्य बेलालुद्दीन अंसारी, कपिल देव ठाकुर, सीमा ठाकुर, प्रशांत कुमार, गुलाम मोहिउद्दीन, एवं वेद प्रकाश आदि ने स्वागत किया है।

## मौत के मुंह से खींच लाई डॉक्टरों की टीम

# तलवार के वार से बिखरे चेहरे को जोड़कर रचा मेडिकल चमत्कार

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) के डॉक्टरों ने नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया है। एक ऐसा मामला, जहां इंसान के बचने की कोई उम्मीद नहीं थी, वहां डॉक्टरों ने चमत्कार कर दिया। 25 फरवरी 2025 की रात 8:32 बजे बीजीएच के आपातकालीन कक्ष में एक युवक को गंभीर हालत में लाया गया। तलवार के भीषण वार से उसका चेहरा तीन टुकड़ों में कट चुका था, गर्दन और सिर पर गहरे घाव थे और सांसें उखड़ रही थीं। खून से लथपथ इस मरीज को देखकर सभी के रोंगटे खड़े हो गए, लेकिन बीजीएच के डॉक्टरों की टीम ने इसे जीवनदान देने का संकल्प ले लिया।

**पहला युद्ध : खून रोकने और सांसें बहाल करने की जंग**

जैसे ही मरीज को कैजुअल्टी में लाया गया, डॉक्टरों ने बिना एक पल गंवाए रेसुसिटेशन शुरू किया। खून लगातार बह रहा था, सांसें थमने को थीं, लेकिन डॉक्टरों की टीम डॉ. अनिंदा मंडल के नेतृत्व में डटी रही। मरीज को तुरंत ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया, जहां डॉ. सतीश के मार्गदर्शन में जनरल सर्जन डॉ. अखिलेश और उनकी टीम ने 7 घंटे तक ऑपरेशन कर खून बहना रोका। इस दौरान मरीज की नाक और मुंह से सांस लेना असंभव हो चुका था, इसलिए डॉ. बृजेश के नेतृत्व में ईएनटी टीम ने ट्रेकियोस्टोमी (गले में सांस लेने का वैकल्पिक मार्ग) बनाकर उसे सांस दी। ऑपरेशन के बाद मरीज को सीसीयू (क्रिटिकल केयर यूनिट) में भर्ती किया गया, क्योंकि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण खून उसके फेफड़ों में पहुंच चुका था, जिससे उसे घातक संक्रमण का खतरा था। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की कड़ी मेहनत से मरीज को धीरे-धीरे स्थिर किया गया।

मरीज की हालत में सुधार होते ही 6 मार्च 2025 को प्लास्टिक सर्जरी टीम ने सबसे चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को अंजाम दिया। डॉ. अनिंदा मंडल के नेतृत्व में डॉ. अभिषेक खलखो, डॉ. पुष्पा रंजन और डॉ. तेजस्वी गुप्ता की टीम ने 7 घंटे तक ऑपरेशन कर चेहरे की टूटी हड्डियों, नाक, होंठ और गाल को फिर से जोड़ने का कमाल कर दिखाया। इस दौरान डॉ. अभिजीत दाम, डॉ. राजेश राज और उनकी एनेस्थीसिया टीम ने पूरी सर्जरी में मरीज को स्थिर बनाए रखा।



### सेल की ट्रेनिंग ने दी टीम वर्क की सीख

बीजीएच के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिंदो मंडल का कहना है कि इस चमत्कारी सफलता के पीछे सिर्फ चिकित्सा विज्ञान ही नहीं, बल्कि सेल के अधिकारियों को आईआईएम कोझीकोड में दी गई ट्रेनिंग भी एक बड़ा कारण बनी। यहां डॉक्टरों और अधिकारियों को टीम वर्क और कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव लाने की सीख दी जाती है, जिसने इस ऑपरेशन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन सभी बदलावों को लाने में बीजीएच के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विभूति करुणामय की भी स्वीकृति रही।

### टीमवर्क और समर्पण ने किया असंभव को संभव

इस पूरे इलाज के दौरान बीजीएच के कैजुअल्टी, सीसीयू, ओटी और वार्ड 2सी की नर्सिंग टीम ने चौबीसों घंटे काम किया, जिससे मरीज की जान बचाई जा सकी। यह अद्भुत सफलता डॉक्टर अनिंदो मंडल के निगरानी में बीजीएच के डॉक्टरों की टीम वर्क, समर्पण और उत्कृष्ट चिकित्सा कौशल का नतीजा है।

### मौत को मात देकर घर लौट रहा राज महथा, कहा

## डॉक्टरों ने मुझे दी नई जिंदगी

डॉक्टर अनिंदो के निगरानी में बीजीएच के डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई। तलवार के भीषण हमले में गंभीर रूप से घायल राज महथा अब स्वस्थ हो रहा है और मंगलवार को डिस्चार्ज होगा। राज ने कहा, डॉक्टरों ने मुझे नया जीवन दिया, मैं उनका शुक्रगुजार हूं। उनके पिता प्रकाश महथा, जो चास ब्लॉक के काशी झरिया में चाय की दुकान चलाते हैं, ने कहा, जब हमने राज की हालत देखी, तो हम सभी उसकी जिंदगी को लेकर पूरी तरह निराश हो चुके थे। लेकिन बीजीएच के डॉक्टरों ने चमत्कार कर दिया। प्रकाश महथा ने आगे बताया, हम सबसे पहले नीलम नर्सिंग होम गए थे, लेकिन वहां के डॉक्टरों ने हालात गंभीर देखकर हमें तुरंत बीजीएच ले जाने को कहा। राज बेहोश था, खून लगातार बह रहा था, नाक झूल रही थी, गाल बुरी तरह कटा हुआ था और उसकी सांस बहुत धीमी चल रही थी। लेकिन बीजीएच के डॉक्टरों ने हर संभव कोशिश कर उसकी जान बचा ली। हम उनके दिल से आभारी हैं। उन्होंने शहर के सभी मरीजों को इस अस्पताल पर भरोसा करने को कहा है। अब राज महथा पूरी तरह ठीक है और जल्द ही अपने परिवार के पास लौटने के लिए तैयार है।

# रसोई पर बाजार के हमले से चौपट होता स्वास्थ्य



ललित गर्ग

**अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं। रिपोर्ट का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि दक्षिण एशिया में यह बढ़ोतरी अन्य देशों की तुलना में तेज रही। आंकड़े बताते हैं कि बीते डेढ़ दशक में विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि इस दौरान दुनियाभर में मोटापा 18.2 प्रतिशत से बढ़ कर 23.7 प्रतिशत हो गया है।**

आज रसोई पर संकट मंडरा रहा है, बाजारवाद ने रसोई के अस्तित्व को ही बदल दिया है, न केवल रेसाई को बदला है बल्कि हमारे शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्द्धक खानपान को ही ध्वस्त कर दिया है, जिससे हमारा स्वास्थ्य तो चौपट हो ही रहा है, हमारे पारिवारिक एवं भावनात्मक संबंध भी चरमरा रहे हैं। देश-दुनिया में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का चलन और इससे होने वाले नुकसान बढ़ते जा रहे हैं। मोटापा सहित अनेक बीमारियां संकट पैदा कर रही है। इन्हीं चिन्ताओं के बीच यूनिसेफ की एक ताजा रिपोर्ट चौंकाती भी है एवं लगातार स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के कारण को दशार्ती है। यूनिसेफ ने भारत समेत 97 देशों में अध्ययन कर बताया है कि पिछले 15 साल में दुनियाभर में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी है, जिससे जेब पर भी असर पड़ा है और स्वास्थ्य पर भी, विशेषतः पारिवारिक संरचना पर। ज्यादा-से-ज्यादा चेन स्टोर-सुपरमार्केट खुलने के बाद लोग इनका अधिक सेवन कर रहे हैं। जिन देशों में प्रतिव्यक्ति सर्वाधिक चेन किराना स्टोर एवं सुपरमार्केट हैं, वहां लोग ज्यादा अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ खरीदते हैं। ह्यनेचर फूडह्न पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए व्यक्ति, परिवार, समाज एवं सरकार को सख्त एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे।

अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं। रिपोर्ट का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि दक्षिण एशिया में यह बढ़ोतरी अन्य देशों की तुलना में तेज रही। आंकड़े बताते हैं कि बीते डेढ़ दशक में विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि इस दौरान दुनियाभर में मोटापा 18.2 प्रतिशत से बढ़ कर 23.7 प्रतिशत हो गया है। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की खरीद बढ़ने से अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात में भोजन पर खर्च बहुत अधिक बढ़ा है। भारत में भी पिछले साल के अंत में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण की रिपोर्ट कहती है कि लोगों के खाद्य बजट में सब्जियों, पैकेटबंद चीजों एवं जंक फूड्स की ही बड़ी हिस्सेदारी है। खाद्य पदार्थों के व्यापार पर नजर रखने वाली एजेंसी यूरोमॉनिटर के मुताबिक, भारत में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की प्रतिव्यक्ति सालाना बिक्री 2005 में दो किलोग्राम थी, जो 2019 में छह किलोग्राम और 2024 में आठ किलोग्राम हो गयी।



सीएसइ (सेंटर फॉर साइंस एंड इन्वायर्नमेंट) द्वारा भारत में किये गये अध्ययन से भी इसका खुलासा हुआ है कि जंक फूड और पैकेटबंद भोजन मोटापा, कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और दिल की बीमारियां बढ़ा रहे हैं। यह कितना बड़ा मुद्दा है, इसे इसी से समझा जा सकता है कि इस बार बजट से पहले की आर्थिक समीक्षा में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर अधिक टैक्स लगाने की सिफारिश की गयी थी। जाहिर है, अगर अभी नहीं संभले, तो बहुत देर हो जायेगी। इंसानों की तोंद बढ़ती जा रही है। इस बढ़ते मोटाने की भयावहता को महसूस करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ जंग छेड़ी है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानंत्री ने कहा कि 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे का शिकार होंगे। प्रधानमंत्री ने इन आंकड़ों को खतरनाक बताते हुए मोटापे को मात देने के लिए लोगों को मंत्र भी दिये हैं। ये मंत्र हैं- खाने वाले तेल में लोग 10 फीसदी की कटौती एवं जीवनशैली में बदलाव करें। अगर समय पर इस पर ध्यान नहीं गया तो भविष्य में बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं होंगी। मोटापे की वजह से हर तीसरा व्यक्ति गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है।

स्वाद में चटपटी और जब जरूरत हो, तब पैकेटबंद भोजन की उपलब्धता ने हमें अपने घर की रसोई की जगह बाजार पर निर्भर बना दिया है।?इसके लिए बाजार ने कई तरह के लुभावने एवं बाजारवादी तर्क और नारे गढ़ रखे हैं। ये नारे और तर्क हमें लुभाते एवं गुलाम बनाते हैं। समय की बचत के नाम पर हमें मजबूर करते हैं कि हम अपने घर की रसोई को बंद ही रखें। हमारे खान-पान की परंपरा और पौष्टिकता पर यह एक तरह से हमला है। बाजार हमें सिखाना चाहता है कि परिवार में जब जिसको भूख लगे, वह बाजार जाए, आनलाइन ऑर्डर करें और ?खा ले। पहले परिवार के लोग एक साथ बैठकर ?खाते थे, तब परिवार का हर सदस्य एक दूसरे के सुख-दुख से परिचित होता एवं संवेदनाओं से जुड़ता था। दुख, परेशानियों, निराशाओं को दूर करने का सामूहिक प्रयास किया जाता था। सलाह मशविरा किए जाते थे। आज हमें बाजार सामूहिकता से काटकर वैयक्तिक एवं एकांगी बना रहा है। यदि हमने अपनी रसोई को सहेजकर नहीं रखा, तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब हमें पूरी तरह बाजार के डिब्बाबंद भोजन पर ही निर्भर रहना पड़े।

विशेषज्ञों का कहना है कि करीब 14 फीसदी वयस्क और 12 फीसदी बच्चे अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स की लत का शिकार बन चुके हैं। लोगों में स्वास्थ्य के नजरिए से हानिकारक इन खाद्य पदार्थों को लेकर जो लगाव है, वो शराब और तम्बाकू जितना ही बढ़ चुका है। बता दें कि दुनिया भर में 14 फीसदी लोग शराब के और 18 फीसदी लोग तम्बाकू के आदी बन चुके हैं। ऐसे में 14 फीसदी वयस्कों में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की दीवानगी एवं आकर्षण बेहद गंभीर खतरे की ओर इशारा करती है। यह जानकारी अमेरिका, ब्राजील और स्पेन के शोधकताओं द्वारा किए अध्ययन में सामने आई है, जिसके नतीजे नौ अक्टूबर 2023 को द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। यह अध्ययन 36 देशों में प्रकाशित 281 अध्ययनों के विश्लेषण पर आधारित है।

आजकल मार्केट में पैकेटबंद एवं जंक फूड्स की भरमार है। चिप्स से लेकर दूध, मसाले और हर एक चीज प्लास्टिक, एल्युमिनियम या पेपर की पैकिंग के साथ आ रही है। सुविधा के नाम पर हो रहा यह हमला कई सारे साइड इफेक्ट्स दे रहा हैं। न सिर्फ बड़े बल्कि बच्चे भी पैकेटबंद चिप्स, जूस, कुकीज और नमकीन, नूडल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। किसी भी तरह की खाने-पीने की चीज की अगर पैकेजिंग की जाती है तो उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और ज्यादा समय तक चलने के लिए तीन चीजें मिलायी जाती हैं। प्रीजर्वेटिव्स, नकली रंग और एक्स्ट्रा फैट। कुछ समय पहले आई एक स्टडी में बताया गया कि पैकेटबंद फूड्स में इमल्सीफायर नाम का एक कंपाउंड पाया जाता है, जो दिल की सेहत यानी हार्ट हेल्थ के लिए खतरनाक होता है, इससे कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां हो सकती हैं, यह कंपाउंड ब्लड प्रेशर लेवल को बढ़ा सकती है। बहुत ज्यादा मात्रा में इमल्सीफायर जब शरीर में पहुंचता है तो इससे शरीर की शक्ति क्षीण होने लगती है और कमजोरी-थकान-सुस्ती बढ़ती है।

पैकेटबंद भोजन में घर के बने भोजन की तुलना में पोषक तत्वों की कमी होती है। पैकेटबंद भोजन अक्सर अतिरिक्त चीनी, नमक और वसा से भरपूर होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। इनमें फाइबर की कमी होती है, जिससे पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में मिलावट की संभावना अधिक होती है, इनमें स्नेह, प्यार, अपनापन एवं ममत्व नहीं होने से यह पोषित नहीं होते। कुछ अध्ययनों से पता चला है कि पैकेटबंद भोजन में पाए जाने वाले कुछ रसायन कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। बच्चों में पैकेटबंद भोजन का अधिक सेवन उनके शारीरिक विकास को प्रभावित कर सकता है। प्राचीनकाल से ही हमारे देश में घर का चूल्हा यानी रसोई जहां स्वास्थ्य की प्रयोगशाला होती थी वही पूरे परिवार को जोड़ने का केंद्र रही है। यह रसोई ही थी जिसने परिवार को हर सदस्य से प्रेम करना सिखाया। एक दूसरे की इज्जत, सुरक्षा, देखभाल एवं स्वस्थ रहना सिखाया। संयुक्त परिवार के दिनों में सास-बहू, देवरानी-जेठानी, ननद-भाभी के बीच पनपे मतभेद को मनभेद में बदलने से रोका, ?भोजन बनाते या साथ बैठकर खाते समय सारे मतभेद, गुस्से को तिरोहित करना भी रसोई ने ही सिखाया। यही हाल पुरुषों का भी था। जब साथ बैठकर खाते थे, तो आपसी मतभेद, मनमुटाव हवा हो जाते थे। लेकिन आज उसी रसोई पर संकट मंडरा रहा है। प्रेषक

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार) (यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### जीत की खुशी

भारत ने एक साल से कम समय में दूसरी आईसीसी ट्रॉफी जीतकर विश्व क्रिकेट में अपना दबदबा साबित कर दिया है। भारत ने पिछले साल के आखिर में टी-20 विश्व कप को जीता था और अब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को ही नहीं हराया बल्कि खिताब जीतने की राह तक सभी टीमों को परास्त कर दिखाया कि अब कोई उनका सानी नहीं है। भारत की इस जीत में उसके द्वारा लिए गए रणनीतिक फैसले ने भी अहम भूमिका निभाई। बीसीसीआई के चवनकताओं ने जब कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा की मांग पर टीम में पांच स्पिनरों का चयन किया तो इस फै सले की आलोचना भी हुई थी। पर भारत के पूरे अभियान के दौरान एकादश में चार स्पिनरों को खिलाने की योजना बेहद कारगर साबित हुई, क्योंकि किसी भी टीम के पास इसकी काट नजर नहीं आई। फाइनल में भी भारत की कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल की स्पिन चौकड़ी ने 38 ओवर फेंककर कुल 144 रन दिए और पांच विकेट निकाले। इसके विपरीत पेस गेंदबाजों ने 12 ओवर फेंककर 104 रन दिए और एक विकेट निकाला। इससे यह तो साबित होता है कि भारतीय टीम अब रणनीति बनाने में बाकी प्रतिद्विंद्वियों से काफी आगे है। हम सभी जानते हैं कि विश्व क्रिकेट आर्थिक तौर पर भारत पर बहुत निर्भर है, इसलिए फैसलों में भी भारतीय दबदबा दिखता रहा है। पर आईसीसी टूनामेंटों को जीतने के मामले में हम थोड़े पिछड़े हुए थे। महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी को जीतने के बाद भारत एक दशक से ज्यादा समय तक आईसीसी ट्रॉफी जीतने में कामयाब नहीं रहा था। इस दौरान विराट कोहली और रवि शास्त्री की कप्तान और कोच की जोड़ी ने भारतीय परचम को दुनियाभर में तो लहरा दिया पर आईसीसी ट्रॉफी से दूरी को वह खत्म नहीं कर पाए, लेकिन रोहित शर्मा और द्रविड़ की जोड़ी ने भारत को टी-20 विश्व कप जिताया और अब गंभीर और रोहित की जोड़ी ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर भारत का विश्व क्रिकेट पर आर्थिक दबदबे के साथ क्रिकेटीय दबदबे को भी बना दिया है। भारत की इस सफलता से कप्तान रोहित शर्मा के आलोचकों को भी जवाब मिल गया है। वह जिस ताबड़कोड़ अंदाज में फाइनल में खेले, उससे वह यह दिखाने में कामयाब रहे कि उनमें अभी बहुत क्रिकेट बाकी है। रोहित के साथ विराट ने भी दिखाया कि भारतीय सफलता में वह अभी भी योगदान देने वाले हैं।

## चिंतन-मनन

### इसलिए सबसे छोटा है कलियुग

शास्त्रों में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुनः धर्म की स्थापना करेंगे। भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है।

सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा। पशु तो सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए दूसरे पशु को मारते हैं मनुष्य अकारण ही दूसरे मनुष्य को मारेगा। सच्चे संत भिखारी कहलाएंगे और अपमानित होंगे। कथावाचक और झूठे संत ऊंचे आसन पर विराजमान होंगे। तुलसीदास जी ने भी कलियुग के इस रूप का वर्णन किया है।

त्रेतायुग में रावण ने सीता का हरण किया लेकिन उनकी मर्जी के बिना उन्हें अपनाना पाप समझा। इस युग में छोटा भाई बड़े भाई के प्रति आज्ञाकारी था। बड़ा भाई अपने स्वार्थ के लिए छोटे भाई के साथ छल नहीं करता था। इसका उदाहरण राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ये चार भाई हैं। त्रेता से जब द्वापर में आते हैं तब पाप बढ़ता दिखता है।

# बच्चों में विज्ञान की समझ विकसित करना जरूरी है



संजय गोस्वामी



पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर भी जीवन है ? इस बात की पड़ताल एस्ट्रोबायोलॉजी के अंतर्गत किया जाता है। एस्ट्रोबायोलॉजी के जानकार ही वायुमंडल के बाहर जीवन होने के रहस्य से पर्दा उठा सकते हैं, इसके पीछे छुपी होती है। इसी विषय पर अनुशक्ति नगर स्कूल 2में एक वार्ता का आयोजन किया गया एक विषय था *अदृश्य खगोल विज्ञान डेढ़ घंटे का एक वैज्ञानिक व्याख्यान 3 मार्च 2025 को सुबह 9:00 बजे, एटॉमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल 2, अणुशक्तिनगर, मुंबई-94 में डॉ. सुंदर सहायनाथन द्वारा एक विज्ञान वार्ता, का आयोजन किया गया उन्होंने उन्होंने बताता की ज्ञान के क्षेत्र में जनसामान्य की भागीदारी बढ़ाने और वैज्ञानिक शिक्षा में सुधार द्वारा अधिक कुशल श्रमशक्ति के विकास में मदद मिलती है।खगोल विज्ञान वैज्ञानिक शोध में वैचारिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इससे अर्जित ज्ञान को मौसम विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, एवं संचार व्यवस्था जैसे प्रायोगिक विज्ञान के क्षेत्रों में आसानी से लागू किया जा सकता है। यह करने हेतु जिन उपकरणों की हमें आवश्यकता है वे महंगी भी नहीं है। यदि हम दूरसंवेदी डेटा से तुलना करें तो खगोल विज्ञान संबंधी डाटाबेस सस्ती भी हैं और सहज रूप से उपलब्ध भी हैं। तथापि आंकड़ों की प्रसंस्करण तकनीकें (मसलन, इमेज प्रोसेसिंग) दोनों ही मामलों में एक जैसी है। इनमें दूरबीन, स्पेक्ट्रोस्कोप इत्यादि बनाने के प्रशिक्षण से लेकर मौसम, चंद्र एवं सूर्यग्रहण इत्यादि जैसे खगोलीय अवधारणाओं की व्याख्या की जाती है। उच्च क्षमता वाली दूरबीनों की एक प्रणाली है जिससे गामा-किरणों की जाँच की जाती है। उदाहरण स्वरूप इस क्षेत्र के कुछ किसानों ने भी पर्यटकों के लिए अपने बागानों में शौकिया खगोलविदों के लिये छोटी दूरबीनों की स्थापना की है। खगोल विज्ञान का विकास और प्रसार औद्योगिक और वैज्ञानिक विकास की भी शुरूआत करता है खगोल विज्ञान संस्था द्वारा विज्ञान क्लब चलाना, शैक्षणिक सामग्री का वितरण एवं खगोल विज्ञान तथा भौतिकी के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का संयोजन करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये जाते हैं।डॉ. सुंदर सहायनाथन 25 वर्षों से अधिक समय से बीएआरसी में के लिए काम कर रहे हैं। वे एक खगोल भौतिकीविद् और उनका काम शोध कार्य से ज्यादा सक्रिय आकाशगंगाओं पर है। उनके काम काफी हद तक सैद्धांतिक प्रकृति से सम्बंधित है। वे टीआईएफआर, आईयूसीएए, आईआईए और कश्मीर विश्वविद्यालय, तेजपुर विश्वविद्यालय और कालीकट विश्वविद्यालय जैसे कई भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ वैज्ञानिक कार्य से जुड़े रहें हैं। इन संस्थानों से 10 से अधिक पीएच.डी. छात्रों का मार्गदर्शन किया है। इसमें उप प्रधानाचार्य श्री देश राज किशाना ने उनका स्वागत किया। तदुपरांत लेक्चर समाप्त होने पर उन्हें एक मोमेंटो देकर भी सम्मानित किया गया साथ में एक गमले में तुलसी जी का पौधा भी प्रधानाचार्य द्वारा दिया गया। फूलों का गुलदस्ता और डायरी नवीन त्रिपाठी ने अरेंज किया था इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री एन सी शर्मा (संयोजक), श्री बी एन मिश्रा, और राजकमल गौतम,स्कूल के शिक्षक सुधीर पालकर.वी पी वर्गीश, गीता मैम, संगीता काकरे आदि ने बच्चों को इस विज्ञान वार्ता को सफल बनाया बच्चों में विज्ञान की समझ विकसित करना बहुत जरूरी है क्योंकि यह उन्हें दुनिया को बेहतर ढंग से समझने, समस्याओं को हल करने और भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी : भारतीय दबदबे का मंचन



मनोज चतुर्वेदी



देश में दिवाली एक हफ्ते पहले ही आ गई। भारत के चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन बनते ही देशभर में आकाश पटाखों की आवाज से गूंज गया।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अभी कुछ माह पहले आईसीसी टी-20 विश्व कप जीतने पर जिस तरह भावुक हो गए थे, वैसे इस सफलता पर भावुक तो नहीं हुए पर खुशी जबर्दस्त दिखी। उन्होंने अपने साथ कई सफलताओं के साथी विराट कोहली के साथ स्टंप हाथ में लेकर डांडिया खेलना शुरू कर दिया।

भारतीय टीम ने सफेद गेंद से जिस तरह से पिछले कुछ समय में प्रदर्शन किया है, वह उसके विश्व क्रिकेट पर दबदबे की कहानी बताने के लिए पर्याप्त है। भारत ने पिछले साल के आखिर में टी-20 विश्व कप जीतने के बाद चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। भारत ने जब 2023 में घर में हुए आईसीसी वनडे विश्व कप में अपनी क्षमता को प्रदर्शित नहीं कर सका था। उस समय में यह कहा जाने लगा था कि हम यह भूल गए हैं कि खिताब कैसे जीता जाता है। इसकी वजह भारत के हाथ से कई बार खिताब फिसलते देखा गया था। पर अब भारत के एक साल से भी कम समय में दो आईसीसी खिताब जीतने से लगता है कि वह अब जीतने का फामरूला पाने में सफल हो गया है।

यह फामूर्ला कितने समय तक कारगर रहता है, यह देखने वाली बात होगी। भारत के पास आईसीसी के चार खिताबों में से दो पर कब्जा है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए वह इस बार क्वालिफाई नहीं कर सका है। इसकी वजह घर में न्यूजीलैंड से सीरीज में सफाया कराने और फिर ऑस्ट्रेलिया से उसके घर में सीरीज हाराना रही। भारत को अब इन दोनों खिताबों पर कब्जा करने के लिए 2027 तक इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि आईसीसी वनडे विश्व कप का 2027 में आयोजन होना है और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अगली साइकिल भी तब तक ही खत्म होगी।

न्यूजीलैंड पिछले कुछ वर्षो में भारत के तगड़ी प्रतिद्वंद्वी के तौर पर उभरकर सामने आई है। इस फाइनल में भी जब उसने भारत के तीन विकेट फटाफट निकाल दिए थे, तो भारतीय कैंप में हड़कंप मच गया और एकदम से खामोशी छा गई। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के बीज 105 रन की साझेदारी बनने से मैच के एकतरफा बनने के संकेत मिल ही रहे थे कि अगले 17 रनों में तीन विकेट निकल जाने से लगा कि कहीं मैच पलटने तो नहीं जा रहा है। पर इस स्थिति में श्रेयस अय्यर, हार्दिक पांड्या, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करके भारत को खिताब तक पहुंचा दिया। असल में भारत के चार स्पिनर खिलाने के फैसले और इनमें दो अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा के बल्लेबाज होने से भारत की बल्लेबाजी में बहुत गहराई आ गई थी।

इसका भारत को हमेशा फायदा मिला और शुरूआती विकेट जल्दी निकल जाने तक भी बड़ा स्कोर खड़ा करने की संभावनाएं बनी रहती थीं। यह साल ऐसा है, जिसने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को जिंदगी के दोनों पक्ष दिखाए हैं। यहां एक और वह चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर सफलता के मायने में महेंद्र सिंह धोनी से सिर्फ एक कदम ही पीछे हैं। वहीं दूसरी तरफ साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब फॉर्म की वजह से सिडनी टेस्ट में खुद को टीम से बाहर कर लिया था। यह वह समय था, जब उनकी कप्तानी के साथ कॅरियर पर सवालिया निशान लग रहे थे, लेकिन इस सफलता ने आलोचकों के मुंह पर ताला जड़ दिया है। सच में फाइनल में जिस तरह से उन्होंने 76 रनों की पारी खेलकर भारत की जीत की राह बनाई, उससे क्रिकेट जगत उनका मुरीद बन गया है।

धोनी ने एक कप्तान के रूप में आईसीसी वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी और टी-20 विश्व कप जीतकर अपने को भारतीय कप्तानों में शिखर पर पहुंचा दिया है। रोहित से अब सिर्फ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और आईसीसी वनडे विश्व कप ही दूर है। वह यदि 2027 तक खेल सके तो वह देश के सफलतम कप्तान बन सकते हैं। रोहित 2022 से पहले विकेट पर टिकने के बाद ताबड़तोड़ करने में विश्वास रखते थे, लेकिन अब वह पहली ही गेंद से बड़े शॉट खेलने में विश्वास रखते हैं। उनके इस तरीके से सामने वाले अटैक की समझ में नहीं आता है कि वह करें तो क्या? फाइनल में ही ऐसा कुछ हुआ। उन्होंने 83 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्कों से 76 रन बनाकर भारत को एकतरफा जीत की तरफ बढ़ा दिया था। पर रचिन रविंद्र की एक गेंद पर बेवजह आगे निकलकर खेलने के प्रयास स्टंप होकर भारत को कुछ समय के लिए मुश्किल में डाला।

भारत बल्लेबाजी में गहराई की वजह से जीत गया पर रोहित ने ऐसा नहीं किया होता तो वह फाइल में शतक बनाने वाले बनने के साथ और सहजता से टीम को जीत तक पहुंचा सकते थे। रोहित की इस पारी और कोहली के पाकिस्तान के खिलाफ जीत में जमाए शतक से अब इन दो दिग्गजों के संन्यास के लिए दबाव बनाने वाले आलोचकों के मुंह जरूर सिल गए हैं। इस तथ्य से सभी वाकिफ हैं कि भारत की जीत के लिए इन दोनों का चलना बेहद जरूरी है। यह सही है कि हर खिलाड़ी को एक न एक दिन संन्यास लेना ही पड़ता है पर जब खिलाड़ी अच्छा खेल रहा हो तो उस पर छोड़ने के लिए दबाव बनाने को कतई उचित नहीं कहा जा सकता है।



# एक ही प्रोफेशन में है लाइफ पार्टनर तो आपके काम आएंगे ये टिप्स

आजकल के इस एडवांस समय में लोगों को सोशल मीडिया पर भी एक दूसरे से प्यार हो जाता है। वहीं कुछ लोग साथ काम करते-करते एक-दूसरे को दिल दे बैठते है। इस मार्डे न टाइम में कई लोग ऐसे हैं जो कॉलीग भी हैं और कपल भी। ऐसी लाइफ के फायदे होने के साथ-साथ कई नुकसान भी है। कई बार प्रोफेशनल और प्रसनल लाइफ मिक्स होने के कारण रिश्ते में दूरियां आने लगती है। कई बार ऑफिस का प्रेशर और काम की झिकझिक पर्सनल लाइफ पर हावी हो ही जाती है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि किस तरह प्रोफेशनल लाइफ अलग रख कर आप अपनी पर्सनल लाइफ को एन्जॉय कर सकते है।

## ऑफिस का काम

सबसे पहले तो आप इस बात का ध्यान रखें कि ऑफिस के काम को घर पर न लाएं। ऐसा करने से आपकी लव लाइफ खरीब हो सकती है। चाहे कितना भी जरुरी काम क्यों न हो इसे ऑफिस तक ही रखें।

## रोमांटिक डेट प्लान

अक्सर साथ-साथ काम करते-करते पार्टनर एक-दूसरे को डेट करना छोड़ देते है लेकिन ऐसा करने से आप अपना रिश्ता खुद तोड़ रहें है। साथ काम करने के बावजूद भी डेटिंग न छोड़े। इससे एक-दूसरे पर प्यार और विश्वास बना रहता है।

## सलाह देना

ऑफिस में एक-दूसरे होने पर भी पार्टनर की सक्सेस को एन्जॉय करे। एक-दूसरे को मिली छोटी से छोटी उपलब्धि का जश्न मनाएं। ऐसे में आपके बीच का प्यार ओर भी बढ़ता है।

## वीकेंड को एन्जॉय करना

ऑफिस से मिली छुट्टी को वेस्ट करने की बजाएं साथ में समय बिताएं। कहीं घूमने चले जाएं या घर पर ही एक-दूसरे से बाते करें। इससे आप अपने मन की बात बता और पार्टनर के मन की बात जान सकते है।

## साथ में खाना

घर हो या ऑफिस हमेशा पार्टनर के साथ ही खाना खाएं। साथ बैठ कर खाना खाने से आपका रिश्ते और भी ज्यादा गहरा होगा और इससे आप दोनों के बीच में प्यार भी बढ़ेगा।





# शादीशुदा जिंदगी को खुशहाल बनाने के लिए अपनाएं ये तरीके

लड़का- लड़की दोनों अपनी शादी को सफल बनाने के लिए बहुत कुछ करते हैं, अक्सर देखा जाता है कि शादी के शुरुआती कुछ महीने सब ठीक रहता है पर जैसे- जैसे समय गूजरता जाता है जिंदगी बहुत बोरिंग हो जाती है। रिश्ते में पहले जैसी खुशी, उत्साह और प्यार न जाने कहां खो जाता है। एक रिश्ते को सफल बनाने के लिए जितना विश्वास जरूरी है उतना ही एक- दूसरे के साथ टाइम बिताना भी जरूरी होता है लेकिन आजकल लड़का और लड़की दोनों ही काम करते हैं जिसके कारण वह एक दूसरे को टाइम नहीं दे पाते। इससे कई बार रिश्तों में दूरियां आने लगती हैं। आज हम आप कुछ ऐसे तरीके बाताएंगे जिनको अपनाकर आप आपने रिश्ते में पहले जैसा प्यार दोबारा जगा सकते हैं। तो आइए जानते हैं तरीकों को बारे में।

## आई लव यू कहना

कई बार आप सोचते हैं कि शादी को इतना टाइम हो गया अब अपने पार्टनर को आई लव यू बोलने से क्या होगा। यह सब काम तो बच्चे और न्यूली मैरिड कपल करते हैं पर ऐसा नहीं जब आप अपने पार्टनर को अपना प्यार दिखाओगे तो वह बहुत खूश हो जाएंगे। अपनी शादी को खूशहाल बनाने के लिए रोजाना सुबह उठकर आई लव यू कहें। इससे धीरे - धीरे आपके रिश्ते में आई खटास दूर हो सकती है।

## डेट पर चलने के लिए कहें

अक्सर शादी से पहले लड़का और लड़की दोनों एक दूसरे के साथ समय बिताने के बहाने ढंढूते रहते हैं लेकिन शादी बाद एक दूसरे के साथ टाइम स्पेंड नहीं कर पाते जिससे कई बार रिश्ते खराब होने लगते हैं। अपनी शादी में फिर से वहीं प्यार लाने के लिए अपने पार्टनर के साथ डेट पर जाएं।

## गिफ्ट्स देना

पति और पत्नि दोनों को एक दूसरे को गिफ्ट्स देना चाहिए। चाहें कोई खास दिन हो या न अगर आप अपने पार्टनर को सरप्राइज देंगें तो बहुत खूश हो जाएंगे।

## अतीत की बातें

अतीत की अच्छी बाते करें जैसे कब मिले थे, पहला गिफ्ट क्या था, कब आई लव यू बोला जैसी बाते करें कभी पास्ट की ऐसी बाते न करें जिससे दूसरे को कोई परेशानी हो। दूसरे के इमोशन को ध्यान में रखकर बात करने से शादीशुदा जिंदगीं खुशहाल हो सकती है।





**शिशु में जुकाम और बंद नाक की समस्या होना एक आम बात है। इस मौसम में शिशु को इंफैक्शन और जुकाम का खतरा सबसे ज्यादा होता है। बड़े तो जुकाम होने पर बंक नाक की समस्या को झेल लेते है लेकिन बच्चों को इसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।**

# बंद हो जाए शिशु की नाक तो इन घरेलू तरीकों से करें इलाज

वैसे तो शिशु में सर्दी-जुकाम की समस्या को कुछ घरेलू तरीकों से दूर किया जा सकता है लेकिन कई दिनों तक ठीक न होने पर आपको तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। आइए जानते है शिशु में नाक बंद होने के लक्षण और उसे पहचान दूर करने के घरेलू उपचार।

## कैसे जानें कि शिशु के नाक बंद हैं?

शिशु की नाक बंद होने पर उनके सांस लेते समय घरघराहट की आवाज निकलती है। इसके अलावा सर्दी-जुकाम होने पर नाक बहना, सांस लेने में तकलीफ, दूध पीने में प्रॉब्लम और नाक लाल होने जैसी समस्याएं होती है।

- नाक बंद होने के कारण
- एलर्जी
- इंफैक्शन
- शरीर में बैक्टीरिया के कारण
- ठंड लगने के कारण
- साइनस इंफैक्शन के कारण

अपनाए ये घरेलू तरीके -

## सरसों का तेल

शिशु को जुकाम होने पर उनकी नाक में सरसों के तेल की 2 बूंदें डालें। इससे जुकाम भी ठीक हो जाएगा और उन्हें सांस लेने में तकलीफ भी नहीं होगी।

## भाप देना

सर्दी जुकाम होने पर शिशु को नहलाने की बजाए स्पंज स्नान कराएं। इसके अलावा सर्दी-जुकाम को दूर भगाने के लिए उन्हें भाप जरूर दिलवाएं।

## नारियल तेल

शिशु की नाक बंद हो जाए, तो आप नारियल तेल को हल्का गर्म करके नाक में डाल दें। कुछ ही देर में शिशु की बंद नाक खुल जाएगी।

## नींबू

4 नींबू के रस, छिलके और 1 चम्मच अदरक को फांके। इसमें पानी डालकर कुछ देर भिगो दें। इसके बाद इसमें उसी मात्रा में गर्म पानी और शहद मिक्स करके शिशु को पीलाएं।

## अदरक

6 कप पानी में 1/2 कप बारिक अदरक, 2 छोटी दालचीनी को डालकर 20 मिनट तक पकाएं। इसे छानकर चीनी और शहद मिक्स करके बच्चे को पिला दें। एक वर्ष से कम आयु के बच्चों को यह मिश्रण बराबर मात्रा में गर्म-पानी मिलाकर पिलाएं।

## संतरे

संतरा इम्यून सिस्टम को बढ़ाकर खांसी, गले में दर्द और नाक बहने की समस्या को दूर करता है। छोटे बच्चों को आप चम्मच की मदद से संतरे का रस भी पिला सकते हैं।



**बच्चे की पहली पाठशाला उसका घर होता है और पहली टीचर उसकी मां। बच्चे जरा सी भी गलती करें तो सबसे पहले यही बात सुनने के मिलती है कि बच्चे घर में कुछ नहीं सिखाया गया। पढ़ाई के साथ-साथ कुछ बुनियादी शिष्टाचार सिखाने भी बच्चों को बहुत जरूरी हैं। इन्हीं में से एक है टेबल मैनर्स यानि दूसरों के साथ बैठकर किस तरह से खाना खाना है और कैसा व्यवहार करना जरूरी है। इससे बच्चे के साथ-साथ आपके व्यक्तित्व की भी पहचान होती है।**

# बच्चों को सिखाएं टेबल मैनर्स

## बैठ कर खाने की आदत डालें

छोटे बच्चों के लिए एक जगह पर बैठना बहुत मुश्किल होता है। डाइनिंग टेबल पर खाना खाने के लिए बच्चों को साथ बिठा रहे हैं तो इस बात का ख्याल रखें कि उनकी कुर्सी आरामदायक हो। कुर्सी की ऊंचाई बच्चे की हाइट के मुताबिक हो, जिससे वह आराम से बैठ सके।

## सही तरीके से खिलाएं खाना

आप मेहमानों के साथ बैठ कर खाना खा रहे हैं तो बच्चों को नजरअंदाज न करें। बच्चों को बिना आवाज के खाना खाना सिखाएं। ज्यादा मुंह भरकर खाना न खिलाएं, निवाला सिर्फ उतना ही डालें, जितना वह आराम से खा सके। इसके अलावा प्लेट भर कर खाना न डालें, दोबारा जरूरत पड़ने पर खाना दोबारा सर्व करें।

## बर्तनों का सही इस्तेमाल

डाइनिंग टेबल पर बैठते समय बच्चे को इस बात की जानकारी जरूर दें कि कौन सा बर्तन किस तरीके से इस्तेमाल करना है। बड़े चम्मच को सूप और कटोरी का इस्तेमाल ग्रेवी वाली सब्जी के लिए किया जाता है।

खाना खाने के बाद बर्तन सिंक में रखना

बच्चे को शुरू से ही यह आदत डालें कि घर अपना हो या किसी और का, खाना खत्म हो जाने के बाद हमेशा प्लेट को सिंक में रखें।

## तारीफ भी करें

अपने बच्चे में इस बात की आदत भी डालें कि खाने के बाद खाना बनाने वाले की तारीफ भी करे।



**शिशु काफी नाजूक होते हैं, इसलिए उनकी देखभाल करते समय काफी सावधानियां बरतनी पड़ती है। शिशु को स्पनतान बंद करने बाद अन्य चीजों की आदत डालते समय मां को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो महिलाओं को समझ भी नहीं आता कि शिशु को किन चीजों का सेवन करवाएं।**



# ब्रैस्टफीडिंग बंद करने के बाद शिशु को जरूर कराएं इन चीजों का सेवन

स्तनपान बंद करवाने के बाद बहुत जरूरी है कि शिशु ऐसी हेल्दी चीजों का सेवन करें जो उसे स्वस्थ बनाएं रखें। आज हम आपको ऐसे ही कुछ फूड के बारे में बताने जा रहें है जिन्हें आप स्तनपान बंद करवाने के बाद शिशु को दे सकती हैं। इनसे बच्चों की सेहत भी बन जाएगी और वो इसे आसानी से खा भी लेंगे।

## हरी सब्जियां

शिशु को स्तनपान बंद करवाने के बाद आप उन्हें हरि सब्जियां जरूर खाने के लिए दें। मटर, पालक, गाजर, चुकंदर आदि को उबालकर मैश करके उसमें स्वादानुसार नमक मिला दें। इसे बच्चे आसानी से का भी लेंगे और उन्हें सब्जियां खाने की आदत भी पड़ जाएगी।

## डेयरी प्रोडक्ट

जब शिशु स्तनपान छोड़ता है तो उसे पर्याप्त मात्रा पोषण की जरूरत होती है। ऐसे में आप उन्हें डेयरी प्रोडक्ट्स भी दे सकती हैं। पनीर या दूध में मौजूद कैल्शियम शिशु को स्वस्थ रखते है।

## फल

आप शिशु को सीजनल फल भी खाने के लिए दे सकती है। सेब, संतरे, केले, आम या किसी भी फल से शिशु को पर्याप्त मात्रा में फाइबर और मिनरल्स मिल जाएगा।

## जूस

कई बार शिशु फल खाना पसंद नहीं करते या फिर उन्हें इसे चबाने में असुविधा होती है। ऐसे में आप उन्हें फल की बजाए उनका जूस दे सकती है। इसे वो पसंद भी करेंगे और उनके शरीर को जरूरी मिनरल्स भी मिल जाएंगे।

## सूप

आप शिशु को सब्जियों का सूप बनाकर भी दे सकती हैं। इससे ना केवल उनको पोषण मिलेगा बल्कि उनके शरीर में पानी की कमी नहीं होगी।

**संक्षिप्त खबरें**

## पलासी थाना पुलिस ने 172 लीटर नेपाली शराब व तीन बाइक के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार



**अररिया।** जिले की पलासी थाना पुलिस ने मंगलवार को तीन मोटरसाइकिल पर सवार तस्करों द्वारा तस्करी कर लाए जा रहे 172.2 लीटर नेपाली शराब बरामद किया। पुलिस की कार्रवाई में तीन मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया। वहीं एक तस्कर को पकड़ा गया है। जबकि दो अन्य मोटरसाइकिल पर सवार तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहे। पलासी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में पलासी थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। पलासी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि एसपी अंजनी कुमार के निर्देश पर होली को लेकर शराब की बरामदगी को लेकर विशेष छापेमारी अभियान के साथ वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है इसी क्रम में गुप्त सूचना पर नेपाल से तस्करी कर शराब लाए जाने की सूचना पर पुलिस की ओर से वाहनों की जांच की जा रही थी।इसी कड़ी में तीनों मोटरसाइकिल पर सवार तस्कर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर भागने लगे।जिसमें से एक को पकड़ लिया गया,जबकि दो भागने में कामयाब रहे।उन्होंने बताया कि मामले में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। हिरासत में लिए गए तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

## 10 हजार रिश्वत लेते दारोगा गिरफ्तार



**बगहा।** भैरोगंज थाना के एसआई ओमप्रकाश गौतम को मंगलवार की सुबह 10,000 रूपया की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पटना से आई निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर की। जानकारी के अनुसार दारोगा ओम प्रकाश गौतम एक व्यक्ति से किसी मामले में राहत देने के नाम पर रिश्वत मांग रहे थे, जिसके बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत निगरानी विभाग से की, टीम ने जाल बिछाकर उन्हें पकड़ने की योजना बनाई। जैसे ही दारोगा ने 10,000 की रिश्वत ली, टीम ने उन्हें रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इस गिरफ्तारी से जिला के पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। यह मामला न केवल पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि जनता के बीच पुलिस की छवि भी धूमिल करता है।

## गोदाम में लगी आग ,लाखों के सामान जले

**नवादा।** नवादा के मुस्लिम रोड स्थित रवि धागा दुकान के गोदाम में अचानक आग लगी। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। हालांकि यह आग कैसे लगी इसकी अभी तक सूचना नहीं मिल सकी है। आगलगी की घटना में लगभग लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो चुका है। बताया जाता है कि गोदाम में मजदूर काम कर रहे थे। तभी अचानक आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही सभी स्टाफ गोदाम से बाहर निकल गए। हालांकि अग्निशमन विभाग के कर्मी के द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। आग लगी की घटना के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की दवा कर रहे है ।अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आग पर काबू पा लिया जाएगा। गोदाम के मालिक रवि ने बताया कि 20 लाख रुपये के धागे रखे हुए थे ।जो जल गया ।उन्होंने बताया कि आग लगी के कर्म का पता नहीं लगाया जा सका।

## फरार अभियुक्त 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

**भागलपुर।** पुलिस अभिरक्षा से फरार अभियुक्त दिलखुश मंडल को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त आशय की जानकारी डीएसपी अजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को दी। डीएसपी ने बताया कि सुल्तानगंज थाना कांड सं-97/25 के अभियुक्त दिलखुश मंडल एवं बुच्चन मंडल जो हत्या के प्रयास मामले से संबंधित है, को बीते 10 मार्च को सुल्तानगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इसी क्रम में दिलखुश मंडल की तबीयत खराब होने पर उसे मायागंज अस्पताल ले जाया गया। जहाँ से इलाज के क्रम में वह फरार हो गया। इस संबंध में बरारी थाना सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया। इस मामले में सुल्तानगंज एवं बरारी थाना द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए बुच्चन मंडल के निशानदेही पर दिलखुश मंडल को 24 घंटे के अंदर विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं पुनः इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेजा गया।

## भारी मात्रा में शराब बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**भागलपुर।** होली को लेकर लगातार शराब तस्कर नए-नए तरीके से साथ शराब की तस्करी करने के फिराक में लगे हुए हैं। उत्पाद विभाग की टीम भी जिले में लगातार शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नाथनगर थाना क्षेत्र के बहवलपुर बगीचे में छापेमारी की। इस दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने एक ऑटो से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति नाथनगर थाना क्षेत्र के कबीरपुर का रहने वाला है। जिसका नाम मोहम्मद शहजाद है। वह झारखंड के गोड्डा से शराब की खेप लेकर भागलपुर पहुंचा था। उत्पाद टीम गिरफ्तार ऑटो चालक से इसके अन्य सहयोगियों के बारे में पूछताछ कर रही है। वहीं जल्द से यह शराब लेकर आ रहा था। वहां पर भी कार्रवाई करने के लिए रणनीति तैयार कर रही है।

## होली को लेकर डीजीपी ने सभी जिलों को सतर्कता बरतने के दिये निर्देश

**पटना।** बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने होली को लेकर सभी जिलों को अलर्ट करते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ अतिरिक्त पुलिस बलों की भी तैनाती की गई है। डीजीपी विनय कुमार ने सभी 38 जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) और पुलिस अधिकारियों को आदेश देते हुए, कहा कि हर चौक-चौराहे पर शराबियों पर नजर रखें। शराब पीने वाले और बेचने वाले दोनों के खिलाफ सख्त एक्शन लें। होली को देखते हुए पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों के अवकाश पर रोक का आदेश पहले ही जारी किया जा चुका है। इसमें विशेष परिस्थिति को छोड़कर दस से 18 मार्च तक अवकाश बंद करने का निर्देश दिया गया है। होलिका दहन को लेकर अग्निशमन विभाग भी पूरी तैयारी के साथ है। उन सभी स्थानों की पहचान करीब करीब पूरी कर ली गई, जहां बड़े स्तर पर होलिका दहन किया जाएगा। संवदेनशील इलाकों को सेक्टर और जोन में बांटा गया है। होलिका दहन के एक दिन पूर्व दमकल की 60 गाड़ियों को तय स्थानों पर कर्मियों और पदाधिकारियों के साथ तैनात किया जाएगा।

# विधान परिषद में तनिष्क लूटकांड को लेकर विपक्ष ने काटा बवाल

- बिहार में जब भी आपराधिक घटनाएं होती हैं तो तुरंत ही कार्रवाई होती है : नीतीश कुमार



**पटना।** बिहार में सोमवार को आरा शहर में तनिष्क शो-रुम से 25 करोड़ रुपये की ज्वेलरी लूट का मामला मंगलवार को बिहार विधानमंडल में गूंजा। इस दौरान विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी और अन्य राजद सदस्यों ने इस मामले को लेकर जमकर बवाल काटा। विपक्ष के सवालों का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सदन में कहा कि बिहार में जब भी आपराधिक घटनाएं घटती हैं तो उस पर तुरंत कार्रवाई होती है।

सदन में बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर विपक्षी सदस्यों ने विधान परिषद में हंगामा किया। आरा के तनिष्क शोरुम लूट सहित कई घटनाओं पर सदस्यों ने सवाल उठाए। जिसका जवाब देने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश खड़े हुए और कहा कि प्रदेश में किसी अपराधी को छोड़ा नहीं जाता, आप लोग अभी जान बुझकर के पता नहीं क्यों ऐसी गड़बड़ करते हैं। जरा सा भी कुछ होता है तो तुरंत एक्शन लिया जाता है। हमको भी जब भी पता चलता है, हम उसको खुद देखते हैं और कार्रवाई करते हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि हम तो कहेंगे जिसको जो करना है, अपने हिसाब से करे, लेकिन यह ठीक चीज नहीं है। जिसके बाद सदन में विपक्षी सदस्यों ने खड़े होकर अन्य जिलों में महिलाओं के साथ घटने वाली घटनाओं का जिक्र किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि, कही आपको गड़बड़ लग रहा है तो तुरंत सूचना दें, हम तुरंत एक्शन लेंगे।

मंगलवार को बिहार विधान परिषद की कार्यवाही शुरू होने से पहले सदन के बाहर राजद के सदस्यों ने राज्य में बढ़ते अपराध की घटनाओं को लेकर सरकार को घेरा। विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी के नेतृत्व में राजद सदस्यों ने पोस्टर बैनर के साथ नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए।

बिहार विधान परिषद के पोर्टिको में राबड़ी देवी के नेतृत्व में तमाम विपक्ष के नेताओं ने प्रदर्शन किया और आरा में 25 करोड़ की लूट को लेकर सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। राजद के सदस्यों ने कहा कि इस तरीके की सुशासन की सरकार हमें नहीं चाहिए। राजद के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि सुशासन का दावा सिर्फ खोखला दावा बनकर रह गया है। जमीन पर कितना काम हो रहा है, उसका नतीजा बिहार की जनता भुगत रही है।

## विधानसभा में गूंजे डीपीओ, सीडीपीओ पर रुपये वसूली के मामले

**नवादा।** जिले में हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीतू कुमारी ने बिहार विधानसभा में बाल विकास परियोजना के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी तथा सीडीपीओ पर विधानसभा क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों से जांच के नाम पर रुपये वसूली का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है ।

विधायक नीतू कुमारी ने विधानसभा अध्यक्ष के आदेश पर उठाए गए सवाल में कहा है कि हमारे विधानसभा क्षेत्र के हिसुआ, नरहट तथा अकबरपुर प्रखंड क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों के जांच के नाम पर लाखों रुपये की अवैध वसूली आईसीडीएस के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा की जा रही है। ।इसकी जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए ।

उन्होंने यह भी कहा है कि बाल विकास परियोजना में व्यापक लूट जारी है ।विधायक ने दूरभाष पर बताया कि उन्होंने समाज कल्याण विभाग के सचिव से शिकायत कर नवादा आईसीडीएस के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा पूरे जिले में लूट का एक बड़ा रैकेट चलाए जाने के मामले की जांच की मांग की है।उन्होंने कहा है कि आईसीडीएस के डीपीओ कार्यालय में बाहरी कर्मियों को बैठाकर गोरखधंधा करवाया जा रहा है । जिसे बैठने के लिए अलग कार्यालय निर्धारित है।महिला पर्यवेक्षाका की नियुक्ति व स्थानांतरण में भी बड़े पैमाने पर अवैध राशि वसूली के मामले की जांच करने की भी मांग की गई है । इन दिनों भ्रष्टाचार के मामले में जिला प्रोग्राम कार्यालय आईसीडीएस चर्चा में बना हुआ है।वारिसलीगंज की सीडीपीओ ने भी डीपीओ को पत्र लिखकर मिशन शक्ति के कोऑर्डिनेटर हिना तबस्सुम से कार्यालय के सभी महत्वपूर्ण कार्य लिए जाने का सवाल उठाते हुए इसे गलत मामला बताया। ।कार्यालय के मर्यादा के विरुद्ध किए गए कई कार्यो का उल्लेख किया है। विधायक ने कहा है कि उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर इन भ्रष्टाचार्यियों के विरुद्ध जांच की जरूरत है। नहीं तो गरीबों का पोषाहार लूट का शिकार होने से नहीं बचेगा।

## सिंचाई विभाग के वेतनभोगी कर्मचारियों का सात सूत्री मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन

**सहरसा।** मौसमी-दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों से काम लेने के बाबजूद भी मजदूरी का भुगतान अब तक नहीं करने के खिलाफ सहित सात सूत्री मांगों को लेकर बिहार राज्य सिंचाई विभाग मौसमी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी यूनियन( महासंघ गोपगुट) के बैनर तले कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमंडल सहरसा के समक्ष विशाल आक्रोशपूर्ण धरना-प्रदर्शन एवं कार्यालय का घेराव जमकर हल्ला बोला।

कर्मचारी महासंघ(गोपगुट) के राज्य सलाहकार माधव प्रसाद सिंह ने कहा कि नहरी क्षेत्र के किसानों को खेत तक पानी पहुंचाने के नाम पर विभाग में सैकड़ो करोड़ का घोटाला हो रहा है लेकिन नहर पर काम करने वाले मौसमी मजदूरों के मजदूरी देने के लिए राशि नहीं है इस मजदूरी घोटाला का जाँच होनी चाहिए और उन्होंने कहा कि विभाग में काम करने वाले दैनिक वेतनभोगी बिजली मिस्त्री, प्लम्बर, खानशामा, सफाईकर्मी को पिछले एक वर्ष से आवंटन का बहाना बनाकर मजदूरी नहीं दिया. तत्काल इनलोगों को वेतन दे. महासंघ(गोपगुट) के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि अगर हमारी मांगों को नहीं माना गया तो आगे अनिश्चित आंदोलन करेंगे. धरना-प्रदर्शन भाकपा माले के युवा नेता कुंदन यादव एवं वरिष्ठ नेता विक्की राम ने भी सम्बोधित किया। मौके पर मौसमी कर्मचारी यूनियन के नेता ललन झा, बिजेंद्र यादव, बैद्यनाथ यादव, अरविंद कुमार पांडेय, शशि कुमार, राहुल कुमार, विजय यादव, महावीर मल्लिक, अरुण यादव, माहेश्वरी यादव, महेश राजभर, अब्दुल मजीद, अरविन्द यादव सहित सैकड़ो मौजूद रहे।

## सीएम ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क के सामने पटना स्टेशन के पास थर्ड टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) ब्रेक थ्रू का बटन दबाकर शुभारंभ किया। इसके बाद पश्चात् टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) भूमिगत मेट्रो लाईन के लिए कटिंग करते हुये बाहर निकली जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने पटना मेट्रो एलाइनमेंट कॉरिडोर-एक और दो के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में साइट मैप के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाईल, पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक पटना मेट्रो लाईन (कुल 6.01 किमी) को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लाईन को 15 अगस्त 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित है। भूमिगत मेट्रो लाईन के निर्माण हेतु 21 नवंबर 2023 को गांधी मैदान स्टेशन से टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) के द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया जो आकाशवाणी भूमिगत स्टेशन होते हुए पटना स्टेशन तक पहुंच चुकी है।

मुख्यमंत्री पटना रेलवे जंक्शन के पास भी पहुंचे और कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो निर्माण कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना का स्वरूप बेहतर ढंग से हमने तैयार करवाया है। इसके निर्माण कार्यों को लेकर हम लगातार निरीक्षण करते रहे हैं। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इसको लेकर हमने लगातार अधिकारियों को निर्देश दिया है। पटना मेट्रो रेल परियोजना को समय पूर्ण की जाए, ताकि लोगों को आवागमन में सहूलियत हो।

# पेज एक का शेष

## गैंगस्टर अमन साहू...

हमलावरों ने घात लगाकर इस वारदात को अंजाम दिया था और मौके से फरार हो गए थे।

**हत्याकांड से जुड़ा था अमन साहू का नाम :** वारदात को उस समय अंजाम दिया गया था, जब डीजीएम कुमार गौरव सुबह एनटीपीसी के केरेडारी स्थित दफ्तर जा रहे थे। कुमार गौरव की पीठ में गोली लगी थी, उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। इस हत्याकांड से अमन साहू का नाम जोड़ा जा रहा था।

**नक्सली भी रह चुका था कुख्यात गैंगस्टर :** अमन साहू, रांची के छोटे से गांव मतबे का रहने वाला था। उस पर झारखंड में रंगदारी, हत्या, एक्सटॉर्शन सहित 100 से ज्यादा मामले दर्ज थे। वह एक समय में हार्डकोर नक्सली भी रह चुका था और करीब 2013 में उसने अपना गैंग बनाया था। कोरबा में हुए गोलीकांड के बाद रायपुर पुलिस ने उसके 4 गैंग सदस्यों को गिरफ्तार किया था। हाल ही में रायपुर के शंकर नगर इलाके में एक व्यापारिक साझेदार के घर के बाहर फायरिंग की घटना के बाद से रायपुर पुलिस उसे पकड़कर पूछताछ कर रही थी।

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग से भी था अमन का संबंध :** अमन साहू का नाम कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से भी जोड़ा जाता था। सूत्रों के मुताबिक, अमन लॉरेंस को गुर्गे सप्लाई करता था और बदले में हाईटेक हथियार प्राप्त करता था। रायपुर के तेलीबांधा इलाके में बिल्डर के कार्यालय पर 13 जुलाई को हुई फायरिंग के मामले में भी अमन के गैंग का नाम सामने आया था।

## जल्द सलाखों के पीछे...

ऐसे में पुलिस की साख भी पूरे राज्य भर में धूमिल हो रही थी इसे देखते हुए डीजीपी ने यहां उच्चस्तरीय बैठक की।

**मामले की समीक्षा :** इससे पहले इस घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। जिसको एसडीपीओ अमित कुमार लीड कर रहे हैं। इस मामले में अब तक कटकमदाग थाना कांड संख्या-47/25, दिनांक-08।03।2025 धारा-103 (1)/3 (5) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत 02 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

**अपराधियों ने मारी थी गोली :** बता दें कि शनिवार सुबह एनटीपीसी के केरेडारी कोल परियोजना के डीजीएम (डिस्पैच) कुमार गौरव हजारीबाग से बड़कागांव जा आ रहे थे। इसी दौरान कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा चौक पर दो मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। उस वक्त वह स्कॉर्पियो गाड़ी पर सवार थे। गाड़ी में ड्राइवर के साथ एक और कर्मी था। कुमार गौरव पीछे की सीट में बैठे हुए थे। गोली सीधे कुमार गौरव को लगी और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। उनकी गाड़ी से उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना शनिवार 8 मार्च को सुबह 9.15 मिनट की है।

## धनबाद जेल में...

**सिमकार्ड का डिटेल्स निकाल कर पुलिस करेगी कार्रवाई :** माना जा रहा है कि मोबाइल फोन का प्रयोग प्रिंस गैंग के गुर्गे ही कर रहे थे। छापेमारी के बाद धनबाद मीडिया से बात करते हुए एसएसपी एचपी जनार्दनन ने जेल में मोबाइल मिलने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि मोबाइल में मिले सिमकार्ड और इसके काल डिटेल्स के आधार पर इसका इस्तेमाल करने वालों पर प्राथमिकी की जाएगी। दरअसल, पुलिस को इस बाबत सूचना मिली थी कि जेल के अंदर मोबाइल फोन का प्रयोग किया जा रहा है। इसके बाद सोमवार आधी रात को जिला प्रशासन की टीम जेल पहुंची।

**मोबाइल फोन के साथ खैनी, गुटखा और बीड़ी भी बरामद :** टीम का नेतृत्व उपायुक्त माधवी मिश्रा और एसएसपी एचपी जनार्दनन कर रहे थे। टीम में एसडीएम, एडीएम समेत कई डीएसपी और थानेदार शामिल थे। इस दौरान जेल के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। घंटो चली छापेमारी के दौरान प्रिंस खान के भाइयों के वार्ड से मोबाइल फोन बरामद किया गया। इसके अलावा जेल में खैनी, गुटखा और बीड़ी भी मिला। आधी रात के बाद प्रशासन की टीम जांच पड़ताल कर बाहर निकली।

**प्रिंस खान के नाम से की जाती है रंगदारी की मांग :** धनबाद वासेपुर के गैंगस्टर प्रिंस खान पिछले कई सालों धनबाद ही नहीं धनबाद के आसपास के कई जिलों के व्यवसाययों और पुलिस के लिए सिर दर्द बना हुआ है। बताया जाता है कि प्रिंस खान मिडिल ईस्ट के किसी देश में बैठा है, लेकिन इसके गुर्गे धनबाद और आसपास के जिलों की व्यवसायियों को प्रिंस खान के नाम से धमकता है फिर उनसे रंगदारी की मांग करते हैं।

रंगदारी की रकम अगर मिल जाती तो सब कुछ ठीक रहता है और नहीं तो फिर व्यवसायियों पर गोली चला दी जाती है। यह लंबे समय से चला आ रहा है। अब तक यही माना जाता रहा है कि यह सारा नेटवर्क जेल से ही ऑपरेट किया जाता है। हालांकि इसका पुख्ता सबूत अब तक पुलिस को नहीं मिली है। लेकिन धनबाद जेल में सोमवार की देर रात हुई छापेमारी में प्रिंस खान के भाइयों के जेल वार्ड से मिले मोबाइल से कई अहम जानकारी मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल धनबाद पुलिस जब्त मोबाइल के कॉल डिटेल के अलावा कई तरह की जांच कर रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि जेल से मोबाइल का इस्तेमाल किस कार्य के लिए किया जा रहा था।

## झारखंड में डॉक्टरों...

इनमें कई विशेषज्ञ डॉक्टर्स शामिल हैं। बुधवार (12 मार्च) को नामकुम स्थित एनएचएम परिसर में अनुबंध आधारित 105 चिकित्सकों के साथ ही 58 चयनित अभ्यर्थियों को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

**कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया :** इस संबंध में विभाग द्वारा कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है। जिन पदों पर नियुक्ति की गयी है, उनमें विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, दंत चिकित्सक, ओटी टेक्नीशियन और विधि परामर्शी के पद शामिल हैं। एनएचएम की ओर से 27 पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रतिनियुक्त करते हुए सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इनमें 11 डेंटल सर्जन की नियुक्ति प्रक्रिया दिसंबर 2023 में पूरी कर ली गयी थी।

**विस में उठा था चिकित्सकों की कमी का मामला :** झारखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित स्वास्थ्य केंद्रों-अस्पतालों मंश चिकित्सकों की कमी है, अनुबंध पर कार्यरत चिकित्सकों की कमी के कारण आम आदमी को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर बजट सत्र के दौरान झामुमो नेता सह मुख्य सचेतक मथुरा महतो ने डॉक्टरों की कमी का मामला झारखंड विधानसभा में उठाया था। खासकर जिला विशेष के ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों-अस्पतालों के रिक्त स्वीकृत पदों के विरुद्ध नियुक्ति पर चर्चा हुई थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग रेस हुआ और अब नियुक्ति पत्र सौंपने की तैयारी की जा रही है।

## झारखंड बजट...

इस जमीन को राज्यर सरकार लैंड बैंक से बाहर करने का प्रयास करेगी।

**13 सीमावर्ती जिलों में बनेंगे चेक पोस्ट :** मंत्री ने कहा कि सरकार सीमावर्ती 13 जिलों में चेक पोस्ट बनाएगी। इससे सरकार को एक हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। वहीं मंत्री ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि पर कहा कि सरकार सड़क सुरक्षा को स्कूलों की पाठ्य पुस्तकों में शामिल करेगी। ताकि अधिक से अधिक लोग इसे लेकर जागरूक हो सकें।

## पीएम मोदी को...

**'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर' (डोमिनिका, 2024) :** डोमिनिका ने भी प्रधानमंत्री मोदी के असाधारण प्रयासों को मान्यता देते हुए उन्हें 2024 में डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया।

**ग्रैंड कमांडर ऑफ़ द ऑर्डर ऑफ़ द नाइजर (नाइजीरिया, 2024) :** प्रधानमंत्री मोदी को 2024 में नाइजीरिया के दूसरे सर्वोच्च सम्मान, ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत-नाइजीरिया संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया।

**'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू' (रूस, 2024) :** जुलाई 2024 में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस की अपनी यात्रा के दौरान भारत-रूस संबंधों को बढ़ाने के प्रयासों के लिए पीएम मोदी को रूस के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से सम्मानित किया।

**'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' (भूटान, 2024) :** मार्च 2024 में, प्रधानमंत्री मोदी भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ़ द ड्रुक ग्यालपो को प्राप्त करने वाले पहले विदेशी शासनाध्यक्ष बनेंगे। इस सम्मान से भारत-भूटान संबंधों को मज़बूत करने में उनके अमूल्य योगदान को मान्यता मिली।

**ग्रैंड क्रॉस ऑफ़ द ऑर्डर ऑफ़ ऑनर (ग्रीस, 2023) :** उनकी कूटनीतिक उपलब्धियों के सम्मान में, प्रधानमंत्री मोदी को 2023 में राष्ट्रपति कतेरीना एन. सकेलारोपोलौ द्वारा ग्रीस के ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।

**ग्रैंड क्रॉस ऑफ़ द लीजन ऑफ़ ऑनर (फ्रांस, 2023) :** 13 जुलाई, 2023 को प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर प्राप्त करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रचेंगे। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक और सैन्य सम्मान है।

**ऑर्डर ऑफ द नाइल (मिस्र, 2023) :** प्रधानमंत्री मोदी को वैश्विक शांति और सहयोग में उनके नेतृत्व और योगदान को मान्यता देते हुए, राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सीसी द्वारा 2023 में मिस्र के ऑर्डर ऑफ द नाइल से सम्मानित किया गया।

**ऑर्डर ऑफ लोगोहू के ग्रैंड कम्पैनियन (पापुआ न्यू गिनी, 2023) :** मई 2023 में, प्रधानमंत्री मोदी को पापुआ न्यू गिनी के गवर्नर-जनरल बॉब दादा द्वारा ग्रैंड कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू से सम्मानित किया गया, जिसमें प्रशांत देशों के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने में उनके काम को मान्यता दी गई।

**लीजन ऑफ मेरिट (अमेरिका, 2020) :** प्रधानमंत्री मोदी को भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च सैन्य सम्मानों में से एक, लीजन ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया।

**किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां (बहरीन, 2019) :** भारत और बहरीन के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनकी भूमिका के लिए बहरीन ने 2019 में पीएम मोदी को किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां से सम्मानित किया।

**ऑर्डर ऑफ जायद (यूएई, 2019) :** 2019 में, द्विपक्षीय संबंधों में उनके असाधारण योगदान को स्वीकार करते हुए पीएम मोदी को यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ जायद से सम्मानित किया गया।

**निशान इज्जुद्दीन का शासन (मालदीव, 2019) :** मालदीव की अपनी यात्रा के दौरान, पीएम मोदी को 2019 में राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलीह द्वारा देश के सर्वोच्च सम्मान, निशान इज्जुद्दीन से सम्मानित किया गया था।

**फिलिस्तीन राज्य का ग्रैंड कॉलर (फिलिस्तीन, 2018) :** भारत-फिलिस्तीन संबंधों को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए पीएम मोदी को 2018 में राष्ट्रपति महमूद अब्बास द्वारा फिलिस्तीन के ग्रैंड कॉलर से सम्मानित किया गया था।

**अमीर अमानुल्लाह खान पुरस्कार (अफगानिस्तान, 2016) :** भारत-अफगानिस्तान संबंधों को मजबूत करने के उनके प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री को 2016 में अफगानिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, अमीर अमानुल्लाह खान पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**किंग अब्दुलअज़ीज़ सैश (सऊदी अरब, 2016) :** 2016 में, प्रधानमंत्री मोदी को सऊदी अरब के किंग सलमान बिन अब्दुलअजीज द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, किंग अब्दुलअजीज सैश से सम्मानित किया गया था।

## बलूचिस्तान में ट्रेन...

संगठन ने दावा किया कि इस हमले के दौरान उसने एक पाकिस्तानी सैन्य ड्रोन को भी मार गिराया है। वहीं, पाकिस्तान की सेना और पुलिस की ओर से अभी तक इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियां इस संकट से निपटने के लिए आपात बैठक कर रही हैं।

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान सेना ने बीएलए से निपटने के लिए हवाई हमलों की तैयारी कर ली है और विशेष बलों को तैनात कर दिया गया है। वहीं, बीएलए ने पाकिस्तान सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए अपने कैदियों की अदला-बदली की मांग की है। संगठन ने कहा कि यदि बलूच कैदियों और जबरन गायब किए गए लोगों को तुरंत रिहा नहीं किया गया, तो पाकिस्तान को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

बीएलए का कहना है कि उसने आठ घंटे की भीषण झड़प के दौरान पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान पहुंचाया है। संगठन का दावा है कि बलूचिस्तान में पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों की मौजूदगी पूरी तरह से अस्वीकार्य है और उन्हें तुरंत हटाया जाना चाहिए। इसके अलावा, बीएलए ने चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) प्रोजेक्ट को भी बंद करने की मांग की है।

वहीं, पाकिस्तानी अधिकारियों ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है और सिबी तथा सिविल अस्पताल क्वेटा में आपातकाल घोषित किया गया है। सरकार ने कहा है कि वे बंधकों की सुरक्षित रिहाई के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

बता दें कि बीएलए लंबे समय से बलूचिस्तान की आजादी की मांग करता रहा है। यह संगठन पाकिस्तान पर आरोप लगाता है कि वह बलूच समुदाय के प्राकृतिक संसाधनों का शोषण कर रहा है और वहां मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहा है। संगठन ने कई बार चीन और पाकिस्तान की संयुक्त परियोजनाओं को निशाना बनाया है, खासकर सीपीईसी को, जिसे बीजिंग और इस्लामाबाद दोनों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

# पूर्व राजा की सक्रियता बढ़ने को लेकर माओवादी ने बुलाई आपात बैठक

**काठमांडू।** प्रमुख विपक्षी दल माओवादी ने अपने पार्टी संगठन विस्तार को लेकर चलाए जा रहे सारे राजनीतिक अभियान को तत्काल स्थगित कर पार्टी की आपात बैठक बुलाई है। तराई मधेश में जागरण अभियान चला रहे प्रचण्ड काठमांडू पहुंच चुके हैं और पूर्व राजा की बढ़ती सक्रियता को लेकर वे मंगलवार को संसद में संबोधन करने वाले हैं। साथ ही विपक्षी गठबंधन की बैठक भी बुलाई गई है। माओवादी पार्टी के अध्यक्ष पुष्प कमल दहाल प्रचण्ड ने पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह की बढ़ती सक्रियता को लोकतंत्र, गणतंत्र, संघीयता और धर्मनिरपेक्षता के लिए खतरा बताते हुए सोमवार से पार्टी के सभी राजनीतिक कार्यक्रमों को स्थगित करने का निर्देश दिया है। प्रचण्ड ने पार्टी के सभी नेताओं को सोमवार को ही काठमांडू आने का फरमान जारी करते हुए आपात बैठक बुलाई है। माओवादी पार्टी के प्रवक्ता अग्नि सापकोटा ने कहा कि राजा के समर्थकों का इतनी बड़ी संख्या में सड़कों पर आना देश के लोकतंत्र, गणतंत्र, संघीयता और धर्मनिरपेक्षता पर बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष प्रचण्ड द्वारा इस बात पर चिंता जाहिर की गई कि माओवादी द्वारा दस वर्षों तक किए गए सशस्त्र संघर्ष के बाद प्राप्त उपलब्धि खतरे में है।

# सभी वादे पूरा करूंगा, लेकिन एक ही बजट में नहीं, विरोधियों को उमर अब्दुल्ला का जवाब

श्रीनगर(एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि वे अपनी पार्टी द्वारा चुनाव घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन उन्होंने कभी यह वादा नहीं किया था कि वे एक बजट में ही उन्हें पूरा कर दूंगा। बजट पर चर्चा का जवाब



देकर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस बजट के माध्यम से यह संदेश देना चाहते हैं कि वे सभी वादे पूरे करने को तैयार है। पीपुल्स कांफ्रेंस के चेयरमैन और हंदवाड़ा के विधायक सज्जाद लोन की चिंताओं का जवाब देकर सीएम उमर ने कहा कि बजट का महंगाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दिहाड़ी मजदूरों के मुद्दों पर उमर पीडीपी-बीजेपी के बजट भाषणों का हवाला देकर कहा कि उन्होंने दिहाड़ी मजदूरों को नियमित करने के लिए कुछ नहीं किया और उनके शासन में केवल 570 लोगों को नियमित किया। उन्होंने दैनिक वेतनभोगियों की समस्याओं के समाधान के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति के गठन की भी घोषणा की। सीएम उमर ने कहा कि उनका बजट जम्मू-कश्मीर के हर व्यक्ति और सभी राजनीतिक दलों के लिए एक प्रेम पत्र है। उन्होंने कहा, मैंने इसे एक प्रेम पत्र के रूप में स्वीकार किया है। यह भाजपा, पीसी, पीडीपी, एनसी, कांग्रेस के लिए एक प्रेम पत्र है।

# मां वैष्णो देवी की यात्रा में मौसम डाल रहा खलल, चप्पे-चप्पे पर मदद करने को तैयार हैं जवान

कटड़ा (एजेंसी)। मां वैष्णो देवी की यात्रा जारी है। श्रद्धालुओं को ठंडी हवाओं का सामना करना पड़ रहा है, सोमवार को वैष्णो देवी भवन की ओर रवाना हुए श्रद्धालुओं को अपनी यात्रा के दौरान बारिश का सामना करना पड़ा। बदले मौसम को लेकर मां वैष्णो देवी के सभी मार्गों पर श्राइन बोर्ड प्रशासन के साथ ही पुलिस विभाग, सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान और आपदा प्रबंधन दल के अधिकारी तैनात हैं और यात्रा पर निगाह रखे हुए हैं। आधार शिविर कटड़ा से चलने वाली हेलीकॉप्टर सेवा दिन में श्रद्धालुओं को उपलब्ध है। वहीं, बैटरी कार सेवा के साथ ही रोपवे केवल कार सेवा बिना किसी परेशानी के श्रद्धालुओं को मां वैष्णो देवी की यात्रा के दौरान इन सभी सेवाओं का श्रद्धालु लाभ उठाते नजर आए। वर्तमान में मां वैष्णो देवी की यात्रा में थोड़ी बढोतरी हुई है। श्रद्धालु मां वैष्णो देवी की यात्रा करने के उपरांत कटड़ा में प्रसाद के रूम में खरीदारी कर रहे हैं, जिससे व्यापारी वर्ग खुश है। वर्तमान में जिस तरह से मौसम का मिजाज है उम्मीद है कि श्रद्धालुओं को मां वैष्णो देवी की यात्रा के दौरान बारिश के साथ ही बर्फीली हवाओं का सामना भी करना पड़ सकता है। बीते 9 मार्च को 22635 श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी के दर्शन किए। वहीं, 10 मार्च को करीब 12500 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा कर भवन की ओर रवाना हो चुके थे। वहीं, जारी बारिश में अभी तक 11 लाख 10 हजार के करीब श्रद्धालु मां वैष्णो देवी की यात्रा कर चुके हैं।

# रेलवे ट्रैक पर फंसी एंबुलेंस 100 मीटर तक घसीटी गई बड़ा हादसा टला

रायगढ़ा (एजेंसी)। ओड़िशा के रायगढ़ा-मलकानगिरी-कोरापुट रेल लाइन पर सोमवार को एक बड़ा हादसा होने से पहले टल गया। दरअसल सिकरपाई और भालुमास्का स्टेशनों के बीच एक मालगाड़ी ने रेलवे ट्रैक पर फंसी एक एंबुलेंस को टक्कर मारते हुए करीब 100 मीटर दूर तक घसीटते हुए ले गई। गनीमत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, एक निजी आई हॉस्पिटल की एंबुलेंस जिसमें आठ मरीज सवार थे, रेलवे ट्रैक पर फंस गई। इसी बीच, एक मालगाड़ी ट्रैक पर आ गई और एंबुलेंस को टक्कर मारते हुए करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए आगे ले गई। हादसे के समय सतर्कता दिखाते हुए लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया, जिससे ट्रेन रुक गई और बड़ा हादसा होने से बच गया। इस एंबुलेंस में सवार मरीज आंखों की सर्जरी के लिए अनंता आई हॉस्पिटल जा रहे थे। उनके साथ एक आशा कार्यकर्ता भी मौजूद थीं। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। हुआ यह कि घटना होती उससे पहले ही एंबुलेंस में सवार सभी मरीज और ड्राइवर सुरक्षित बाहर निकल गए थे। इस घटना पर पूर्व तट रेलवे का कहना था कि लोको पायलट की सतर्कता के चलते बड़ा हादसा टल गया। रेलवे ने यह भी बताया कि दुर्घटनास्थल को 3 नवंबर 2024 को सुरक्षा के मद्देनजर घेराबंदी कर दी गई थी, लेकिन गांववालों ने अवैध रूप से इस बाड़ को हटा दिया था।

# ओडिशा के इतिहास में पहली बार सत्ता व विरोधी दल के विधायकों के बीच हाथापाई

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में भाजपा विधायक जयनारायण मिश्र के विवादित बयान को लेकर खड़ा हुआ विवाद थम नहीं रहा है। ओडिशा के इतिहास में पहली बाहर शासक एवं विरोधी दल के विधायकों के बीच हाथापाई होने की घटना हुई है।

उत्तर प्रदेश एवं बिहार जैसे राज्य के विधानसभा में शासक-विरोधी के बीच माइक फेंकने, मारपीट की घटना देखने में मिलती रही है। परन्तु पहली बार ओडिशा विधानसभा में इस तरह की स्थिति देखने को मिली है।

ओडिशा में पश्चिम ओडिशा के मिलने को ऐतिहासिक भूल होने की बात कुछ दिन पहले भाजपा विधायक मिश्र ने एक सरकारी सभा में कही थी। इसके साथ ही सभा में जब राज्य की गीत वंदे उत्कल जननी का गान चल रहा था तब वह अपनी सीट से खड़े नहीं हुए। वहीं, बीजद विधायक काली पट्टी बांधकर एवं हाथ में बैनर लिए



मिश्र के प्रसंग पर सरकार से जवाब मांगा, परन्तु सरकार से कोई उत्तर नहीं मिला।

कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक तारा प्रसाद वाहिनीपति ने कहा है कि मिश्र एवं भाजपा के विधायकों ने मेरी कालर पकड़ी, मुझे गाली दी। 25 वर्ष से मैं विधायक हूं ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी। स्पीकर से हम अनुरोध कर रहे थे, मगर वे नहीं सुन रहे है। हम भाजपा विधायकों की दादागिरी से नहीं डरने वाले हैं, आदिवासी, महिला, गरीब के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेस के हम 14 विधायक हैं, हम उनसे मारपीट नहीं कर सकते, परन्तु हम संवैधानिक रूप से अपना विरोध जारी रखने वाले है। विधानसभा के बाहर महात्मा गांधी की प्रतिमूर्ति के नीचे धरना प्रदर्शन करते कांग्रेस विधायक . वहीं भाजपा विधायक अशोक महांति ने कहा है कि ओडिशा शासन की जिम्मेदारी भाजपा को लोगों ने दी है। तीन दिन से विरोधी दल सदन नहीं चलने दे रहे हैं। आज भी जैसे ही प्रश्नोत्तर शुरू हुआ, विरोधी दल नारेबाजी करने लगे। मंत्री पर हाथ उठाए। हम कहना चाहते हैं, आप अपनी बात विधानसभा अध्यक्ष से कह सकते हैं, परन्तु किसी मंत्री के ऊपर आप हाथ नहीं उठा सकते हैं।

# अरविंद केजरीवाल के सामने आ गई नई मुसीबत, 5 साल पुराने मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को अधिकारियों को आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य पार्टी नेताओं के खिलाफ 2019 में द्वारका में बड़े पार्टी होर्डिंग्स लगाने के लिए सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। मामले की सुनवाई अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने की। सितंबर 2022 में मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने शिकायत खारिज कर दी। हालांकि, सत्र न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को पलट दिया और पुनर्विचार के लिए इसे मजिस्ट्रेट के पास वापस भेज दिया। विशेष न्यायाधीश द्वारा मजिस्ट्रेट अदालत को मामले पर



नए सिरे से निर्णय लेने का निर्देश दिए जाने के बाद, मजिस्ट्रेट ने अब मामले में एफआईआर दर्ज करने की याचिका पर विचार किया है। जनवरी में, विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि मजिस्ट्रेट द्वारा पहले शिकायत को खारिज करने के आदेश में यह पता लगाने की कोशिश नहीं की गई थी कि किया गया अपराध संज्ञेय है या नहीं। नई याचिका दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 156 (3) के तहत दायर की गई थी, जिसमें मजिस्ट्रेट पुलिस को एफआईआर दर्ज करने और संज्ञेय अपराध की जांच का आदेश देने का निर्देश दे सकता है। पुलिस को 18 मार्च तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया गया है।

# योगी के मंत्री का विवादित बयान : रंग से बचने के लिए मुस्लिम पहनें हिजाब

### समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने बयान पर नाराजगी जाहिर की

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री रघुराज सिंह के हालिया बयान ने गर्मी से पहले सियासी पारा चढ़ा दिया है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के पुरुषों को सलाह देकर कहा कि यदि वे होली के रंगों से बचना चाहते हैं, तो मुस्लिम मर्द हिजाब पहनें, रंग से बची रहेगी टोपी। उनका यह बयान विवाद का विषय बन गया है।

दरअसल अलीगढ़ में मंत्री सिंह ने कहा कि अगर मुस्लिम पुरुषों को होली पर रंगों से परहेज है और वे जुमे की नमाज के लिए घर से बाहर निकलना चाहते हैं, तब उनके पास दो ही विकल्प शेष हैं, तब या वे घर पर ही नमाज अदा करें या फिर महिलाओं की तरह हिजाब पहनकर बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि होली के दिन मस्जिदों को तिरपाल से ढक दिया जाता है, जिससे वे रंगों से सुरक्षित रह सकें। इसतरह मुस्लिम पुरुष भी खुद को हिजाब से ढक सकते हैं, ताकि उनके सफेद कपड़ों पर रंग न लगे। मंत्री ने कहा कि होली खेलने वालों को यह अंदाजा नहीं होता कि रंग उड़कर कहां गिरेगा। उन्होंने होली के त्यौहार में बाधा डालने वालों के लिए कड़े शब्दों में कहा कि इसतरह के लोग या प्रदेश छोड़ दें, या फिर जेल जाने के लिए तैयार रहें या यमराज से मिलने की तैयारी कर लें। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में बहस छिड़ गई है।



### राजनीतिक विवाद और प्रतिक्रियाएं

मंत्री सिंह के बयान पर विपक्षी दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कई नेताओं ने सांप्रदायिक बयान बताकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि इस तरह के बयान समाज में नफरत फैलाने का काम करते हैं और इससे धार्मिक सौहार्द बिगड़ सकता है।

### मुस्लिम समुदाय में नाराजगी

मुस्लिम संगठनों और नेताओं ने मंत्री के बयान पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता में दखल बताकर कहा कि सरकार को इस तरह की टिप्पणी करने वाले नेताओं पर कार्रवाई करनी चाहिए। कई मुस्लिम संगठनों ने मांग की कि होली और जुमे की नमाज को लेकर किसी भी तरह की जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए और सभी को अपने धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

# बर्ड फ्लू के खतरे को लेकर केंद्र ने पंजाब समेत 9 राज्यों में जारी किया अलर्ट

## -खांसी, लगातार सर्दी और नाक से खून के लक्षण दिखें तो लें डॉक्टर की सलाह

**चंडीगढ़, (एजेंसी)।** केंद्र सरकार के डेयरी एवं पशुपालन विभाग ने तत्काल प्रभाव से पंजाब में बर्ड फ्लू का अलर्ट जारी किया है। ये अलर्ट पंजाब के अलावा 9 अन्य राज्यों में भी जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक यह फ्लू लगातार बढ़ते खतरे और घातक एच5एन1 वायरस के फैलने के खतरे को देखते हुए जारी किया है।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि केंद्र सरकार के डेयरी और पशुपालन विभाग ने चेतावनी दी है कि बीमारी वाला चिकन खाने से कोई भी व्यक्ति इस घातक वायरस की चपेट में आ सकता है। इसलिए चिकन खाने वालों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इतना ही नहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस




वायरस के कुछ सबसे खराब लक्षणों के बारे में भी जानकारी दी है, जिनमें गंभीर खांसी, लगातार सर्दी और सबसे खतरनाक नाक से खून आना शामिल है। यदि किसी को भी इन लक्षणों का अनुभव होता है तो वह तुरंत डॉक्टर की सलाह ले।

मंत्रालय की सचिव ने जारी पत्र में कहा है कि भारत में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) वायरस फैल गया है। जो लोग संक्रमित चिकन खाते हैं वे वायरस से संक्रमित हो सकते हैं। पत्र में कहा गया है कि जनवरी 2025 से 9 राज्यों में यह वायरस के मामले सामने आए हैं, जिनमें सरकारी स्वामित्व वाले पोल्ट्री फार्म भी शामिल हैं। इस वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए इस पर ध्यान देने की जरुरत है। सभी सरकारी, वाणिज्यिक और पिछवाड़े पोल्ट्री फार्मों को जैव सुरक्षा उपायों को मजबूत करना होगा। बता दें कि पंजाब में बड़ी संख्या में लोग रोजाना चिकन का सेवन करते हैं, सिर्फ पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं और बच्चे भी मांसाहारी खाना खाते हैं।

# गरीबों में क्यों नहीं बांटा जा रहा मंदिरों का सोना-चांदी? वक्फ बिल पर भड़के मौलाना जवाद नकवी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रभावशाली शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद कल्बे जवाद नकवी ने वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इसने अपने विचार-विमर्श में त्रुटिपूर्ण प्रक्रिया अपनाई है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, धर्मगुरु ने कहा कि सभी वक्फ़ संपत्तियाँ सार्वजनिक संपत्ति हैं क्योंकि जनता ने उन्हें अच्छे कामों के लिए दान किया है। वक्फ़ बोर्ड सिर्फ़ चौकीदार है, मालिक नहीं। जैसे केंद्र सरकार भारत की चौकीदार है, मालिक नहीं। आप कश्मीर का नियंत्रण किसी और को, पाकिस्तान को नहीं दे सकते क्योंकि सरकार देश की मालिक नहीं बल्कि चौकीदार है।

नकवी ने आगे कहा कि दूसरी बात यह है कि आप वक्फ़ के लिए कह रहे हैं कि इससे ग़रीबों को फ़ायदा होगा। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि 5 लाख से ज़्यादा मंदिर हैं




और मंदिरों में हज़ारों टन सोना-चाँदी है। इसे ग़रीबों में क्यों नहीं बांटा जा रहा? इन मंदिरों में इतना सोना है कि अगर इसे बाँट दिया जाए तो हर ग़रीब हिंदू अमीर बन जाएगा। दूसरी बात ये कि अगर ये सोना वापस रिजर्व बैंक में चला जाए तो डॉलर 20 रुपये पर आ जाएगा और महंगाई खत्म हो जाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि आप मुसलमानों को नुकसान पहुंचाकर हिंदुओं को खुश करना चाहते हैं जबकि यह सिर्फ आपका भ्रम है क्योंकि हिंदू और मुसलमान एक दूसरे को नुकसान पहुंचाकर कभी खुश नहीं रह सकते। आप अपनी गलत नीतियों से उनके बीच के प्यार को नहीं तोड़ सकते इसलिए प्यार बना रहेगा और जिस तरह से आप हारे हैं, अगर आप नफरत फैलाएंगे और सबका साथ सबका विकास का नारा वापस लेंगे तो आप पिछली बार से भी ज्यादा बुरी तरह हारेंगे। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के प्रवक्ता सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा कि हम मानते हैं कि हमने जो कुछ भी सार्वजनिक रूप से कहा है, सरकार के सामने, जेपीसी के सामने, विपक्षी दलों के सामने और सत्ताधारी दल के सामने भी। हमें विश्वास है कि सद्बुद्धि आएगी और सरकार इस संशोधन को वापस लेगी। लेकिन अगर संशोधन वापस नहीं लिया गया और इसे पारित कर दिया गया तो हम इसके खिलाफ पूरे देश में अभियान चलाएंगे। हमारा अभियान पूरी तरह लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण होगा।

# सपा और बसपा मिलकर लड़ सकती है उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव

## -मायावती के बदलते तेवरों से राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर जारी

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के विधानसभा चुनाव में अभी काफी समय है, लेकिन प्रदेश में सरकार बनाने को लेकर गुणा-भाग लगाना शुरू हो गया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकालने के बाद तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मायावती ने अपने पिछले कुछ बयानों में बीजेपी को आड़े हाथों लिया है। मायावती के बदलते तेवरों से राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर जारी है। चर्चा है कि अखिलेश यादव और मायावती एक बार फिर साथ आ सकते हैं। अगर ये साथ आते हैं तो साल 1993 में मिली सपा-बसपा गठबंधन की करिश्माई जीत को दोहरा सकते हैं।

यूपी में जीत की हैट्रिक लगाने के लिए बीजेपी हिंदुत्व के एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम योगी ने बजट सत्र में इसकी बानगी भी पेश की है। उधर समाजवादी पार्टी अपने पीडीए के सहारे यूपी की सत्ता में वापसी करना चाहती है, लेकिन इसी बीच केशव देव मौर्य ने बड़ा बयान दिया है। केशव देव मौर्य ने कहा कि बीजेपी से अकेले ना ही समाजवादी पार्टी और ना ही बसपा जीत पाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे में बेहतर यही होगा कि सपा और बसपा दोनों मिलकर बीजेपी को सत्ता से हटाकर 2027 में सरकार बना लें।

केशव देव मौर्य इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। एक-दूसरे के राजनीतिक धुरविरोधी माने जाने वाले मायावती और अखिलेश यादव मोदी को सत्ता से हटाने के लिए 2019 लोकसभा चुनाव में एक साथ आ चुके हैं। इस चुनाव में मायावती 0 से 10 सीट पर पहुंच गई थी, लेकिन अखिलेश यादव 2014 के आंकड़ों पर ही सीमित रह गए थे। हालांकि 10 सीटों का फायदा होने के बाद भी मायावती ने सपा का वोट बसपा में ट्रांसफर ना होने का आरोप लगाते हुए अपने रास्ते अलग कर लिए थे।


इसके बाद से पूर्व सीएम मायावती अक्सर बीजेपी की तुलना में सपा और कांग्रेस पर ज्यादा हमले करने लगी थी। इस पर अखिलेश यादव समय-समय पर अपनी प्रतिक्रिया भी देते रहे हैं। यही नहीं, सपा ने बसपा के टिकटों पर भी सवाल खड़े किए हैं। वहीं राजनीतिक जानकारों की माने तो राजनीति में कोई किसी का स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। इसलिए ये कहना कि यह दोनों दल एक साथ नहीं आ सकते हैं, ये कहना गलत होगा।

वहीं चर्चा है कि मायावती के साथ गठबंधन करके अखिलेश यादव 1993 वाले करिश्मा को दोहराना चाहते है। दिसंबर 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराया गया था, उसके ठीक बाद साल 1993 में हुए विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा ने मिलकर सरकार बना ली थी। तब सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और बसपा के संस्थापक कांशीराम एक साथ आ गए थे।

# हिमाचल में अगले कई दिन हो सकती है बारिश और बर्फबारी, कई इलाकों में छाए हैं बादल

**शिमला (एजेंसी)।** मौसम फिर बदल रहा है। प्रदेश के लाहौल स्पीति में जहां दो दिन से बर्फबारी हो रही है। वहीं, अन्य इलाकों में बादल छाए हुए हैं। ऐसे में ठंड का असर कुछ दिन और रह सकता है। हिमाचल प्रदेश में होली समेत अगले चार दिन बारिश बर्फबारी के आसार हैं। मंगलवार को शिमला में हल्के बादल छाए हैं। जानकारी के मुताबिक लाहौल स्पीति में बीती रात रुक रुक कर बर्फबारी होती रही। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुतबिक मंगलवार को बारिश की गतिविधि कम रहेगी। वहीं, 12 मार्च से फिर बारिश का दौर शुरू हो सकता है, जो 16 मार्च तक जारी रहने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि इस दौरान कुल्लू, कांगड़ा और लाहौल स्पीति के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी जबकि मध्यवर्ती और निचले हिस्सों में बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री ज्यादा है। सबसे ज्यादा



तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मार्च में अब तक सामान्य से 44 फीसदी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है, केवल ऊना में सामान्य से कम बारिश हुई। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटों में राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बर्फबारी देखी गई और न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। यह सामान्य से 3-5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था और कई हिस्सों में 7-13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जिनमें ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, दक्षिण मंडी, दक्षिण चंबा, दक्षिण सोलन, और दक्षिण सिरमौर का हिस्सा आता है। मध्य पर्वतीय इलाकों में शिमला, उत्तर मंडी, उत्तर कांगड़ा, केंद्रीय चंबा, उत्तर सोलन, उत्तर सिरमौर, दक्षिण कुल्लू में कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। यह सामान्य से 3-5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था और 5-12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

लाहौल-स्पीति, किन्नौर, उत्तर चंबा, उत्तर कुल्लू के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। यह सामान्य से 2-4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है और -2 से 4 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटों के दौरान कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। मौसम विभाग ने बताया कि ईरान और आसपास के क्षेत्रों में चक्रवाती तूफान के चलते पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है इस वजह से दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश से दक्षिण हरियाणा तक असर रहेगा। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 12 मार्च, की रात से सक्रिय होगा।

# मुफ्त स्कीमों के वादों से बचेगी भाजपा? असम विस चुनाव से होगी नई शुरुआत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा अब चुनावों के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने जैसी घोषणाओं (फ्रीबीज) पर ब्रेक लगाने की तैयारी में है। पार्टी ने इसके स्थान पर एक वैकल्पिक मॉडल तैयार किया है, जो सीधे कैश ट्रांसफर या अन्य छूट (नॉन परफॉर्मिंग एक्सपेंडिचर) की जगह राज्य की जीडीपी को गति देने वाले आर्थिक उपायों पर केंद्रित होगा। वैसे इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से हो सकती थी, लेकिन इसे असम विधानसभा चुनाव तक के लिए रोक कर रखा गया है।

दरअसल बताया जा रहा है कि मुफ्त की स्कीमों के वादे की बजाय इस नए मॉडल की शुरुआत 2026 में होने वाले असम विधानसभा चुनाव से होगी। भाजपा यह व्यवस्था उन्हीं राज्यों में लागू करेगी, जहां पार्टी खुद सरकार में है, मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है या जहां अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। वैसे बताया यह भी गया है कि जहां पहले से फ्रीबीज की घोषणाएं हो चुकी हैं या पार्टी ने जिसका वादा किया हुआ है, वह योजनाएं जारी रहेंगी, लेकिन अगले चुनावों में वहां भी नया मॉडल लागू किया जाएगा। यानी 2028 के बाद भाजपा शासित सभी राज्यों में यह व्यवस्था होगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के हवाले से बताया जा रहा है कि दिल्ली चुनाव के दौरान ही शीर्ष नेतृत्व ने अगले चुनावों में फ्रीबीज का वैकल्पिक मॉडल अपनाने के लिए रणनीति बनाने पर विचार रखा था।

### सब्सिडी पर भी होगा पुनर्विचार

राज्य सरकारों को कई तरह की सब्सिडी पर हर महीने भारी खर्च करना पड़ता है। इनमें खाद्य सब्सिडी (जैसे- चावल और गेहूं को 2-3 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध कराना), कृषि सब्सिडी (किसानों को बिजली, उर्वरक और बीज पर दी जाने वाली छूट), शिक्षा और स्वास्थ्य सब्सिडी, परिवहन सब्सिडी तथा ऊर्जा सब्सिडी जैसी योजनाएं शामिल हैं।

### असम में 4 लाख स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक सहयोग

असम भाजपा के अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कहा कि राज्य में लगभग 4 लाख स्वयं सहायता समूह हैं, जिनमें प्रत्येक समूह में 10 महिलाएं जुड़ी हैं। इस प्रकार कुल 40 लाख महिलाएं इससे लाभान्वित हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार हर महिला को सालाना 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद देगी, जिससे उनका कारोबार बढ़ सके। अगले साल यह राशि 20 हजार रुपये कर दी जाएगी, जिसमें 10 हजार रुपये का लोन होगा, जिसे सस्ती ब्याज दरों पर चुकाना होगा, जबकि शेष 10 हजार रुपये सरकार की ओर से दिए जाएंगे। इस



प्रकार, पांच सालों में प्रत्येक महिला को कुल 90 हजार रुपये का सहयोग मिलेगा, जिससे राज्य की आर्थिक गतिविधियों में लगभग 33 हजार करोड़ रुपये का संचार होगा। इस नए फॉर्मूले के तहत भाजपा का लक्ष्य आर्थिक सुधार को प्राथमिकता देना और मुफ्त की योजनाओं की जगह उत्पादक निवेश को बढ़ावा देना है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर रोहित शर्मा का जोरदार स्वागत, फैंस बोले- जय हिंद



**मुंबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतकर वापस लौटे भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का मुंबई एयरपोर्ट पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। रोहित की एक झलक देखने के लिए लंबी कतारें लगी थीं। रोहित सिक्योरिटी के साय में अपनी कार में बैठकर रवाना हो गए। हालांकि इस दौरान उन्होंने हाथ हिलाकर एयरपोर्ट पर पहुंचे अपने प्रशंसकों का धन्यवाद भी किया। बता दें कि बीसीसीआई ने फिलहाल विजेता प्लेयरों के आगमन पर बस परेड की घोषणा नहीं की है इसलिए सभी प्लेयर अपने अपने घर निकल गए हैं। उम्मीद है कि आगामी दिनों में बीसीसीआई टीम को सम्मानित करने के लिए भव्य कार्यक्रम करवाएंगे।

आईसीसी ट्रॉफी जीतने के बाद रोहित शर्मा ने श्रेयस अय्यर की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पूरे टूर्नामेंट के दौरान, भारत का मिडिल ऑर्डर साइलेंट गार्ड की तरह रहा है, जो शीर्ष क्रम के ढहने के बाद टीम को प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाता है या मैच बचाने वाली साझेदारियां बनाने के लिए उनके साथ जुड़ता है। मुझे इस टीम पर बहुत गर्व है। हमें पता था कि परिस्थितियां कठिन होंगी, लेकिन हमने खुद को अच्छी तरह से ढाल लिया। अगर आप सभी खेलों को देखें, तो पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ था। मुझे पता है कि यह केवल 230 रन थे, लेकिन हम जानते थे कि विकेट थोड़ा धीमा था। हमें साझेदारी की जरूरत थी और बल्लेबाजों ने बड़ी साझेदारी की।

वहीं, बीसीसीआई ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुकरणीय नेतृत्व और सामरिक कौशल ने टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कप्तान रोहित के प्रेरणा देने और मिसाल कायम करने वाले नेतृत्व क्षमता ने भारत के विजयी अभियान में निर्णायक भूमिका निभाई है। उन्होंने टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर की भूमिका की भी सराहना की करते हुए कहा कि उनका निडर दृष्टिकोण और सामरिक अंतर्दृष्टि ने इस विजेता टीम को लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा कि पिछले साल टी-20 विश्वकप की सफलता के बाद यह जीत भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। एक और वैश्विक टूर्नामेंट में दबदबा बनाना और चैंपियंस ट्रॉफी जीतना एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। टीम ने बेजोड़ निरंतरता और अपने चरित्र के साथ खेला है मैं कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य कोच गौतम गंभीर और पूरी टीम को उनकी ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई देता हूं।

## लखनऊ सुपर जायंट्स को झटका गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल 2025 के पहले हाफ से बाहर!



**मुंबई (एजेंसी)।** को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले बड़ा झटका लगा है। लखनऊ के तेज गेंदबाज मयंक यादव पीठ की चोट के कारण आईपीएल के पहले हाफ से बाहर हो गए हैं। मयंक इस समय बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं। मयंक को पिछले साल अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में चोट लगी थी। लखनऊ ने नवंबर में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले मयंक को 11 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। लखनऊ ऋषभ पंत की कप्तानी में 24 मार्च को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, मयंक कमर की चोट से उबर रहे हैं और उन्होंने अभी-अभी गेंदबाजी शुरू की है। बीसीसीआई ने मयंक की वापसी के लिए अभी कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है, लेकिन अगर वह अपने गेंदबाजी कार्यभार को बढ़ाने के साथ-साथ सभी फिटनेस मापदंडों को पूरा करते हैं, तो वह आईपीएल के दूसरे हाफ में खेल सकते हैं। पिछले सीजन के दौरान मयंक ने लगातार 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की, जिससे उन्हें अपने पहले दो मैचों में लगातार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने में मदद मिली। साइड स्ट्रेन के कारण पिछले सीजन में मयंक ने चार मैच ही खेले थे। रिकवरी के दौरान उन्हें फिर चोट लग गई। बांग्लादेश के खिलाफ टी20आई में मैदान पर लौटने के बाद उन्हें फिर चोट का सामना करना पड़ा। फ्रेंचाइजी के मेंटर जहीर खान ने कहा, एनसीए के साथ उनकी रिकवरी और फिटनेस के रोडमैप के बारे में हमारी कुछ दिलचस्प बातचीत हुई है, इसलिए हम उनके साथ काम कर रहे हैं। हमें उनके समर्थन की भी उम्मीद है, वे वास्तव में एक युवा खिलाड़ी की देखभाल करने के दर्शन को अपनाएंगे क्योंकि वह न केवल एलएसजी के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि वह भारतीय क्रिकेट के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ खास अंदाज में मनाने की तैयारी ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड ने बनाया प्लान



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड 2027 में टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए विशेष इंतजाम कर रहा है। टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में डे नाइट टेस्ट की तैयारी हो रही है। इतिहास का पहला टेस्ट 1877 में हुआ था, जबकि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच शताब्दी टेस्ट 100 साल बाद हुआ। दोनों टेस्ट मेजबान टीम ने 45-45 रन से जीते हैं। 150वीं वर्षगांठ का मैच ऑस्ट्रेलिया की गर्मियों की छुट्टियों के अलावा 11-15 मार्च को आयोजित किया जाएगा और यह 100,000 की क्षमता वाले मैदान पर डे-नाइट के रूप में खेला जाने वाला पहला पुरुष टेस्ट होगा। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पिछले महीने की शुरुआत में इस मैदान पर सफल महिला एशेज पिंक बॉल क्लैश के बाद पहली बार पुरुषों के डे-नाइट टेस्ट की मेजबानी करेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के नवनियुक्त प्रमुख टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, एमसीजी में 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट क्रिकेट के सबसे शानदार आयोजनों में से एक होगा। डे नाइट में खेलना हमारे खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा।उन्होंने कहा, इस सीजन की एशेज सीरीज ठीक दो साल बाद होने वाले इस मुकाबले के लिए उत्सुकता बढ़ाएगी और हम इस ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि यह नजदीक आ रहा है।ऑस्ट्रेलिया का इंग्लैंड में 5 टेस्ट मैचों का दौरा इस साल नवंबर में शुरू होगा। एलन आर ऑस्ट्रेलियन 2027 में भारत के खिलाफ ब्लॉकबस्टर घरेलू पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद 150वीं वर्षगांठ के टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेंगे।

# डब्ल्यूएफआई भारतीय कुश्ती महासंघ को मिली राहत

## खेल मंत्रालय ने निलंबन हटाया, विवाद खत्म होने के आसार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को बड़ी राहत मिली है और खेल मंत्रालय ने महासंघ पर लगाया निलंबन तत्काल प्रभाव से हटा लिया है। डब्ल्यूएफआई में पिछले कुछ वर्षों से विवाद चल रहा था और खेल मंत्रालय के इस फैसले के बाद विवाद खत्म होने के आसार नजर आ रहे हैं।


### किस कारण लगा था निलंबन?

खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुआई वाली डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति पर खेल संहिता के उल्लंघन के आरोप के चलते निलंबन लगाया हुआ था। कुश्ती की वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भी पिछले साल संजय सिंह की अगुआई वाली डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया था। इसके बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारत में कुश्ती का दैनिक कार्य देख रही भूपेंद्र सिंह बाजवा के नेतृत्व वाले तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय लिया था। डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष संजय सिंह को भले ही यूडब्ल्यूडब्ल्यू और आईओए से राहत मिल गई थी, लेकिन केंद्र सरकार से उन्हें राहत मिलने का इंतजार था जो अब जाकर पूरा हुआ। सरकार ने डब्ल्यूएफआई पर नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए कार्रवाई की थी और चुनाव संपन्न होने के तीन बाद ही डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया गया था।

डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के नेतृत्व वाली समिति ने 21 दिसंबर 2023 को चुनाव जीता था। इसके बाद उन्होंने अंडर-15 और अंडर-20 वर्ग के राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने की घोषणा की थी। हालांकि, इस चैंपियनशिप का आयोजन स्थल गोंडा के नंदिनी नगर में रखा था जो बृजभूषण का गढ़ है। यह बात सरकार को चुभी थी। खेल मंत्रालय ने 24 दिसंबर 2023 को कार्रवाई करते हुए डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने का फैसला किया था।

### मंत्रालय ने निर्देशों का पालन करने कहा

इसमें यह भी कहा गया है कि डब्ल्यूएफआई को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन खेल संहिता के मौजूदा प्रावधानों और यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा समय-समय पर जारी नियमों के साथ इस संबंध में जारी अन्य नवीनतम निर्देशों के अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है जिसका पालन नहीं किया जा सकता।मंत्रालय के निलंबन और प्रमुख पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और सत्यव्रत कादियान द्वारा दायर अदालती मामलों के कारण भारतीय पहलवान जाग्रेब और अल्बानिया में रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाए थे। बृजभूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले पहलवानों ने तर्क दिया था कि निलंबित होने के कारण डब्ल्यूएफआई के पास राष्ट्रीय टीमों को चुनने का अधिकार नहीं है।



### 15 महीने बाद हटा निलंबन

डब्ल्यूएफआई के निलंबन के कारण पहलवानों को कई तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा था। इस वजह से महासंघ और खेल मंत्रालय के बीच टकराव की स्थिति भी पैदा हो रही थी जिसका सबसे ज्यादा नुकसान पहलवानों को हुआ। हालांकि, निलंबन हटने से घरेलू टूर्नामेंट आयोजित करने के रास्ते खुल गए हैं और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के चयन के लिए भी अब दुविधा नहीं होगी। मंत्रालय ने अपने आदेश में बताया कि डब्ल्यूएफआई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं जिस कारण उस पर लगे निलंबन को हटाया जाता है। खेल मंत्रालय ने इस तरह करीब 15 महीने बाद डब्ल्यूएफआई पर लगा निलंबन हटाया।

### संजय सिंह ने जताया आभार

डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, मैं इस फैसले के लिए मंत्रालय का आभार व्यक्त करता हूं। अब हम सुचारू रूप से काम कर सकेंगे। खेल के लिए यह बेहद जरूरी था। खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाने के कारण परेशान थे। मंत्रालय ने हालांकि डब्ल्यूएफआई से कुछ निर्देशों का पालन करने को कहा है जैसे कि डब्ल्यूएफआई को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्वाचित पदाधिकारियों के बीच शक्ति का संतुलन बना रहे तथा वह स्वयं को निलंबित या बर्खास्त किए गए अधिकारियों से अलग रखे। नए महासचिव प्रेम चंद लोचब विरोधी खेमे से चुने गए थे और मंत्रालय के निर्देश को उसी संदर्भ में समझा जा सकता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित, ब्रेसवेल को बनाया कप्तान




**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार से शुरु होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए माइकल ब्रेसवेल को टीम का कप्तान बनाया है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्वकप के लिए न्यूजीलैंड की तैयारियों के मद्देनजर यह श्रृंखला महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिच सेंटनर की जगह लेंगे। ब्रेसवेल के लिए घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड की अगुआई करने का यह पहला मौका है, इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान दौरे पर सफेद गेंद टीम की कप्तानी की थी। टीम में ईश सोढ़ी की वापसी हुई है। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और विल ओ'रुरके पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। जबकि मैट हेनरी फिटनेस आकलन के बाद अंतिम दो मैचों में खेलेंगे।

टीम का कप्तान बनाए जाने पर ब्रेसवेल ने कहा, 'अपने देश की कप्तानी करना बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने पिछले वर्ष पाकिस्तान में टीम की कप्तानी का लुफ्त उठाया था और इस सीरीज के लिए उनमें से कई खिलाड़ियों की टीम में वापसी बहुत बढ़िया है। मिच सेंटनर ने बेहतरीन काम किया है और मेरा ध्यान उनके अच्छे काम को आगे बढ़ाने पर रहेगा, साथ ही टीम के प्रदर्शन के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करना होगा।

**पाकिस्तान के साथ टी20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम**

माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस (मैच 4-5), मिच हे, मैट हेनरी (मैच 4-5), काइल जैमीसन (मैच 1-3), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, विल ओ'रुरके (मैच 1-3), टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी।

## दीप्ति शर्मा ने अमेलिया केर को पछाड़ा, आईसीसी महिला रैंकिंग में शीर्ष में पर पहुंचीं

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय की नवीनतम महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पछाड़कर एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में पहुंच गई। भारत की 27 वर्षीय ऑलराउंडर दीप्ति 344 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं।



ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर शीर्ष पर काबिज हैं। दीप्ति टी20 ऑलराउंडर की रैंकिंग में तीसरे जबकि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। श्रीलंका की शीर्ष ऑलराउंडर चामरी अटापट्टू न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला के बाद दो स्थान के फायदे से ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है।

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला 2-0 से जीती थी जिसमें अटापट्टू ने 25 रन बनाने के अलावा तीन विकेट चटकाए थे। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति मंधाना शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं।

## बचपन से ही मेरा एक ही सपना था, ऋषभ पंत ने चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद किया खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने खुलासा किया कि बचपन से ही उनका एक ही सपना था भारत के लिए खेलना, जो कड़ी मेहनत और लगन के बाद 2017 में साकार हुआ। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे पंत को टूर्नामेंट में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि केएल राहुल को उनसे आगे चुना गया था।



पंत आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन में अपनी नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी में फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिकॉर्ड तोड़ 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। पंत ने कहा, बचपन से ही मेरा एक ही सपना था - भारत के लिए खेलना। मैंने कभी आईपीएल में खेलने के बारे में सोचा भी नहीं था। मुझे लगता है कि आज लोग आईपीएल पर ज़्यादा ध्यान देते हैं। बेशक, यह एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म है, लेकिन मेरा मानना ??है कि अगर आपका लक्ष्य अपने देश के लिए खेलना है, तो बाकी सब कुछ - जिसमें आईपीएल भी शामिल है - आखिरकार अपने आप ठीक हो जाएगा। अगर आपकी सोच बड़ी है, तो सफलता आपके पीछे-पीछे आएगी। मुझे हमेशा से लगता था कि मैं एक दिन भारत के लिए खेलूंगा और भगवान ने मेरी मेहरबानी की। 18 साल की उम्र में मुझे डेब्यू करने का मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं।

अपने पावर-हिटिंग कौशल के अलावा पंत अपने अपरंपरागत शॉट-मेकिंग कौशल के लिए भी जाने जाते हैं, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह उन्हें स्वाभाविक रूप से आता है। विकेटकीपर ने कहा, पहले, बहुत से खिलाड़ी ये शॉट खेलते थे। मैंने माही भाई (एमएस धोनी) के पुराने वीडियो देखे हैं, और उन्होंने भी लैप शॉट खेला है। लेकिन प्रतिशत के हिसाब से, मुझे लगता है कि वे इसे कम खेलते थे। अब खेल बदल रहा है - फील्ड प्लेसमेंट अलग हैं, और खिलाड़ी इसे अपना रहे हैं। कुछ को लग सकता है कि यह उनके खेल के लिए जरूरी है, जबकि अन्य को नहीं। दिन के अंत में, आप खेल को कैसे पढ़ते हैं, यह निर्धारित करता है कि आप इसे कैसे खेलते हैं।

कई बार अपने बल्ले के हाथ से फिसलने के पीछे के कारण पर टिप्पणी करते हुए पंत ने कहा, मुझे लगता है कि ऐसा ज़्यादातर इसलिए होता है क्योंकि मैं अपने निचले हाथ को बहुत हल्के से पकड़ता हूं। मैं मुख्य रूप से अपने निचले हाथ का इस्तेमाल सहारे के लिए करने की कोशिश करता हूं क्योंकि कई बार यह हावी होने लगता है। इसलिए, मैं अपने ऊपरी हाथ को कसकर पकड़ने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। लेकिन जब मैं ओवररीच करता हूं - खासकर जब गेंद बहुत चौड़ी या बहुत छोटी होती है - तो यह हमेशा आदर्श हिटिंग जोन में नहीं होता है।

उन्होंने कहा, कभी-कभी, मैं जो शॉट लगाने की कोशिश करता हूं, उसकी सफलता दर केवल 30-40 प्रतिशत हो सकती है, लेकिन मैच की स्थिति के आधार पर, मैं यह जोखिम उठाने को तैयार हूं। यही मेरी मानसिकता है। जब मैं वह जोखिम लेता हूं और ओवररीच करता हूं, तो मुझे संतुलन बनाए रखने के लिए कुछ करने की जरूरत होती है। कभी-कभी, ऐसा लग सकता है कि मैं बल्ला फेंक रहा हूं, लेकिन वास्तव में, मैं बस उस डिलीवरी का अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश कर रहा होता हूं। अगर मेरा बल्ला फिसल जाता है, अगर यह मेरे हाथ में नहीं है, या यहां तक कि अगर यह मेरे सिर पर भी लग जाता है - तो उस समय मेरा एकमात्र ध्यान बाउंड्री ढूंढना होता है। यही मेरी सोच है।

# सोने में तेजी के साथ कारोबार, चांदी के भाव में भी तेजी

## - सोने के भाव 85,600 रुपए, चांदी 96,800 रुपए के करीब

**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखने को मिल रही है। मंगलवार दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। मंगलवार को सोने के वायदा भाव 85,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 96,800 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में सुस्त शुरुआत के बाद सुधार देखने को मिल रहा है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 184 रुपये की तेजी के साथ 85,603 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 85,419 रुपये था। इस समय यह 214 रुपये की तेजी के साथ 85,633 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 281 रुपये की तेजी के साथ 96,746 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 96,465 रुपये था। इस समय यह 324 रुपये की तेजी के साथ 96,789 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं वैश्विक अंतरराष्ट्रीय बाजार में



सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई लेकिन बाद में इनके भाव सुधर गए। कॉमेक्स पर सोना 2,893.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,899.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.30 डॉलर की तेजी के साथ 2,900.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.46 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.53

# एचएफसीएल की सब्सिडियरी को आर्मी ने दिया काम, शेयरों की कीमत 100 रुपये से भी है कम

**नई दिल्ली।**

इंडियन आर्मी की तरफ से एचएफसीएल की सब्सिडियरी को काम मिला है। इस प्रोजेक्ट की कुल वैल्यू 44.36 करोड़ रुपए है। कंपनी के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। बीएसई में एचएफसीएल 84.81 रुपए के लेवल पर खुला। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 85.90 रुपए के लेवल पर था। एचएफसीएल ने बताया कि सब्सडियरी एचटीएल को 44.36 करोड़ रुपए का काम मिला है। कंपनी को इंडियन आर्मी को टैक्टिकल ऑप्टिकल फाइबल केबल एसेंबलीज का काम मिला है।

इससे पहले कंपनी ने बीएसएनएल के साथ फरवरी में समझौता किया है। पंजाब टेलीकॉम सर्किल में कंपनी को 2501.30 करोड़ का काम मिला है। दिसंबर क्वार्टर एचएफसीएल के लिए बहुत अच्छा नहीं रहा है। इस दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 10.40 फीसदी गिरा है। कंपनी का नेट प्रॉफिट 73.65 करोड़ रुपये रहा है। बता दें एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 82.24 करोड़ रुपए रहा। स्टॉक मार्केट में एचएफसीएल के शेयर संघर्ष करते दिखे हैं। बीते एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 15 फीसदी गिरा है। वहीं, इस साल अबतक यह स्टॉक 26 फीसदी टूट चुका है। एक साल पहले एचएफसीएल के शेयरों पर दांव लगाने वाले निवेशकों को अबतक 18 फीसदी का नुकसान हुआ है।

दो साल में कंपनी के शेयरों का भाव 23 फासदी बढ़े हैं जबकि इस दौरान सेंसेक्स में 26 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। वहीं, तीन साल में स्टॉक का रिटर्न महज 13 फीसदी ही रहा है। जोकि सेंसेक्स इंडेक्स के 34 फीसदी के रिटर्न से कम है।

# 11 से 15 मार्च तक 4 कंपनियां करने वाली हैं स्टॉक स्प्लिट

**नई दिल्ली ।**

इस हफ्ते चार कंपनियां अपने शेयरों का स्टॉक स्प्लिट करने जा रही हैं, जिससे उनके शेयर अधिक किफायती हो जाएंगे। स्टॉक स्प्लिट का मुख्य उद्देश्य छोटे निवेशकों के लिए शेयरों को सस्ता बनाना और बाजार में तरलता (लिक्विडिटी) बढ़ाना है। इससे ज्यादा निवेशक इन कंपनियों के शेयर खरीदने के लिए आकर्षित होंगे। आईओएल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स ने अपने स्टॉक को 10 रुपए प्रति शेयर से घटाकर 2 रुपए प्रति शेयर करने का फैसला किया है। कंपनी ने इसके लिए 11 मार्च 2025 को रिकॉर्ड डेट तय की है। इसका मतलब है कि जो निवेशक इस तारीख तक कंपनी के शेयर होल्ड करेंगे, उन्हें स्प्लिट के अनुपात में अतिरिक्त शेयर मिलेंगे। मेहाई टेक्नोलॉजी ने भी अपने शेयरों का स्टॉक स्प्लिट करने की घोषणा की है। इस कंपनी के शेयर 10 रुपए से 1 रुपए प्रति शेयर किए जाएंगे। इसका एक्स-डेट 13 मार्च और रिकॉर्ड डेट 14 मार्च 2025 तय की गई है। इसी तरह, शालीमार एजेंसिस भी अपने स्टॉक का विभाजन कर रही है। इसके शेयर भी 10 से 1 रुपए प्रति शेयर हो जाएंगे। इसका एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट भी 13 और 14 मार्च को तय किया गया है। इसके अलावा, शंगार डेकोर अपने शेयरों को 5 से 1 रुपए प्रति शेयर करने जा रही है। इस कंपनी के स्टॉक स्प्लिट के लिए भी एक्स-डेट 13 मार्च और रिकॉर्ड डेट 14 मार्च 2025 तय की गई है। स्टॉक स्प्लिट का मतलब होता है कि कंपनी अपने मौजूदा शेयरों को छोटे हिस्सों में विभाजित कर देती है। इससे शेयर की कीमत घट जाती है, लेकिन कंपनी का कुल बाजार मूल्य वही बना रहता है। उदाहरण के लिए, अगर किसी कंपनी ने 1:5 स्टॉक स्प्लिट किया है, तो पहले जो एक शेयर 100 रुपए का था, वह अब पांच हिस्सों में बंट जाएगा और प्रत्येक शेयर की कीमत 20 रुपए होगी। हालांकि, निवेशकों के कुल शेयरों का मूल्य 100 रुपए ही रहेगा। स्टॉक स्प्लिट से छोटे निवेशकों के लिए शेयरों को खरीदना आसान हो जाता है। जब किसी कंपनी के शेयर बहुत महंगे हो जाते हैं, तो खुदरा निवेशकों के लिए उन्हें खरीदना मुश्किल हो जाता है। इसलिए कंपनियां स्टॉक स्प्लिट करके उन्हें सस्ता बनाती हैं, जिससे ज्यादा लोग उनमें निवेश कर सकें।

# आटे की कीमत में कमी आने की संभावना, दाल-रोटी होगी सस्ती

**नई दिल्ली।**


देश में बुआई क्षेत्र बढ़ने और मौसम के अनुकूल रहने से रबी सीजन 2024-25 में गेहूं और चने के उत्पादन में बढ़ोतरी की उम्मीद है।गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन में 11.54 करोड़ टन तक की उम्मीद जताई जा रही है। इसके साथ ही चने की उम्मीद भी 1.15 करोड़ टन है, जो पिछले साल के उत्पादन से अधिक है। गेहूं की मुद्रास्फीति में भी वृद्धि का सूचना मिली है। इससे आटे की कीमतों में कमी की संभावना है। सरकार को भंडार भरने में मदद भी मिलेगी। लेकिन कम भंडार की वजह से बाजार में गेहूं की कीमतें बढ़ती जा रही हैं। सरसों के उत्पादन में थोड़ी कमी की सूचना भी है, जिससे खरीफ और रबी सीजन के कुल खाद्यान्न उत्पादन में भी हलचल है। केंद्र सरकार ने गेहूं के 3.2 करोड़ टन की खरीद का लक्ष्य रखा है।



# आरबीआई ने की भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देने की घोषणा

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक नियामकीय सुरक्षा के दायरे में न्यूनतम हस्तक्षेप वाले नियम सहित पेमेंट सिस्टम में इनोवेशन को बढ़ावा देने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) की पहुंच का विस्तार करने की भी बात की। मल्होत्रा ने डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह-2025 के उद्घाटन के मौके पर इस पहल को महत्वाकांक्षी घोषित किया। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक, सरकार, बैंक और भुगतान प्रणाली संचालक ने साथ मिलकर डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया का स्थायी लाभ देखा, लेकिन तब भी दिया कि अभी भी काम शेष है। आने वाले समय में उन्होंने तीन मुख्य क्षेत्रों पर काम करने का ऐलान किया - इनोवेशन को बढ़ावा देना, जागरूकता पैदा करना और अधिक कुशल सीमापार भुगतान को बढ़ावा देना। मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि आरबीआई सॉफ्ट टच नियमों के माध्यम से सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देते हुए नवाचार को प्रोत्साहित करता रहेगा। उन्होंने भुगतान परिवेश और




वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) के लिए कम हस्तक्षेप वाले दृष्टिकोण को अपनाने की भी बात की। उन्होंने कहा कि आरबीआई इन विनियमों के साथ अलग-अलग पहलुओं को संतुलित करने का प्रयास कर रहा है।

कुल मिलाकर भारतीय रिजर्व बैंक अपनी सुरक्षा और विनियमितता के साथ पेमेंट सिस्टम में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए नए कदम उठा रहा है। यह पहल भारत के डिजिटल भुगतान क्षेत्र को मजबूती देगी और उसे जागरूक और सुरक्षित बनाए रखने में मदद करेगी।

## थर्मैक्स केमिकल ने ओसीक्यू के साथ संयुक्त उद्यम बनाया

**नई दिल्ली ।**

थर्मैक्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी थर्मैक्स केमिकल सॉल्यूशंस ने ब्राजील की केमिकल कंपनी ओस्वाल्डो क्रूज क्यूमिका इंडस्ट्रिया ई कॉमर्सियो लिमिटेड (ओसीक्यू) के साथ एक विशेष शेयरधारक समझौता किया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। समझौते के अनुसार, थर्मैक्स नई इकाई में 51 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी रखेगी, जबकि ओसीक्यू के पास बाकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। कंपनी ने कहा कि संयुक्त उद्यम थर्मैक्स के मौजूदा संसाधनों, बुनियादी ढांचे और ग्राहक आधार का उपयोग करके ओसीक्यू द्वारा तैयार सामग्री का विनिर्माण, व्यापार, विपणन और बिक्री करेगा। गुजरात में थर्मैक्स के झगड़िया संयंत्र में ऐक्रेलिक रेजिन के साथ उत्पादन शुरू होगा। थर्मैक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष भंडारी ने कहा` कि ओसीक्यू अपने क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी है, और उनके साथ साझेदारी करने से हमें कई उद्योगों के लिए उच्च प्रदर्शन वाले रसायनों का निर्माण और वितरण करने में मदद मिलेगी।




## अमेजन ने दिव्यांग महिला विक्रेताओं का समर्थन करने यूथ4जॉब्स से साझेदारी की

**नई दिल्ली ।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने डिजिटल ई-कॉमर्स परिवेश में दिव्यांग महिला विक्रेताओं का समर्थन करने के लिए यूथ4जॉब्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। इसके तहत इन महिलाओं को जरूरी प्रशिक्षण, संसाधन और उपकरण दिए जाएंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि साझेदारी के तहत, अमेजन सहेली कार्यक्रम कार्यशालाओं का आयोजन करेगी। इस साझेदारी का मकसद दिव्यांग महिलाओं और व्यापक बाजार अवसरों के बीच की खाई को पाटना और उन्हें अपने व्यवसाय को ऑनलाइन बढ़ाने के लिए अमेजन मंच का लाभ लेने में मदद करना है। अमेजन इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि यूथ4जॉब्स के साथ हमारे सहयोग का उद्देश्य दिव्यांग महिलाओं को हमारे ई-कॉमर्स मंच पर सफल व्यवसाय बनाने के लिए उपकरण और अवसर देकर उनका समर्थन करना है। हमारा मानना है कि यह पहल एक अधिक समावेशी डिजिटल बाजार बनाने में सहायता करेगी।

## हिंदुस्तान जिंक ने सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ समझौता किया

**नई दिल्ली ।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने 530 मेगावाट तक हरित बिजली की आपूर्ति के लिए सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ समझौता किया है। इस बिजली आपूर्ति समझौते (पीडीए) के साथ हिंदुस्तान जिंक की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 450 मेगावाट से बढ़कर 530 मेगावाट हो जाएगी। इसके साथ ही कंपनी की कुल बिजली जरूरत में हरित ऊर्जा का योगदान 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। हिंदुस्तान जिंक ने शेयर बाजार को बताया कि यह अपनी तरह का पहला चौबीसों घंटे चलने वाला नवीकरणीय ऊर्जा पीडीए है, जो हर 15 मिनट में न्यूनतम 315 मेगावाट निर्बाध बिजली आपूर्ति की गारंटी देता है।

## सरकार ने उड़द शुल्क मुक्त आयात मार्च 2026 तक बढ़ाया

**नई दिल्ली ।** सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को 31 मार्च, 2026 तक एक और साल के लिए बढ़ा दिया है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च तक था। म्यामां भारत को उड़द का मुख्य निर्यातक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा` कि इस कदम से घरेलू बाजारों में दलहन कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में उड़द का आयात अप्रैल-नवंबर के दौरान 60.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें 54.9 करोड़ डॉलर का आयात म्यामां से किया गया। भारत, म्यामां के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड और ब्राजील से उड़द का आयात करता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा उड़द उत्पादक और उपभोक्ता है।

## इंडसइंड बैंक का शेयर 23 फीसदी टूटा

**नई दिल्ली ।** इंडसइंड बैंक के शेयर में मंगलवार को सुबह के कारोबार में 23 फीसदी की गिरावट आई। लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ इंडसइंड बैंक का शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। निजी क्षेत्र के बैंक ने अपने वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो में कुछ विसंगतियों की सूचना दी थी, जिसके चलते यह गिरावट हुई। बीएसई पर इंडसइंड बैंक का शेयर 22.8 फीसदी गिरकर 695.25 रुपये प्रति शेयर के निचले सर्किट पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 21.67 फीसदी गिरकर 705.35 रुपये प्रति शेयर के 52 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। इंडसइंड बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया था कि उसके वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो से संबंधित प्रक्रियाओं की आंतरिक समीक्षा के दौरान, उसने कुछ विसंगतियां पाईं। बैंक ने कहा कि उसने विस्तृत आंतरिक समीक्षा में दिसंबर 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति पर लगभग 2.35 प्रतिशत के प्रतिकूल प्रभाव का अनुमान लगाया है।

## सेबी ने एसएमई आईपीओ के नियम किए सख्त

**मुंबई ।** सेबी ने छोटे व मझोले उद्योगों (एसएमई) के लिए आईपीओ लाने के नियमों का सख्त कर दिया है। इसके मुताबिक इश्यू लाने वाली कंपनियों का पिछले तीन वित्त वर्षों में से दो वित्त वर्ष में परिचालन मुनाफा लगभग एक करोड़ रुपये होना चाहिए। साथ ही, ऑफर फॉर सेल के तहत प्रमोटर्स 20 फीसदी से ज्यादा हिस्सा नहीं बेच सकते हैं। सेबी ने सर्कुलर में कहा कि एसएमई आईपीओ के लिए न्यूनतम आवेदन आकार को बढ़ाकर दो लॉट किया गया है। विक्रेता शेयरधारकों को अपनी मौजूदा हिस्सेदारी के 50 फीसदी से अधिक बिक्री की अनुमति नहीं होगी। नियमों को सख्त करने का मकसद निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड वाले एसएमई को फंड जुटाने का मौका देना है। सर्कुलर के मुताबिक आईपीओ लाने वाली कंपनियों को समाचार पत्रों में घोषणाएं प्रकाशित करने और मसौदे तक आसान पहुंच के लिए क्यूआर कोड भी देना होगा। एसएमई आईपीओ में सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्य के लिए आवंटित राशि कुल निर्गम आकार का 15 फीसदी या 10 करोड़ रुपये, जो भी कम हो पर सीमित की गई है। निर्गम से प्राप्त आय से कर्ज चुकाने की अनुमति नहीं होगी। पाम तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने साबुन के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। कीमतों में वृद्धि धीरे-धीरे होगी। कंपनी ने कहा, पाम तेल के महंगे होने से उसके मार्जिन पर असर दिख रहा है। हाल के महीनों में शीर्ष उत्पादक इंडोनेशिया और मलेशिया में बाढ़ के कारण पाम तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है। इससे उपभोक्ता सामान बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों को उत्पादों की कीमतें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

# शेयर बाजार में सपाट कारोबार

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिय भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली से आई है। आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला बीच में उसमें रिकवरी हुई पर अंत में इसके बाद भी बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 12.85 अंक तकरीबन 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 74,102.32 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी अंत में 37.60 तकरीबन 0.17 फीसदी बढ़कर 22,497.90 पर बंद हुआ।

बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.7 फीसदी की बढ़त रही जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.7 फीसदी की गिरावट आई। निफ्टी में सबसे ज्यादा सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, श्रीराम फाइनेंस और बीपीसीएल के शेयर ऊपर आये। वहीं इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड कॉर्प और एमएंडएम के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई पर 2,469 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,499 शेयरों में बढ़त रही।

धातु , संपत्ति, टेलीकॉम, ऑयल एंड गैस में 0.5 से 3 फीसदी तक की बढ़त रही जबकि




ऑटो, आईटी और बैंक सेक्टर में 0.3 से 0.7 फीसदी की गिरावट रही। बाजार जानकारों ने कहा, ÷अमेरिका और अन्य एशियाई बाजारों में चल रहे ट्रेड वॉर और आर्थिक मंदी की चिंताओं से हुई भारी बिकवाली के बाद भी घरेलू बाजार धीरे-धीरे संभल रहा है।÷

वहीं एशियाई बाजारों में, टोक्यो और सियोल निचले स्तर पर बंद हुए, जबकि हांगकांग स्थिर रहा। शंघाई स्टॉक मार्केट हरे निशान में बंद हुआ। अमेरिकी बाजारों में गिरावट रही। एसएंडपी 500 में 2.6 फीसदी और नैस्डैक में 4 फीसदी की गिरावट रही। वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 485.41 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 263.51 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। इससे पहले आज सुबह अमेरिकी और एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट की वजह से भारतीय बाजार की शुरुआत भी कमजोर रही। बीएसई सेंसेक्स 371 अंकों की गिरावट के साथ 73,744 पर खुला। एनएसई निफ्टी50 भी 100 अंक से ज्यादा टूटकर 22,346 पर कारोबार शुरू किया।

# एलन मस्क की संपत्ति में भारी गिरावट

## 301 अरब डॉलर रह गई, कुछ हफ्तों में 132 अरब डॉलर घटी दौलत

**वाशिंगटन ।**

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की कुल संपत्ति 301 अरब डॉलर हो गई है। हालांकि, उनकी नेटवर्थ में सोमवार को 29 अरब डॉलर की भारी गिरावट दर्ज की गई। इस साल की शुरुआत से अब तक उनकी संपत्ति में 132 अरब डॉलर की गिरावट आ चुकी है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार दिसंबर 2024 में उनकी कुल संपत्ति 486 अरब डॉलर के शिखर पर थी, लेकिन सोमवार को ही उनकी नेटवर्थ में 29 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई। मस्क की संपत्ति में आई गिरावट का मुख्य कारण टेस्ला के शेयरों में गिरावट, निवेशकों की चिंता और प्रमुख बाजारों में बिक्री में कमी को माना जा रहा है। हालांकि, वे अकेले नहीं हैं जो इस वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं। अमेजान प्रमुख जेफ बेजोस, अल्फावेट के पूर्व प्रेसिडेंट सर्गेई ब्रिन, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और एलवीएमएच के सीईओ बर्नार्ड अरनॉल्ट सहित कई अरबपतियों की संपत्ति घटी है। इन अरबपतियों ने डॉनल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से अब तक 209 अरब डॉलर गंवा दिए हैं। बाजार में गिरावट और अमेरिका की सरकारी नीतियों में अस्थिरता को इसकी बड़ी वजह माना जा रहा है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की संपत्ति में गिरावट जारी है। इसकी बड़ी वजह उनके राजनीतिक विचार और अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख के रूप में उनकी भूमिका मानी जा रही है। मस्क के इन फैसलों का सीधा असर टेस्ला की बिक्री पर पड़ा है। जर्मनी में कंपनी की ऑर्डर बुक 70 फीसदी से ज्यादा गिर गई है। वहीं चीन से होने वाली टेस्ला की शिपमेंट में भी 49 फीसदी की भारी गिरावट आई है, जो जुलाई 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर है। इसके अलावा, चुनाव के बाद टेस्ला के शेयरों में जो थोड़ी बढ़त देखी गई थी, वह भी खत्म हो गई है। निवेशकों का भरोसा भी कमजोर हो रहा है, जिससे मस्क की नेटवर्थ में गिरावट जारी है। एमेजना के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन जेफ बेजोस की संपत्ति में 29 अरब डॉलर की गिरावट आई है। यह गिरावट तब आई जब अमेज़न के शेयर 14 फीसदी टूट गए, जिसका असर बेजोस की नेटवर्थ पर पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक बेजोस ने डॉनल्ड ट्रंप के उद्घाटन समारोह के लिए 1 मिलियन डॉलर डोनेट किए थे, लेकिन बदलती सरकारी नीतियों और बाजार की अनिश्चितता की वजह से उनकी संपत्ति में भारी गिरावट देखी गई। मेटा के शेयर 2025 में शुरू में बढ़े, लेकिन बाद में सारे फायदे मिट गए। इस उतार-चढ़ाव की वजह से मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में 5 अरब डॉलर की कमी आई। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फावेट के पूर्व अध्यक्ष और सह-संस्थापक सर्जरी ब्रिन को भी बड़ा झटका लगा है।

## अक्टूबर-दिसंबर में जापान की अर्थव्यवस्था 2.2 फीसदी दर से बढ़ी

**टोक्यो ।** जापान ने वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 2.8 प्रतिशत से घटाकर 2.2 प्रतिशत वार्षिक कर दिया है। जापान के मंत्रिमंडल कार्यालय ने कहा कि उपभोक्ता खर्च में कमी से मांग प्रभावित हुई। सरकार का कहना है कि अर्थव्यवस्था में सामान्य सुधार हो रहा है। तिमाही आधार पर मौसमी रूप से समायोजित वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 0.6 प्रतिशत बढ़ा। पहले इसके 0.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान था। समीक्षाधीन अवधि में निजी मांग में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई।






# एसबीयू : नर्सिंग बिभाग में लैंप लाइटिंग आउर सपथ ग्रहन समारोह कर आयोजन



**रांची।** महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी (सरला बिरला यूनिवर्सिटी) रांची में लैंप लाइटिंग आउर सपथ ग्रहन समारोह कर आयोजन 11 मार्च के करल गेलक। ई अवसर में दीप प्रज्ज्वलित कइर के आउर फ्लोरेंस नाइटिंगल के श्रद्धा सुमन अर्पित करते कार्जकरम कर सुभारंभ करल गेलक। बिद्यार्थीमन मानव सेवा, दृढ़ता, कर्तब्यनिष्ठा आउर समर्पन कर भावना राखेक कर सपथ लेलयं।

कार्जकरम में आपन उदगार ब्यक्त करते मुध गोतिया झारखंड सरकार कर मुध निदेसक (स्वास्थ्य सेवा) डॉ. चंद्र किशोर शाही कहलयं कि आइज कर दौर में अस्पताल में नर्समन कर भूमिका चिकित्सकमन कर मुकाबला बेसी होय चुइक हे। मरीज कर सेवा-सुश्रुषा से लेइ के इलाज तक कर अहम जिम्मेवारी नर्समन कर होवेला। पहिले नर्सिंग कर पेसा के लेइ के सउब अदमी कर नजरिया नकारात्मक रहत रहे। आइज अदमीमन ई पेसा से जुड़ल अदमी कर सम्मान करयंना। नर्सिंग कर मूल मंत्र 'सेवा' कर भावना के ऊ पवित्र बतालयं।

कार्जकरम में बिसिस्ट गोतिया केंद्रीय मनःचिकित्सा संस्थान कर निदेसक डॉ. वी.के. चौधरी नर्समन कर भूमिका उपरे परकास डाललयं। ऊ बतालयं कि एगो नर्स ले मानव सेवा से बइढ़ के केऊ सेवा नई होवेला। ऊ नर्समन के अस्पताल कर रीढ़ करार देलयं।

सरला बिरला विश्वविद्यालय कर महानिदेसक प्रो. गोपाल पाठक समाज में नर्समन कर जोगदान कर चर्चा करलयं। ऊ कहलयं कि नर्समन के ईश्वर ने ही मानवता कर सेवा करेक ले भेइज हयं। कुलपति प्रो. सी. जगनाथन आपन संबोधन में मानव सेवा के ही ईश्वर कर सेवा करार देलयं। सेवा कर भावना के आत्मसात् कइर के आपन जिनगी समर्पित करेक ले नर्समन कर ऊ आभार बेक्त करलयं।

ई अवसर में विवि कर कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह, बिभाग कर प्राचार्या डॉ. सुभानी बाड़ा आउर नर्सिंग आउर योग बिभाग कर प्रसासक आशुतोष द्विवेदी बिचार राखलयं। कार्जकरम में सोवागत बिभाग कर एसोसिएट प्रोफेसर प्रफुल्लो बारजो आउर धन्यवाद उप प्राचार्या श्रीमती मीनल श्वेता करलयं। ई अवसर में बिद्यार्थीमन कर द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्जकरम भी प्रस्तुत करल गेलक। ई आयोजन ले विवि कर कुलाधिपति बिजय कुमार दलान आउर राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा आपन सुभकामना प्रेसित करलयं।

# श्री श्याम मित्र मंडल कर स्थापना दिवस सह रंग रंगीला फागुन महोत्सव कर समापन





- पहिले ज्योत लेवेक ले दरबार में पांइत लगाय के रहयं सैकड़ों भक्त
- महाभंडारा में 15 हजार से बेसी अदमीमन परसाद करलयं ग्रहन

सोनू सपरवार

**रांची।** हरमू रोड कर श्री श्याम मंदिर में बिहाने पट खुलतेहे एकादसी संकीर्तन में सामिल सैकड़ों भक्तमन आउर नियमित श्याम प्रेमीमन बाबा कर दरसन कइर के मंगला आरती करलयं। मंगला आरती कर बाद बाबा कर पट श्रृंगार ले कुछ देर ले लगाल गेलक। एक धांव फिर श्रृंगार कइरके पट के श्रृंगार आरती कर बेरा खोइल के आरती करल गेलक।

बाबा कर बड़ी द्वादशी कर सुभ अवसर में जेपी सिंघानिया आपन परिवार कर संगे अखंड ज्योति प्रज्वलित करलयं। पहिले ज्योत लेवेक ले दरबार में सैकड़ों कर संख्या में भक्त पांइत में लागल रहयं। निरंतर अखंड ज्योति कर कार्जकरम राइत तक चलते रहे। हजारों भक्तमन अखंड ज्योति में आहुति देइ के आपन मनोकामना कर अर्जी लगालयं।

अखंड ज्योति कर संगे सैकड़ों भक्तमन महाभोग पूर्ण सवामणि भोग फल सवामणि भोग मेवा सवामणि भोग बाबा श्याम के भोग अर्पित करलयं। मंडल अध्यछ सुरेश सरावगी 12.30 बजे श्याम बाबा के रसोई कर भोग लगालयं। सांझ 4:30 बजे से आमजन ले महाभंडारा कर आयोजन करल गेलक, जे देइर राइत तक निरंतर चलते रहे। लगभग 15,000 से बगरा अदमीमन ई भंडारा में प्रसाद प्राप्त करलयं।

सांझ कर 6:15 बजे बाबा कर द्वादशी संकीर्तन सुरु होलक। संकीर्तन में मंडल कर सदस्य आउर स्थानीय कलाकारमन बाबा कर दरबार में हाजिरी लगालयं। श्याम मित्र मंडल कर श्रवण ढानढनिया, श्यामसुंदर शर्मा, सलज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल मोनू, पवन शर्मा, मदन सोनी, राजन जोशी, रवि जोशी, विभोर डागा, तनय काठपाल संगे आउर अदमीमन बाबा कर दरबार में भजन कर हाजिरी लगाय के भक्तमन के भावबिभोर करलयं। महाभंडारा कर प्रसाद में छप्पन भोग चूरमा, खीर, प्रसाद पूड़ी, चना कर सब्जी कर बितरन करल गेलक।

राइत कर 9:30 बजे कर आसपास महाआरती कर संगे श्री श्याम मित्र मंडल कर 53वां स्थापना दिवस सह रंग रंगीला फागुन महोत्सव कर समापन होलक। महोत्सव कर आयोजन में अध्यछ सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, संयोजक श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, उपमंत्री अनिल नारनौली, आदित्य लोहिया, स्नेह पोद्दार, रतन शर्मा, राजेश कटारुका, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान, सर्वेश अग्रवाल, प्रकाश सरावगी, किशन शर्मा, विशाल पोद्दार में अहम भूमिका निभालयं।

## फिलमी गीत से गुलज़ार होलक बिरसा मुंडा फन पार्क

- मां शारदा संगीत संस्थान कर बिद्यार्थीमन देलयं प्रस्तुति

**रांची।** निर्मल महतो चौक कर सामने इस्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में 'मेरी आवाज' कार्जकरम कर आयोजन 11 मार्च के करल गेलक। इकर तहत मां शारदा संगीत संस्थान कर बिद्यार्थीमन आपन गीत कर प्रस्तुति देलयं। कार्जकरम कर आयोजन बिरसा मुंडा फन पार्क, मां शारदा संगीत संस्थान आउर रिलेशंस कर दन से करल जाय रहे। ई मौका में उभरत गायक अंचल भारद्वाज अभी अभी तो मिले हो, क्या मुझे प्यार है, तू ही ये मुझको बता दे, मिलने है मुझसे आई गीतमन के गाय के जुवामन के झूमेक ले मजबुर कइर देलयं। गायिका निशा कुमारी तुम्हीं मेरे मंदिर, मेरे घाघरे में, गायक अंश ने पानी द रंग आउर गायिका श्रेया लबों को लबों पे गीत गाय के श्रोतामन के मुरुक झुमालयं।

ई अवसर में गायकमन के उनकर म्यूजिसियन सौरभ कुमार गिटारिस्ट, अंकित गिटारिस्ट, आदित्य क्लैपबॉक्स भरपूर सहजोग देलयं। कार्जकरम कर समापन में मुध गोतिया डीएवी गांधीनगर इस्कूल कर प्राचार्य प्रदीप कुमार झा सउब कलाकारमन के अंगवस्त्र आउर उपहार देइ के सम्मानित करलयं। ई अवसर में जेल पार्क कर संचालक आर्यन चोपड़ा, रिलेशंस कर निदेसक आशुतोष द्विवेदी आउर मां शारदा संगीत संस्थान कर सचिव अजय कुमार संगे अन्य मौजूद रहयं।

कार्जकरम के सफल बनायेक में कुंदन सोनी, अभिषेक कुमार, मुन्ना दास कर महतपूर्न सहजोग रहे। ई जानकारी हरीश कुमार देलयं।




# ईएसआईसी बिसेस सेवा पखवाड़ा कर संगे मनालक अंतर्रास्ट्रीय महिला दिवस






**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) मुख्यालय ईएसआईसी बिसेस सेवा पखवाड़ा कर संगे-संगे अंतर्रास्ट्रीय महिला दिवस-2025 सोमार के मनालक। ईएसआईसी मुख्यालय में आयोजित ई कार्जकरम कर माध्यम से एगो ससक्त अवसर कर रूप में महिला करमचारी आउर लाभार्थीमन कर अधिकार, मान्यता आउर कल्यान के आगे बढ़ायेक ले संगठन कर निरंतर प्रतिबद्धता के रेखांकित करल गेलक।

ई बछर कर अंतर्रास्ट्रीय महिला दिवस कर बिसय ₹कार्रवाई में तेजी लानेकर₹, लैंगिक समानता के बढ़ावा देवेक आउर आपन प्रारूप कर भीतर समावेसी बिकास के बढ़ावा देवेक ले ईएसआईसी कर निरंतर प्रयास से गहराई से जुड़ल आहे। बरिस्ठ ईएसआईसी अधिकारीमन आउर गोतिया बक्तामन सउब छेतर में महिलामन ले समान अवसर बनायेक कर महतपूर्न महत कर संदर्भ में प्रेरक संदेस देलयं। अंतर्रास्ट्रीय महिला दिवस कर सम्मान में आयोजित बिभिन्न प्रतिजोगिता में भाइग लेवेक वाला महिला करमचारीमन के भी उनकर जोगदान ले चिन्हित करते उनके सम्मानित करल गेलक।




24 फरवरी से 10 मार्च, 2025 तक संचालित करल गेल ईएसआईसी बिसेस सेवा पखवाड़ा कर एगो सक्रिय पहल कर उद्देस सोवास्थ्य सेवा, सामाजिक सुरछा आउर कल्यान सेवा के बीमित श्रमिकमन कर घर से जोड़ेक रहे। ई अवधि कर दौरान, ईएसआईसी जागरुकता बढ़ाते बीमित श्रमिकमन आउर उनकर परिवारवाला मन के लाभ पहुंचायेक ले जरुरी सेवा परदान करलयं। अंतर्रास्ट्रीय महिला दिवस कर महोत्सव आउर ईएसआईसी बिसेस सेवा पखवाड़ा कर समापन भी सउब ईएसआईसी छेतरीय कार्जालय, अस्पताल आउर चिकित्सा संस्थान में मनाल गेलक। इकर में समाज के आकार देवेक में महिलामन कर महतपूर्न भूमिका उपरे जोर देल गेलक। ई कार्जकरम में महिलामन कर सोवास्थ्य, ससक्तिकरन आउर अवसर तक उनकर समान पहुंच कर समर्थन करेक कर निरंतर महत कर उल्लेख करल गेलक।

ई कार्जकरम में ईएसआईसी कर महानिदेसक अशोक कुमार सिंह, बित्त आयुक्त सुश्री टीएल यादेन, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय कर प्रो. पूनम कुमारी, प्रख्यात लेखिका सुश्री रेणु सैनी, ईएसआईसी मुख्यालय कर बरिस्ठ अधिकारी आउर करमचारी उपस्थित रहयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com